निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)

निदेशक मंडल की 63वीं वार्षिक रिपोर्ट
31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन-पत्र और लेखे

मिशन

लघु जमाकर्ताओं का विशेष रूप से ध्यान रखते हुए निक्षेप बीमा के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना।

विज़न

एक सक्षम और प्रभावी जमा बीमा प्रदाता के रूप में पहचान बनाना जो पणधारकों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील हो।

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रेषित पत्र i

भारत सरकार को प्रेषित पत्र ii

निदेशक मंडल iii

संगठन की संरचना iv

निगम की संपर्क सूचना v

निगम के प्रमुख अधिकारी vi

संक्षेपाक्षर ..... vii-viii

2024-25 एक नज़र में viii

विशेषताएं ..... x-xiv

1. डीआईसीजीसी का विहंगावलोकन 1-7

परिचय 1

इतिहास 1

संस्थागत कवरेज 2

बैंकों का पंजीकरण 2

बीमा कवरेज 2

सुरक्षा प्रदत्त जमा राशियों के प्रकार 3

बीमा प्रीमियम 3

पंजीकरण रद्द करना 3

बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण 3

दावों का निपटान 4

निपटाए गए दावों की वसूली 5

निधि, लेखे और कराधान 5

2. प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण 8-23

परिचय 8

वर्ष के दौरान बोर्ड स्तर पर प्रमुख गतिविधियां 9

बैंकों का पंजीकरण/विपंजीकरण 10

कवरेज 11

निधि के स्रोत और उपयोग 15

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

दावा भुगतान 16
वसूली 17
जन जागरूकता अभियान को मजबूत करना 17
जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली 18
व्यवसाय प्रक्रिया रीइंजीनियरिंग: कार्य प्रक्रिया का स्वचालन 21
आईएडीआई और अन्य जमा बीमाकर्ताओं के साथ जुड़ाव 21
निष्कर्ष और आगे की राह 22

3. जमा बीमा में वैश्विक गतिविधियां 24-30
परिचय 24
अधिदेश 24
जमा बीमा का कवरेज 24
निधि के स्रोत 26
निधियों का उपयोग 26
प्रतिपूर्ति 27
चुनिंदा जमा बीमाकर्ताओं द्वारा वित्तीय स्थिति का प्रतिनिधित्व - तुलना 27
जमा बीमा: उभरते रुझान 28
निष्कर्ष और आगे की राह 30

4. निदेशक मंडल की रिपोर्ट 31-40
भाग I: परिचालन और कार्यपद्धति 31
निक्षेप बीमा योजना 31
निक्षेप बीमा निधि 32
निक्षेप बीमा दावों का निपटान 33
दावे और पुनर्भुगतान 33
कोर्ट मामले 34
ऋण गारंटी योजनाएं 34
भाग II: अन्य महत्वपूर्ण पहलें/प्रगति 34
वसूली प्रबंधन से संबंधित उपाय 34
जन जागरूकता / संचार नीति और कार्यनीति 35

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

भाग III: लेखा विवरण..... 35

बीमा देयताएं..... 35

वर्ष के दौरान राजस्व..... 35

संचित अधिशेष..... 36

निवेश..... 36

कराधान..... 36

भाग IV: ट्रेजरी परिचालन..... 36

भाग V: संगठनात्मक मामले 37

निदेशक मंडल..... 37

निदेशकों का नामांकन / सेवानिवृत्ति..... 38

बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति..... 38

आंतरिक नियंत्रण 38

प्रशिक्षण और कौशल विकास 38

स्टाफ संख्या 39

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 39

हिंदी का प्रयोग..... 39

निगम में शिकायत निवारण कक्ष..... 39

अंतर्राष्ट्रीय संबंध 39

लेखापरीक्षक..... 40

बॉक्स

बॉक्स 2.1: पूर्वदत्त लिखतों के लिए जमा बीमा..... 12

बॉक्स 2.2: जोखिम निगरानी ढांचा..... 18

बॉक्स 2.3: जमा बीमा के लिए परिचालन जोखिम रिज़र्व..... 19

बॉक्स 2.4: जयपुर, भारत में आईएडीआई-एपीआरसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 12-14 अगस्त, 2024..... 21

बॉक्स 3.1: वित्तीय विवरणों का प्रतिनिधित्व..... 28

बॉक्स 3.2: जमाराशि डेटा निगरानी और जोखिम मूल्यांकन के लिए प्रौद्योगिकी और एआई का लाभ उठाना..... 29

विषय सूची

पृष्ठ संख्या

परिशिष्ट सारणियाँ

1	निक्षेप बीमा योजना में शामिल बैंक - स्थापना के बाद से प्रगति	41
2ए	बीमाकृत बैंक - बैंक समूहवार	43
2बी	बीमाकृत सहकारी बैंक - राज्यवार	44
3	वर्ष 2024-25 के दौरान पंजीकृत / विपंजीकृत बैंक	45
4	जमाराशि की सुरक्षा की सीमा: स्थापना के बाद से	46
5	बैंक समूह-वार बीमाकृत जमाराशियाँ	47
6	2024-25 के दौरान निपटाए गए जमा बीमा दावे (परिसमाप्त/विलय किए गए बैंक)	50
6ए	2024-25 के दौरान निपटाए गए जमा बीमा दावे (सर्व समावेशी निदेशों के तहत बैंक)	51
7	आकस्मिक देयता के अंतर्गत किया गया प्रावधान	52
7ए	आकस्मिक देयता के अंतर्गत किया गया प्रावधान - एआईडी के तहत बैंक	52
8	निपटाए गए बीमा दावे और प्राप्त चुकौतियाँ - 31 मार्च 2025 तक परिसमाप्त/समामेलित/पुनर्निर्मित सभी बैंक	53
8ए	बीमा दावों का निपटारा और प्राप्त चुकौती - सर्व-समावेशी निदेशों (एआईडी) के तहत रखे गए बैंक, 31 मार्च 2025 तक	73
8बी	त्वरित निपटान योजना के तहत निपटाए गए बीमा दावे - 31 मार्च 2025 तक	75

5. लेखापरीक्षक की रिपोर्ट 76

6. तुलन पत्र और लेखे 80

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
Since 1961 भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी (Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org.in

केंका.डीआईसीजी.सवि.सं.S428/01.01.016/2025-26 20 जून 2025

प्रेषण पत्र
(भारतीय रिज़र्व बैंक को)

मुख्य महाप्रबंधक एवं सचिव
सचिव विभाग
भारतीय रिज़र्व बैंक
केंद्रीय कार्यालय
केंद्रीय कार्यालय भवन
शहीद भगत सिंह मार्ग
मुंबई – 400 001

महोदय,

31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए निगम का तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में, निदेशक मंडल द्वारा मुझे निदेशित हुआ है कि मैं निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि अग्रेषित करूं:

i. 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम का तुलन-पत्र तथा लेखे, और

ii. 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट।

2. उपर्युक्त (i) और (ii) में उल्लिखित दस्तावेज निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अंतर्गत यथा अपेक्षित भारत सरकार को प्रस्तुत किए गए हैं।

3. निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियां यथासमय आपको भेजी जाएंगी।

भवदीय,

(डॉ. मंगेश वाई. सोरते)
महाप्रबंधक

अनु.: यथोक्त

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
Since 1961 भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी (Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org.in

केंका.डीआईसीजी.सवि.सं.S427/01.01.016/2025-26 20 जून 2025

प्रेषण पत्र
(भारत सरकार को)

सचिव, भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएँ विभाग
जीवनदीप भवन
संसद मार्ग
नई दिल्ली - 110 001

महोदय,

31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए निगम का तुलन-पत्र, लेखे तथा निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के उपबंधों के अनुसरण में, निदेशक मंडल द्वारा मुझे निदेशित हुआ है कि मैं निम्नलिखित दस्तावेजों की एक-एक हस्ताक्षरित प्रतिलिपि अग्रेषित करूं:

i. 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट सहित निगम का तुलन-पत्र तथा लेखे, और

ii. 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट।

इसकी पांच प्रतियां संलग्न हैं।

2. उपर्युक्त (i) और (ii) में उल्लिखित सामग्री की प्रतियां (अर्थात, तुलन-पत्र, लेखे और निगम की कार्यपद्धति संबंधी रिपोर्ट) भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की गई हैं।

3. हमें कृपया यह सूचित किया जाए कि उपरोक्त दस्तावेज *पूर्वोक्त* अधिनियम की धारा 32(2) के अधीन संसद के प्रत्येक सदन (*अर्थात* लोक सभा और राज्य सभा) के समक्ष किस तिथि/तिथियों को रखे गए हैं। निगम की वार्षिक रिपोर्ट की मुद्रित प्रतियां आपको यथासमय प्रेषित की जाएंगी।

भवदीय,

(डॉ. मंगेश वाई. सोरते)
महाप्रबंधक

अनु.: यथोक्त

निदेशक मंडल*

अध्यक्ष	
डॉ. एम. डी. पात्र **उप गवर्नर** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (31 मार्च 2020 से 14 जनवरी 2025 तक)
श्री स्वामीनाथन जे **उप गवर्नर** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ए) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (15 जनवरी 2025 से)
निदेशक	
श्री आर. लक्ष्मीकांत राव **कार्यपालक निदेशक** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (10 मई 2024 से 30 जून 2024 तक)
श्री अर्णब कुमार चौधरी **कार्यपालक निदेशक** **भारतीय रिज़र्व बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(बी) के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नामित (1 जुलाई 2024 से)
श्री पंकज शर्मा **संयुक्त सचिव** **वित्त मंत्रालय** **वित्तीय सेवाएं विभाग** **भारत सरकार**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(सी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (1 अप्रैल 2022 से)
श्री शाजी के. वी. **अध्यक्ष** **राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (15 फरवरी 2023 से)
डॉ. तरुण अग्रवाल	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(डी) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (10 जुलाई 2024 से)
प्रो. पार्थ रे **निदेशक** **राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान**	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 6(1)(ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा नामित (10 जुलाई 2024 से)

* 30 जून 2025

संगठन की संरचना*


अध्यक्ष (निदेशक मंडल)
लेखापरीक्षा समिति
सांविधिक लेखा परीक्षक
जोखिम प्रबंधन समिति
कार्यपालक निदेशक
मुख्य महाप्रबंधक
निदेशक (ई)
सचिव विभाग (आईएडीआई);
अनुसंधान, नीति और सूचना कक्ष;
एसीपीआईओ;
संचार कक्ष
महाप्रबंधक
वसूली प्रबंधन कक्ष;
विधि कक्ष
महाप्रबंधक
सचिव विभाग (बोर्ड);
सीपीआईओ;
लेखा और कराधान विभाग
महाप्रबंधक
मानव संसाधन प्रबंध विभाग;
लेखा परीक्षा बजट समन्वयन कक्ष एवं
समाधान;
राजभाषा
उप महाप्रबंधक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग;
ट्रेजरी बैक ऑफिस;
परियोजना प्रबंधन कक्ष
उप महाप्रबंधक
बीमा परिचालन विभाग;
ट्रेजरी फ्रंट ऑफिस
निदेशक (डी)
सूचना प्रबंधन और डेटा एनालिटिक्स कक्ष;
जोखिम प्रबंधन कक्ष;
ट्रेजरी मिड ऑफिस
उप महाप्रबंधक
शिकायत निवारण कक्ष;
दावा निपटान विभाग;

निगम की संपर्क सूचना *

टेलीफोन नंबर

+91-22-2302-8237 बीमा परिचालन विभाग
+91-22-2302-8236 दावा निपटान विभाग
+91-22-2302-8244 वसूली प्रबंधन कक्ष
+91-22-2302-8260 सचिव विभाग और आरटीआई कक्ष

प्रधान कार्यालय **निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम**

भारतीय रिज़र्व बैंक भवन, 2रा तल, मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने, भायखला, मुंबई – 400 008, भारत

मुख्य महाप्रबंधक	cgmdicgc@rbi.org.in	+91-22-2302-8000
निदेशक (ई)	arunvishnukumar@rbi.org.in	+91-22-2302-8207
महाप्रबंधक	rkrajkumar@rbi.org.in	+91-22-2302-8209
महाप्रबंधक	mysorte@rbi.org.in	+91-22-2302-8201
महाप्रबंधक	pawanjeetkaur@rbi.org.in	+91-22-2302-8206
उप महाप्रबंधक	sangita@rbi.org.in	+91-22-2302-8205
उप महाप्रबंधक	sunurajan@rbi.org.in	+91-22-2302-8226
निदेशक (डी)	msadki@rbi.org.in	+91-22-2302-8280
उप महाप्रबंधक	amitkumargupta@rbi.org.in	+91-22-2302-8219

ईमेल : dicgc@rbi.org.in

वेबसाइट : www.dicgc.org.in

*30 जून 2025 के अनुसार

निगम के प्रमुख अधिकारी *

कार्यपालक निदेशक

श्री अर्णब कुमार चौधरी

मुख्य महाप्रबंधक

श्री अनूप कुमार

अन्य वरिष्ठ अधिकारी

श्री एन. अरुण विष्णु कुमार	*निदेशक 'ई', सचिव (आईएडीआई)*
श्री राज कुमार	*महाप्रबंधक*
श्री मंगेश वाई. सोरते	*महाप्रबंधक, सचिव (बोर्ड), सीपीआईओ*
श्रीमती पवनजीत कौर ऋषि	*महाप्रबंधक*
श्रीमती संगीता ई.	*उप महाप्रबंधक*
श्री सुनु राजन	*उप महाप्रबंधक*
श्री मधुसूदन एस. अडकी	*निदेशक 'डी'*
श्री अमित कुमार गुप्ता	*उप महाप्रबंधक*

बैंकर्स

भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई

लेखापरीक्षक

मैसर्स जैन चौधरी एंड कं.
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
104, मॉडल रेजीडेंसी,
बी. जे. मार्ग, जैकब सर्कल, महालक्ष्मी
मुंबई-400 011, भारत

* 30 जून 2025 के अनुसार

संक्षेपाक्षर

एसीबी	:	बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति
एआई	:	कृत्रिम बुद्धिमता / आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
एआईडी	:	सर्व समावेशी निदेश
एआईटी	:	अग्रिम आयकर
एपीआरसी	:	एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समिति
एएस	:	लेखांकन मानक
बीए	:	व्यवसायिक क्षेत्र
सीए	:	चार्टर्ड एकाउंटेंट
सीईएसटीएटी	:	सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क एवं सेवा कर अपीलीय अधिकरण
सीजीसीआई	:	क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
सीजीएफ	:	ऋण गारंटी निधि
सीओ	:	केंद्रीय कार्यालय
सीपीजीआरएएमएस	:	केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली
सीपीपीवाई	:	पिछले वर्ष भुगतान किए गए दावे
सीआरसी	:	शिकायत निवारण कक्ष
सीआरसीएस	:	सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार
सीएसएए	:	नियंत्रण और स्व-मूल्यांकन लेखापरीक्षा
डीसीसीबी	:	जिला केंद्रीय सहकारी बैंक
डीएफएस	:	वित्तीय सेवाएं विभाग
डीआई	:	जमा बीमा
डीआईसी	:	जमा बीमा निगम
डीआईसीजीसी	:	निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
डीआईसीजे	:	डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ जापान
डीआईएफ	:	निक्षेप बीमा निधि
डीआईएफआर	:	निक्षेप बीमा निधि अनुपात
डीओआर	:	विनियमन विभाग
डीओएस	:	पर्यवेक्षण विभाग
ईडी	:	कार्यपालक निदेशक
ईआरएम	:	उद्यम जोखिम प्रबंधन
ईडब्ल्यूआरएम	:	उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन
एफबी	:	विदेशी बैंक
एफआईएमएमडीए	:	फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया
एफपीएआर	:	पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात
एफवाई	:	वित्तीय वर्ष
जीएएपी	:	आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांत
जीडीपी	:	सकल घरेलू उत्पाद
जीएफ	:	सामान्य निधि
जीएसटी	:	माल एवं सेवा कर
आईएडीआई	:	इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स
आईसीएआई	:	इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया
आईसीडीएस	:	आय की गणना और प्रकटीकरण मानक
आईडीएल	:	अंतर्दिवसीय चलनिधि
आईडीआर	:	बीमाकृत जमा अनुपात
आईएफआर	:	निवेश उच्चावचन रिज़र्व
आईआरएमसी	:	निवेश और जोखिम प्रबंधन समिति
केवाईसी	:	अपने ग्राहक को जानो
एलएबी	:	स्थानीय क्षेत्र के बैंक
एमडी-पीपीआई	:	पूर्वदत्त भुगतान लिखतों के निर्गमन एवं परिचालन से संबंधित मास्टर निदेश
एनएसीएच	:	राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह
पीबी	:	भुगतान बैंक
पीपीआई	:	पूर्वदत्त भुगतान लिखत
पीपीआई-एमटीएस	:	मास ट्रांजिट सिस्टम के लिए पीपीआई

पीएसबी	:	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक
पीवीबी	:	निजी क्षेत्र के बैंक
आरबीआई	:	भारतीय रिज़र्व बैंक
आरबीआईए	:	जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा
आरसीएस	:	सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार
रेपो	:	पुनःखरीद विकल्प
आरएमसी	:	जोखिम प्रबंधन कक्ष
आरएमसीबी	:	बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति
आरएमडी	:	जोखिम निगरानी विभाग
आरआर	:	आरक्षित निधि अनुपात
आरआरबी	:	क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
आरटीआई	:	सूचना का अधिकार
एससीबी	:	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक
एससीवी	:	सिंगल कस्टमर व्यू
एसएफबी	:	लघु वित्त बैंक
एसटीसीबी	:	राज्य सहकारी बैंक
टैफकब	:	सहकारी शहरी बैंकों पर टास्क फोर्स
टीएचबी	:	अस्थायी उच्च शेष
टीएमओ	:	ट्रेजरी मैनेजमेंट ऑफिस
टीआरईपी	:	त्रि-पक्षीय रेपो
यूसीबी	:	शहरी सहकारी बैंक
यूटी	:	संघ राज्य क्षेत्र

2024-25 एक नज़र में

63 सेवा के वर्ष

1,982
बीमाकृत बैंकों की संख्या
(मार्च 2025 के अंत तक)

₹ 2,28,933 करोड़
निक्षेप बीमा निधि
(मार्च 2025 के अंत तक)

97.6 %
पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात

2.29 %
आरक्षित निधि अनुपात
(मार्च 2025 के अंत तक)

41.5 %
बीमाकृत जमा अनुपात

₹ 26,764 करोड़
प्राप्त प्रीमियम (2024-25)

₹ 476 करोड़
निपटाए गए दावे (2024-25)

₹ 16,941 करोड़
स्थापना से लेकर 31 मार्च 2025 तक
निपटाए गए दावे

₹ 5,690 करोड़

31 मार्च 2025 तक सर्व समावेशी निदेशों के तहत बैंकों के 4,04,148 जमाकर्ताओं को किया गया अन्तरिम भुगतान

₹ 1,309 करोड़

2024-25 में निपटाए गए दावों से वसूली

विशेषताएं - I: निक्षेप बीमा एक नज़र में

(राशि ₹ करोड़ में)

वर्ष के अंत में	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
1 पूंजी *	50	50	50	50	50
2 निक्षेप बीमा					
(i) निक्षेप बीमा निधि	1,29,904	1,46,842	1,69,602	1,98,753	2,28,933
	(17.68)	(13.04)	(15.50)	(17.19)	(15.18)
(ii) बीमाकृत बैंक (संख्या)	2,058	2,040	2,026	1,997	1,982
(iii) निर्धारणीय जमाराशियाँ	1,49,67,770	1,65,49,630	1,94,58,915	2,18,52,160	(पी) 2,40,95,727
	(10.96)	(10.57)	(17.60)	(12.30)	(10.27)
(iv) बीमाकृत जमाराशियाँ@	76,21,251	81,10,431	86,31,259	94,12,705	(पी) 1,00,04,919
	(10.91)	(6.42)	(6.42)	(9.05)	(6.29)
(v) बीमित खातों की कुल संख्या (करोड़ में)	252.63	262.19	276.3	289.7	(पी) 293.7
	(7.50)	(3.78)	(5.38)	(4.85)	(1.38)
(vi) पूर्णत: संरक्षित खातों की संख्या (करोड़ में)	247.80	256.67	270.5	283.3	(पी) 286.5
	(7.27)	(3.58)	(5.38)	(4.73)	(1.13)
(vii) वर्ष के दौरान भुगतान किए गए दावे^	564	8,515	753	1,434	476
(viii) योजना के प्रारंभ से प्रदत्त दावे^	5,763	14,278	15,031	16,465	16,941

अ – अनंतिम

* निगम की सामान्य निधि के अंतर्गत।

@ 4 फरवरी 2020 से जमा बीमा कवर ₹1 लाख से बढ़ाकर ₹5 लाख कर दिया गया।

^ रिज़र्व बैंक द्वारा "सर्व समावेशी निदेशों" के तहत रखे गए बैंकों के दावों में 2021-22 से आगे परिसमाप्त बैंकों के दावे भी शामिल हैं।

टिप्पणी:

1) कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर का प्रतिशत हैं।
2) 2 (iii) से 2 (vi) तक की मदों पर वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2021-22 तक के आकड़ें 30 सितंबर (पिछले छमाही) के अनुसार हैं, हालांकि, वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए यही आकड़ें मार्च 31 के अनुसार हैं।

परिचालनात्मक विशेषताएं - II: निक्षेप बीमा

(राशि ₹ करोड़ में)

विवरण	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
राजस्व विवरण					
प्रीमियम आय	17,517 (32.36)	19,491 (11.27)	21,381 (9.70)	23,879 (11.68)	26,764 (12.08)
निवेश आय	9,650 (13.10)	10,496 (8.77)	11,908 (13.45)	13,947 (17.12)	15,802 (13.30)
निवल दावे	993	8,121	730	1,586	1,988
कर पूर्व राजस्व अधिशेष	26,555	20,566	33,391	34,278	41,302
कर के बाद राजस्व अधिशेष	19,872	15,390	24,987	26,094	30,907
तुलन पत्र					
निधि शेष (बीमांकिक)	12,275	13,974	12,174	16,887	17,567
निधि अधिशेष	1,17,629	1,32,868	1,57,427	1,81,866	2,11,366
कुल आस्तियां	1,60,846	1,69,508	1,88,058	2,15,575	2,51,686
निष्पादन मैट्रिक्स					
1ए. परिसमाप्त बैंकों के लिए दावे की प्राप्ति और दावा निपटान के बीच दिनों की औसत संख्या@	7	3	-	14	7
1बी. एआईडी के तहत बैंकों के लिए दावे की प्राप्ति और दावा निपटान के बीच दिनों की संख्या		45	45	45	45
2. बैंक का पंजीकरण रद्द करने और दावा निपटान (प्रथम दावा) के बीच दिनों की औसत संख्या@	500	184	-	466	560
3. कुल प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में परिचालनगत लागत (इसमें से: कुल प्रीमियम आय के प्रतिशत के रूप में कर्मचारी लागत)	0.20 0.10	0.14 0.06	0.16 0.08	0.18 0.09	0.20 0.09

@ निगम द्वारा दावों का निपटान परिसमापक (सहकारी समितियों के संबंधित राज्य रजिस्ट्रार और सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार द्वारा नियुक्त) से जमाकर्ता सूची प्राप्त होने पर निर्भर करता है। निगम ने परिसमापक से जमाकर्ता सूची प्राप्त होने के 7 दिनों (औसत) के भीतर दावों का निपटान कर दिया है।

डीआईसीजीसी ने 2022-23 के दौरान परिसमापन के तहत बैंकों के लिए मुख्य दावे का निपटान नहीं किया है। तथापि, सर्व समावेशी निदेशों (एआईडी) के तहत बैंकों के संबंध में, विभाग ने डीआईसीजीसी द्वारा भुगतान के लिए उत्तरदायी होने और भुगतान की वास्तविक तारीख के बीच की, अर्थात 90 दिनों से अधिक न होने की सांविधिक समय-सीमा का पालन किया है।

टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आंकड़े वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर का प्रतिशत हैं।

विशेषताएं- III

बीमाकृत और पूर्णतः संरक्षित खातों की संख्या

(प्रत्येक वर्ष 31 मार्च के अनुसार)



टिप्पणी: 2010-11 के लिए आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

विशेषताएं- IV

निर्धारणीय/बीमाकृत जमाराशियाँ

(प्रत्येक वर्ष 31 मार्च के अनुसार)



टिप्पणी: 2009-10 से आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

विशेषताएं- V

बीमाकृत बैंकों की जमाराशि की तुलना में बीमा कवरेज का विस्तार

(31 मार्च 2025)



टिप्पणी:

1. आंकड़े रिपोर्टिंग के नए फॉर्मेट के अनुसार हैं।
2. ₹ 5 लाख जमा बीमा कवर से संबंधित आकड़े ₹ 1,00,04,919 करोड़ हैं।

स्रोत: जमा बीमा (डीआई) रिटर्न, डीआईसीजीसी

विशेषताएं-VI



स्रोतः डीआईसीजीसी

विशेषताएं-VII



स्रोतः डीआईसीजीसी

1. डीआईसीजीसी का विहंगावलोकन

1. परिचय

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी) के कार्य, डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 और उक्त अधिनियम की धारा 50(3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा तैयार की गई निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम सामान्य विनियमावली, 1961 के प्रावधानों के जरिए शासित है। चूँकि कोई भी ऋण संस्था निगम द्वारा संचालित किसी भी ऋण गारंटी योजना में भाग नहीं ले रही थी, अत: अप्रैल 2003 में इस योजना का संचालन बंद कर दिया गया और निक्षेप बीमा ही निगम का प्रधान कार्य है।

2. इतिहास

बंगाल में बैंकिंग संकट उत्पन्न होने के उपरांत वर्ष 1948 में पहली बार बैंकों में रखी गई जमा राशियों का बीमा करने का विचार सामने आया। इसके बाद वर्ष 1949 में यह मामला पुन: विचार हेतु प्रस्तुत हुआ परंतु रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों के निरीक्षण की पर्याप्त व्यवस्था किए जाने तक इस मामले को स्थगित रखा गया। तदुपरांत वर्ष 1950 में ग्रामीण बैंकिंग जाँच समिति ने इस धारणा का समर्थन किया। वर्ष 1960 में पलाइ सेंट्रल बैंक लिमि. तथा लक्ष्मी बैंक लिमि. के विफल होने के उपरांत भारतीय रिज़र्व बैंक तथा भारत सरकार द्वारा जमाराशियों की बीमा के संबंध में नए सिरे से ध्यान दिया गया। तद्नुसार, निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 दिनांक 1 जनवरी 1962 से प्रभावी हुआ।

प्रारंभ में, निक्षेप बीमा योजना कार्यरत सभी वाणिज्यिक बैंकों को प्रदान की गई। इसके अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक तथा इसकी सहायक संस्थाएं, अन्य वाणिज्यिक बैंक तथा भारत में परिचालित विदेशी बैंकों की शाखाएं शामिल थीं। निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 अधिनियमित किए जाने के बाद निक्षेप बीमा का विस्तार सहकारी बैंकों तक भी किया गया। तद्नुसार, निगम से यह अपेक्षा की गई कि वह डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 13ए के प्रावधानों के अंतर्गत "पात्र सहकारी बैंकों" [पैरा 3 (ii) देखें] का बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकरण करे।

रिज़र्व बैंक से परामर्श करते हुए भारत सरकार ने जुलाई 1960 में ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 17(11ए) (ए) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को इस योजना के प्रशासन का कार्य सौंपा गया और इसे ऋण गारंटी संस्थान का नाम दिया गया जिसे बैंकों और अन्य ऋण संस्थाओं द्वारा लघु उद्योगों को प्रदान किए गए अग्रिमों के लिए गारंटी प्रदान करना था। रिज़र्व बैंक ने इस योजना को 31 मार्च 1981 तक परिचालित किया।

रिज़र्व बैंक ने 14 जनवरी 1971 को एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी को प्रोन्नत किया जिसका नाम क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमि. (सीजीसीआई) था। क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमि. द्वारा प्रारंभ की गई ऋण गारंटी योजना का उद्देश्य वाणिज्यिक बैंकों को अब तक उपेक्षित विशेष रूप से गैर-औद्योगिक गतिविधियों में लगे समाज के कमजोर वर्ग की ऋण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए ऋण संस्थाओं द्वारा भारिबैं द्वारा पारिभाषित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत सम्मिलित छोटे और जरूरतमंद उधारकर्ताओं को स्वीकृत किए गए ऋणों और अग्रिमों के लिए गारंटी कवर उपलब्ध कराने के माध्यम से प्रोत्साहित करना था।

निक्षेप बीमा और ऋण गारंटी के कार्यों को एकीकृत करने के उद्देश्य से दोनों संस्थाओं अर्थात निक्षेप बीमा निगम (डीआईसी) और क्रेडिट गारंटी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीजीसीआई) को मिला दिया गया और इस प्रकार 15 जुलाई 1978 को डीआईसीजीसी अस्तित्व में आया। निक्षेप बीमा अधिनियम, 1961 को पूर्ण रूप से संशोधित किया गया और पुन: इसे 'निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961' का नाम दिया गया।

भारत सरकार की ऋण गारंटी योजना के निरस्त हो जाने के बाद, 1 अप्रैल 1981 से निगम ने छोटे लघु उद्योगों को स्वीकृत ऋण के लिए गारंटीकृत सपोर्ट प्रदान करना प्रारंभ किया। 1 अप्रैल 1989 से पूरे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अग्रिमों तक गारंटी कवर का विस्तार किया गया। तदनुसार, ऋण गारंटी योजना को अप्रैल 2003 से बंद कर दिया गया।

3. संस्थागत कवरेज

भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं सहित सभी वाणिज्यिक बैंक, लघु वित्त बैंक (एसएफबी), भुगतान बैंक (पीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), और स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी) निक्षेप बीमा योजना के अंतर्गत शामिल हैं।

इसके अलावा, डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 2(जीजी) के तहत परिभाषित सभी पात्र सहकारी बैंक जमा बीमा योजना के तहत कवर किए गए हैं। इनमें भारत में कार्यरत सभी राज्य, जिला केंद्रीय और प्राथमिक सहकारी बैंक शामिल हैं। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) ने डीआईसीजीसी अधिनियम के अंतर्गत यथा अपेक्षित अपने सहकारी समिति अधिनियम में संशोधन किया है। यह संशोधन भारतीय रिज़र्व बैंक को सहकारी बैंक की प्रबंधन समिति को भंग करने का अधिकार देता है और यह अपेक्षा करता है कि सहकारी बैंक के समापन, समामेलन या पुनर्निर्माण के लिए कोई भी कार्रवाई केवल आरबीआई की लिखित पूर्व मंजूरी के साथ की जा सकती है। वर्तमान में, सभी सहकारी बैंक इस योजना के अंतर्गत शामिल हैं। दो संघ राज्य क्षेत्रों *अर्थात लक्षद्वीप और लद्दाख* में कोई भी बीमाकृत/पंजीकृत सहकारी बैंक नहीं है।

4. बैंकों का पंजीकरण

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत सभी नए वाणिज्यिक बैंकों से अपेक्षित है कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 22 के अंतर्गत रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 11ए के अंतर्गत सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे अपनी स्थापना की तारीख से 30 दिनों के अंदर निगम में पंजीकरण कराएं।

सभी पात्र सहकारी बैंकों से अपेक्षित है कि वे रिज़र्व बैंक द्वारा लाइसेंस जारी करने के तुरंत बाद निगम में पंजीकरण कराएं। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 13ए के अंतर्गत प्राथमिक क्रेडिट समिति के प्राथमिक सहकारी बैंक बन जाने के बाद लाइसेंस के लिए किए गए आवेदन से तीन माह के भीतर निगम उसका पंजीकरण करेगा।

निक्षेप बीमा निगम (संशोधन) अधिनियम, 1968 के लागू होने के बाद सहकारी बैंक के रूप में कारोबार कर रहे किसी अन्य सहकारी समिति के विभाजन अथवा बैंकिंग विधि (सहकारी समितियों पर प्रयोज्य) अधिनियम, 1965 के प्रारंभ के समय से या इसके बाद से बैंकिंग कारोबार करने वाले दो या अधिक सहकारी समितियों के समामेलन से अस्तित्व में आए सहकारी बैंक को लाइसेंस के लिए आवेदन की गई तारीख से तीन महीनों के अंदर पंजीकरण कराना है। तथापि, ऐसे किसी सहकारी बैंक का पंजीकरण नहीं किया जाएगा जिसके संबंध में रिज़र्व बैंक द्वारा यह सूचित किया गया हो कि उसे लाइसेंस नहीं दिया जा सकता है।

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 14 के अनुसार निगम द्वारा किसी बैंक का बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण करने के बाद उससे अपेक्षित है कि वह 30 दिनों के अंदर बैंक को सूचित करे कि उसे बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकृत किया गया है। सूचना पत्र में पंजीकरण सूचना और पंजीकरण संख्या के अलावा बैंक द्वारा अनुपालन की जाने वाली अपेक्षाओं *अर्थात्,* निगम को देय प्रीमियम दर, प्रीमियम अदा करने की पद्धति और निगम को प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियों का ब्यौरा दिया जाता है।

5. बीमा कवरेज

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(1) के प्रावधानों के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रति जमाकर्ता, उसके द्वारा बैंक की सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशि को मिलाकर "समान क्षमता और समान अधिकार" में मूलतः ₹1500/- तक सीमित रखी गई थी। तथापि, अधिनियम निगम को यह अधिकार देता है कि वह केंद्र सरकार के पूर्वानुमोदन से इस सीमा को बढ़ा सकता है। तदनुसार, बीमा सीमा को समय-समय पर बढ़ाया गया है (तालिका 1)।

तालिका 1: जमा बीमा कवरेज

प्रभावी तिथि	बीमा सीमा
01 जनवरी 1962	₹1,500/-
01 जनवरी 1968	₹5,000/-
01 अप्रैल 1970	₹10,000/-
01 जनवरी 1976	₹20,000/-
01 जुलाई 1980	₹30,000/-
01 मई 1993	₹1,00,000/-
04 फरवरी 2020	₹5,00,000/-

स्रोतः डीआईसीजीसी

6. सुरक्षा प्रदत्त जमाराशियों के प्रकार

निगम (i) विदेशी सरकारों की जमाराशियों; (ii) केंद्र / राज्य सरकारों की जमाराशियों; (iii) अंतर-बैंक जमाराशियों; (iv) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशियों तथा (v) रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त जमा राशियों को छोड़कर सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

7. बीमा प्रीमियम

निक्षेप बीमा प्रणाली के संचालन हेतु निगम बीमाकृत बैंकों से बीमा प्रीमियम एकत्रित करता है (तालिका 2)। बीमाकृत बैंकों द्वारा अदा किए जाने वाले बीमा प्रीमियम का परिकलन उनकी निर्धारणीय जमाराशियों के आधार पर किया जाता है। बीमाकृत बैंक निगम को अग्रिम प्रीमियम अर्ध-वार्षिक आधार पर पिछले अर्ध-वर्ष (छमाही) के अंत की जमाराशियों की स्थिति के अनुसार प्रत्येक वित्तीय छमाही के प्रारंभ से दो महीनों के भीतर भुगतान करते हैं। बीमित बैंकों द्वारा निगम को प्रदत्त प्रीमियम के संबंध में बैंकों से अपेक्षित है कि इसे वे स्वयं वहन करें न कि जमाकर्ताओं पर डालें।

तालिका 2: जमा बीमा प्रीमियम दरें (₹100 की निर्धारणीय जमाराशि के प्रतिशत के अनुसार)

तारीख से	प्रीमियम दर (₹ में)
01 जनवरी 1962	0.05
01 अक्तूबर 1971	0.04
01 जुलाई 1993	0.05
01 अप्रैल 2004	0.08
01 अप्रैल 2005	0.10
01 अप्रैल 2020	0.12

स्रोतः डीआईसीजीसी

प्रीमियम भुगतान में विलंब के लिए बीमाकृत बैंक संबंधित छमाही से भुगतान की तारीख तक चूक की राशि पर बैंक दर से 8 प्रतिशत अधिक की दर पर ब्याज का भुगतान करने के लिए बाध्य है। अगस्त 2021 में किए गए डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 15 (1) में संशोधन के अनुसार, डीआईसीजीसी अपनी वित्तीय स्थिति और देश में समग्र बैंकिंग क्षेत्र के हितों को देखते हुए, रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति से बीमा प्रीमियम पर प्रति ₹100 की जमा राशि पर 15 पैसे की सीमा बढ़ा सकता है।

8. पंजीकरण रद्द करना

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 15ए के अंतर्गत निगम को लगातार तीन छमाहियों के लिए प्रीमियम अदा न करने वाले बीमाकृत बैंकों का पंजीकरण रद्द करने का अधिकार है। तथापि, यदि विपंजीकृत बैंक द्वारा इस हेतु अनुरोध किया जाता है और वह चूक की तारीख से प्रीमियम के रूप में देय संपूर्ण राशि ब्याज सहित अदा कर देता है तो निगम द्वारा उसका पंजीकरण फिर से बहाल किया जा सकता है परंतु शर्त यह है कि वह बैंक अन्यथा रूप से बीमाकृत बैंक के रूप में पंजीकरण हेतु पात्र हो।

किसी बीमाकृत बैंक का पंजीकरण निम्न परिस्थितियों में रद्द किया जा सकता है:- (i) नई जमाराशियाँ स्वीकार करने से उसे प्रतिबंधित किया गया हो; (ii) रिज़र्व बैंक द्वारा इसका लाइसेंस रद्द अथवा लाइसेंस देने के लिए मना कर दिया गया हो; (iii) स्वैच्छिक रूप से अथवा अनिवार्यतः उसका समापन कर दिया गया हो अथवा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 36ए(2) के अर्थों में अब वह बैंकिंग कंपनी या सहकारी बैंक नहीं रह गया हो; और (iv) इसने अपनी सारी जमा देयताओं को किसी अन्य संस्था को अंतरित कर दिया हो अथवा इसे किसी अन्य बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया हो अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा कोई समझौता या व्यवस्था या पुनर्निर्माण योजना स्वीकृत की गई हो और यह योजना नई जमाराशियाँ स्वीकार करने की अनुमति न देती हो। किसी सहकारी बैंक के संबंध में यदि उसने पात्र सहकारी बैंक के रूप में कार्य करना बंद कर दिया हो तो इसका पंजीकरण रद्द हो जाता है।

प्रीमियम भुगतान करने में हुई चूक को छोड़कर अन्य कारण से किसी बैंक का पंजीकरण रद्द किए जाने की स्थिति में रद्द करने की तारीख तक बैंक की जमाराशियों को बीमा सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

9. बीमाकृत बैंकों का पर्यवेक्षण और निरीक्षण

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 35 के अनुसार, निगम को किसी बीमाकृत बैंक के अभिलेखों को आसानी से प्राप्त करने और इनकी प्रतिलिपियाँ माँगने का अधिकार है। इसके अतिरिक्त, इस अधिनियम की धारा 36 के अनुसार, निगम के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक से अपेक्षित है कि वह किसी बीमाकृत बैंक का निरीक्षण/जाँच पड़ताल करे/करवाए।

10. दावों का निपटान

किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन की स्थिति में पंजीकरण रद्द करने की तारीख (अर्थात् लाइसेंस रद्द करने अथवा समापन या परिसमापन आदेश की तारीख) तक बैंक के प्रत्येक जमाकर्ता द्वारा उसकी सभी शाखाओं में रखी गई जमाराशियों को मिलाकर उसकी 'समान क्षमता और समान अधिकार' में रखी राशि में से उसके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(3) के साथ पठित धारा 16(1)] भुगतान हेतु पात्र होंगे। तथापि, प्रत्येक जमाकर्ता को भुगतान समय-समय पर निर्धारित बीमा-कवर की सीमा के अधीन किया जाएगा।

जब किसी सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी बैंक के लिए समझौता या व्यवस्था या पुनर्निमाण या समामेलन की योजना स्वीकृत की जाती है तो विलयन योजना के नियमों और शर्तों के अनुरूप निगम जमाकर्ताओं को इस समय तक लागू जमा बीमा योजना तक भुगतान करता है। इन मामलों में भी, उस बैंक की सभी शाखाओं में 'समान क्षमता और समान अधिकार' में जमाकर्ताओं की सभी जमाराशियों के संबंध में जमाकर्ताओं को देय राशि का निर्धारण बैंक को उनके द्वारा देय राशि, यदि कोई हो, के समंजन के अधीन [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 16(2) और (3)] किया जाता है।

डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 17(1) के प्रावधानों के अंतर्गत किसी बीमाकृत बैंक जिसका समापन हो चुका हो या वह परिसमापनाधीन है, तो उसके परिसमापक द्वारा, निगम द्वारा यथानिर्दिष्ट पद्धति में, प्रत्येक जमाकर्ता की जमाराशि और समंजन-राशि को अलग-अलग दर्शाने वाली सूची इसकी यथार्थता प्रमाणित करते हुए परिसमापक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के तीन महीनों के भीतर निगम को प्रस्तुत की जानी है। (अनुबंध; चार्ट 1)

ऐसे बैंक/बैंकों के संबंध में जिसके/जिनके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निमाण आदि, जैसी कोई योजना स्वीकृत की गई है, इसी प्रकार की सूची संबंधित अंतरिती बैंक या बीमाकृत बैंक, जैसी भी स्थिति हो, के मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा समामेलन/पुनर्निर्माण आदि जैसी योजना के लागू होने की तारीख से तीन महीनों के अंदर प्रस्तुत की जानी है। [डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18(1)]

निगम से अपेक्षित है कि वह डीआईसीजीसी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत प्रत्येक जमाकर्ता के संबंध में देय राशि का भुगतान, ऐसी सूची जो निगम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो और सभी प्रकार से पूर्ण/सही हो, के प्राप्त करने के दो महीनों के अंदर करे। निगम ऐसी सूची का प्रमाणीकरण ऑन-साइट सत्यापन करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (सीए) फर्म से करवाता है।

सामान्यतः निगम जमाकर्ताओं के मध्य संवितरित करने के लिए पात्र दावा राशि का भुगतान परिसमाप्त बैंक के परिसमापक/अंतरिती/बीमाकृत बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के नाम पर एजेंसी बैंक में खोले गए खाते में क्रेडिट करता है। तथापि, अनट्रेसेबल जमाकर्ताओं को देय राशि की मंजूरी तब तक नहीं दी जाती जब तक इसके संबंध में परिसमापक/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा सभी अपेक्षित ब्यौरे निगम को प्रस्तुत न किए जाएँ।

इसके अलावा, अगस्त 2021 में डीआईसीजीसी अधिनियम में संशोधित धारा 18ए के अनुसार, निगम आरबीआई द्वारा सर्व समावेशी निदेशों (एआईडी) के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को जमा बीमा की सीमा तक भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है (अनुबंध चार्ट 2)। भुगतान आरबीआई द्वारा एआईडी लागू करने की तारीख से 90 दिनों के भीतर पूरा किया जाना है। बीमाकृत बैंक को एआईडी लागू होने के 45 दिनों के भीतर जमाकर्ताओं की सूची प्रस्तुत करनी होती है और निगम को 30 दिनों के भीतर दावों की वास्तविकता और प्रामाणिकता का सत्यापन करना होता है और अगले 15 दिनों के भीतर सम्मति प्रस्तुत करने वाले जमाकर्ताओं को भुगतान करना होता है। यदि भारतीय रिज़र्व बैंक को समामेलन/समझौता या व्यवस्था/पुनर्निर्माण की योजना लाना उचित लगता है, तो निगम की देयता अवधि को 90 दिनों के लिए बढ़ा दिया जाएगा। एआईडी के तहत दावों के भुगतान की प्रक्रिया डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली के विनियम 21ए के अनुसार है।

11. निपटाए गए दावों की वसूली

डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली के विनियम 22 के साथ पठित डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार, परिसमापक या बीमाकृत बैंक या अंतरिती बैंक से अपेक्षित है कि वे विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली गई राशि और हाथ में उपलब्ध अन्य राशि में से किए गए व्यय की राशि निकालने के उपरांत डीआईसीजीसी को चुकौती करें। डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 21 (3) के अनुसार, डीआईसीजीसी अपने बोर्ड के अनुमोदन से, डीआईसीजीसी के प्रति अपनी देयता का निर्वहन करने के लिए बीमित बैंक के लिए चुकौती अवधि को स्थगित या बदल सकता है। वर्तमान में एआईडी के तहत बैंक, जिन्हें डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18ए के तहत भुगतान किया गया है, के लिए अपेक्षित है कि वे 5 वार्षिक किश्तों में पुनर्भुगतान करें। इसी अधिनियम की धारा 21 (4) के अनुसार, डीआईसीजीसी निपटाए गए दावों के पुनर्भुगतान में देरी के मामले में रेपो दर पर 2 प्रतिशत का दंडात्मक ब्याज वसूल कर सकता है।

12. निधि, लेखे और कराधान

निगम तीन विभिन्न निधियाँ रखता है : *अर्थात्* (i) निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ); (ii) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ), तथा (iii) सामान्य निधि (जीएफ)। पहले दो निधियों का निर्माण क्रमशः बीमा प्रीमियम और गारंटी शुल्क के संचयन से किया जाता है और संबंधित दावों के निपटान हेतु इसका उपयोग किया जाता है। निगम की प्राधिकृत पूँजी ₹50 करोड़ है, जो पूर्णतः रिज़र्व बैंक द्वारा अभिदत्त है। प्रतिवर्ष 31 मार्च को निगम के बही-खाते बंद किए जाते हैं। सामान्य निधि का उपयोग निगम के स्थापना और प्रशासनिक व्यय को पूरा करने के लिए किया जाता है। तीनों निधियों की अधिशेष राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश किया जाता है। अधिनियम के तहत निधियों के बीच अंतर-निधि अंतरण हेतु अनुमति प्राप्त है।

निगम प्रोद्भवन लेखांकन प्रणाली का उपयोग करता है जबकि निपटाए गए दावों के पुनर्भुगतान के मामले में प्राप्ति आधार होता है। निगम के कार्यों की लेखापरीक्षा रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों द्वारा की जाती है। निगम वित्तीय वर्ष 1987-88 से आयकर का भुगतान कर रहा है। आयकर अधिनियम, 1961 मे यथापरिभाषित किए गए अनुसार आयकर के संबंध में निगम का मूल्यांकन 'कंपनी' के रूप में किया जाता है। 1 अक्तूबर 2011 से निगम प्रीमियम आय पर सेवाकर के अधीन है और 1 जुलाई 2017 से माल एवं सेवा कर के लिए उत्तरदायी है।

लेखापरीक्षित लेखों के साथ लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट और निगम की कार्य पद्धति संबंधी रिपोर्ट लेखाबंदी के तीन महीनों के अंदर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है। इन प्रलेखों की प्रतिलिपियाँ केंद्र सरकार को भी भेजी जाती हैं, जिन्हें संसद के प्रत्येक सदन में रखा जाता है।

अनुबंध

क. भारत में सहकारी बैंकों के लिए दावों के निपटान की प्रक्रिया

भारत में सहकारी बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान की विस्तृत प्रक्रिया नीचे दी गई है (चार्ट 1):

1. रिज़र्व बैंक किसी बैंक का लाइसेंस रद्द करता है / लाइसेंस के लिए आवेदन अस्वीकार कर देता है और संबंधित सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार (आरसीएस)/सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) को परिसमापन की सिफारिश करता है और डीआईसीजीसी को इसकी सूचना देता है। डीआईसीजीसी भी संबंधित आरसीएस/सीआरसीएस को परिसमापक की शीघ्र नियुक्ति के लिए लिखता है।
2. आरसीएस/सीआरसीएस परिसमाप्त बैंक के लिए एक परिसमापक नियुक्त करता है तथा डीआईसीजीसी को सूचित करता है।
3. डीआईसीजीसी बीमाकृत बैंक के रूप में बैंक का पंजीकरण रद्द करता है और नियुक्ति के 3 महीनों के अंदर दावा सूची प्रस्तुत करने हेतु परिसमापक को दिशानिर्देश जारी करता है।

चार्ट 1 : भारत में सहकारी बैंकों के संबंध में दावों के निपटान की विशिष्ट प्रक्रिया



4. परिसमाप्त बैंक के लिए अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) के अनुपालन सहित दावा सूची और खाता बहियों का सत्यापन निगम के पैनल में शामिल चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फर्मों द्वारा किया जाता है। डीआईसीजीसी दावा सूची और बैंक के रिकॉर्ड की पुस्तकों के ऑन साइट सत्यापन के लिए सीए के लिए एक परिचय सत्र आयोजित करता है।
5. परिसमापक दो भागों में दावा सूची तैयार करता है (भाग – क ट्रेस करने योग्य/केवाईसी अनुपालित और भाग-ख अनट्रेसेबल/केवाईसी अनुपालित नहीं) और जमाकर्ताओं को भुगतान के लिए सॉफ्ट फॉर्म में डीआईसीजीसी को सूची प्रस्तुत करता है।
6. सीए को दावा सूची और इसे तैयार करने में प्रासंगिक परिसमाप्त बैंकों के अभिलेखों पर अपनी टिप्पणियों और निष्कर्षों को प्रस्तुत करना होता है।
7. मुख्य दावे के भाग क को प्रोसेस किया जाता है और पात्र बीमित जमाकर्ताओं के दावों का भुगतान करने के लिए एक भुगतान सूची तैयार की जाती है। भाग- ख सूची के संबंध में जब भी जमाकर्ताओं का पता लगाया जाता है/केवाईसी का अनुपालन किया जाता है परिसमापक अनुपूरक दावे के रूप में भुगतान के लिए भाग-ख सूची से दावे प्रस्तुत करते हैं।
8. नामित बैंक से लागू मुख्य दावा निपटान राशि एजेंसी बैंक के साथ रखे गए परिसमापक के खाते के नाम पर जारी की जाती है।
9. नामित बैंक संबंधित परिसमापक द्वारा प्रस्तुत किए गए जमाकर्ताओं के वैकल्पिक बैंक खाते के विवरण के आधार पर एनईएफ़टी/डीडी/एनएसीएच के माध्यम से जमाकर्ताओं को भुगतान जारी करता है।

ख. दावा निपटान प्रक्रिया - सर्व समावेशी निदेशों के तहत बैंक

भारत में सर्व समावेशी निदेशों के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान की विस्तृत प्रक्रिया नीचे दी गई है (चार्ट 2):

1. भारतीय रिज़र्व बैंक बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35ए के तहत सर्व समावेशी निदेश (एआईडी) लगाता है और डीआईसीजीसी, जहां बैंक जमा बीमा के लिए पंजीकृत है, को एक पृष्ठांकन के साथ जमा/निकासी पर लगाए गए प्रतिबंधों के बारे में एआईडी के तहत संबंधित बैंक को सूचित करता है।
2. डीआईसीजीसी, एआईडी के तहत रखे गए संबंधित बैंक को दिशा-निर्देश जारी करता है कि निर्देश लगाए जाने की तारीख को प्रत्येक जमाकर्ता की बकाया जमा राशि (सभी ऋणों/अग्रिमों को सेट ऑफ करने के बाद समान क्षमता और समान अधिकार में) को दर्शाने वाली विस्तृत सूची तैयार करे।

चार्ट 2: दावा निपटान प्रक्रिया – सर्व समावेशी निदेशों के तहत बैंक
(बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के प्रावधानों के तहत)



3. डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 18ए के अनुसार, एआईडी के तहत रखे गए बैंकों को बैंक पर एआईडी लागू होने के 45 दिनों के भीतर निगम को संपूर्ण जमाकर्ता सूची प्रस्तुत करनी होती है। सूची में भाग ए सूची शामिल होनी चाहिए अर्थात, जमाकर्ताओं की सूची जिनके दावा सम्मति फार्म 45वें दिन तक प्राप्त हुए हैं और भाग बी सूची, *अर्थात*, जमाकर्ताओं की सूची जिनके दावा सम्मति फार्म 45वें दिन तक प्राप्त नहीं हुए हैं। जिन जमाकर्ताओं के लिए निर्धारित अवधि के भीतर दावा सम्मति फार्म प्राप्त हो जाते हैं उन्हें 90वें दिन भुगतान के लिए विचार किया जाता है।
4. परिसमाप्त बैंक के लिए अपने ग्राहक को जानो (केवाईसी) के अनुपालन सहित दावा सूची और खातों की पुस्तकों का सत्यापन निगम के पैनल में शामिल चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) फर्मों द्वारा किया जाता है। सीए फर्म को डीआईसीजीसी द्वारा जारी दिशानिर्देशों और अधिनियम प्रावधानों के अनुसार दावे का ऑन-साइट सत्यापन करना आवश्यक है।
5. सीए दावा सूची और जमा बीमा दावे के निपटान के लिए प्रासंगिक बैंक के ऐसे किसी भी रिकॉर्ड पर अपनी टिप्पणियों और निष्कर्षों को प्रस्तुत करते हैं।
6. सीए रिपोर्ट प्राप्त होने पर, डीआईसीजीसी द्वारा दावा संसाधित किया जाता है और अपनी सम्मति व्यक्त करने वाले जमाकर्ताओं को पात्र दावों के भुगतान के लिए एक भुगतान सूची तैयार की जाती है।
7. तब डीआईसीजीसी एजेंसी बैंक के माध्यम से दावे के संवितरण के लिए जमाकर्ताओं के वैकल्पिक खाते का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश सहित एआईडी के तहत बैंक के साथ भुगतान की जाने वाली सूची साझा करता है।
8. एआईडी के तहत बैंक तब विधिवत भरी हुई सूची को डीआईसीजीसी को सूचित करते हुए एजेंसी बैंक से साझा करता है।
9. तब एजेंसी बैंक द्वारा जमाकर्ताओं को भुगतान की जाने वाली सूची और एआईडी के तहत बैंक द्वारा दिए गए मेंडेट के अनुसार दावों का संवितरण किया जाता है।

2. प्रबंधकीय चर्चा और विश्लेषण

1. परिचय

डीआईसीजीसी भारत में जमा बीमा (डीआई) योजना का संचालन डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 और डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली, 1961 के प्रावधानों के अनुसार करता है। इसका मिशन 'लघु जमाकर्ताओं का विशेष ध्यान रखते हुए निक्षेप बीमा के प्रावधान के माध्यम से बैंकिंग प्रणाली में जनता का विश्वास अर्जित करके वित्तीय स्थिरता में सहयोग देना' है, जो जमा बीमा के दो प्रमुख सार्वजनिक नीतिगत उद्देश्य हैं।

भारत में कार्यरत सभी बैंकों, वाणिज्यिक और सहकारी बैंक दोनों, के लिए डीआई योजना अनिवार्य है। वाणिज्यिक बैंकों में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी), क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी), विदेशी बैंकों की शाखाएँ/सहायक संस्थाएं (एफबी), लघु वित्त बैंक (एसएफबी), भुगतान बैंक (पीबी), और स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी) शामिल हैं। सहकारी बैंकों में शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी), राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी) और जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी) शामिल हैं।

निगम का अधिदेश किसी बीमाकृत बैंक के समापन या परिसमापन [डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 16(1)] के मामले में या किसी बीमाकृत बैंक के संबंध में समझौता/व्यवस्था/पुनर्निर्माण/समामेलन की योजना की मंजूरी और यदि योजना की मांग की गई हो [धारा 16(2)] के मामले में जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति करना है। अगस्त 2021 में डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 में धारा 18ए को सम्मिलित करने के साथ निगम के अधिदेश का विस्तार किया गया। इस संशोधन ने बैंकिंग पर्यवेक्षक अर्थात भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा व्यापारिक प्रतिबंधों (जमा राशि लेने) वाले सर्व-समावेशी निदेश (एआईडी) के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर भुगतान का प्रावधान किया। निगम के अधिदेश को इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) के प्रभावी जमा बीमा प्रणाली, 2014 के मूल सिद्धांतों[1] के अनुसार 'पेबॉक्स प्लस' के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

वर्तमान में कवरेज सीमा एक बैंक में प्रति जमाकर्ता ₹5,00,000 (लगभग यूएस $ 5,842[2]) है जो 4 फरवरी 2020 से प्रभावी है। बैंक में प्रत्येक जमाकर्ता को बैंक के लाइसेंस के परिसमापन/रद्द होने की तिथि या समामेलन/विलय/पुनर्निर्माण योजना या एआईडी के लागू होने की तिथि के अनुसार 'समान अधिकार और समान क्षमता' में रखे गए खातों में मूलधन और ब्याज दोनों राशियों के लिए कवरेज सीमा तक बीमा किया जाता है।

स्थापना के समय से ही निगम ने जमा बीमा योजना के वित्तपोषण के लिए बैंकों पर एक समान दर पर प्रीमियम लगाया है। मुद्रास्फीति, बैंकिंग प्रणाली की स्थिति और जमा बीमा निधि (डीआईएफ) की पर्याप्तता को ध्यान में रखते हुए प्रीमियम की दर को समय-समय पर संशोधित किया गया है। बैंकों पर लगाए जाने वाले प्रीमियम की मौजूदा दर 1 अप्रैल 2020 से प्रति वर्ष

1 आईएडीआई के मूल सिद्धांतों के अनुसार, जमा बीमाकर्ता का "अधिदेश" उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का वर्णन करने वाले आधिकारिक अनुदेशों के समूह को संदर्भित करता है। इन्हें मोटे तौर पर चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है: (i) "पे बॉक्स" अधिदेश, जहां जमा बीमाकर्ता केवल बीमाकृत जमा की प्रतिपूर्ति के लिए जिम्मेदार होता है; (ii) "पे बॉक्स प्लस" अधिदेश, जहाँ जमा बीमाकर्ता की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ होती हैं। इसमें वह मामला शामिल है जहाँ जमा बीमाकर्ता (एकमात्र) *रेज़ोल्यूशन* प्राधिकरण नहीं है, परंतु जब वह *रेज़ोल्यूशन* निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेता है, *रेज़ोल्यूशन* प्राधिकरण को उसके कार्यों के निष्पादन में सहायता करता है, या *रेज़ोल्यूशन* उपायों के समर्थन के लिए अपनी निधियों के उपयोग को प्राधिकृत करता है; (iii) "लॉस मिनिमाइज़र" अधिदेश, जहां बीमाकर्ता बीमित जमाकर्ताओं के लाभ के लिए और लागत या हानि को न्यूनतम करने वाले तरीके से *रेज़ोल्यूशन* कार्यनीतियों की एक श्रृंखला के चयन और कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से संलग्न होता है; और (iv) " रिस्क मिनिमाइज़र" अधिदेश, जहाँ बीमाकर्ता के पास व्यापक जोखिम न्यूनीकरण कार्य होते हैं जिनमें जोखिम आकलन/प्रबंधन, शीघ्र हस्तक्षेप और *रेज़ोल्यूशन* शक्तियों का एक पूर्ण समूह, और कुछ मामलों में विवेकपूर्ण निगरानी संबंधी ज़िम्मेदारियाँ शामिल होती हैं। स्रोत: प्रभावी जमा बीमा प्रणालियों के लिए आईएडीआई मूल सिद्धांत, 2014 ।

2 रूपांतरण के लिए एफबीआईएल वेबसाइट पर प्रकाशित 28 मार्च 2025 की स्थिति के अनुसार आईएनआर/यूएसडी विनिमय दर 85.5814 का उपयोग किया गया है।

निर्धारणीय जमा राशि का 0.12 प्रतिशत है (अर्थात, प्रति वर्ष निर्धारणीय जमा राशि के ₹100 रुपये पर 12 पैसे)।

निगम डीआईएफ का रखरखाव करता है जिसका वित्तपोषण मुख्यतः बैंकों पर लगाए गए प्रीमियम से होता है। डीआईएफ एक प्रत्याशित निधि है जिसका उपयोग परिसमापन/समामेलन या एआईडी के तहत रखे गए बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान के लिए किया जाता है। डीआईएफ का निर्माण प्रत्येक वर्ष इसके अधिशेष के अंतरण के माध्यम से किया गया है। अधिशेष से तात्पर्य राजस्व की अधिकता से है, अर्थात बीमित बैंकों से प्राप्त प्रीमियम, निवेश से प्राप्त ब्याज आय और विफल बैंकों की आस्तियों से वसूली, व्यय (जमाकर्ताओं के दावों का भुगतान और संबंधित व्यय) के बाद, करों को घटाकर।

बैंक की विफलता की स्थिति में बीमाकृत जमाकर्ताओं की प्रतिपूर्ति जमा बीमाकर्ता की मुख्य जिम्मेदारी है और यह तीन परिस्थितियों में की जाती है: (i) सर्व समावेशी निदेश (एआईडी): जब भी किसी बैंक को बैंकिंग पर्यवेक्षक (भारतीय रिज़र्व बैंक) द्वारा निदेश दिया जाता है और ऐसे निदेश संबंधित बैंक के जमाकर्ताओं की जमा राशि तक पहुंच को प्रतिबंधित करते हैं; या (ii) परिसमापन: जब भी किसी बैंक के समापन/परिसमापन का आदेश सक्षम प्राधिकारी द्वारा निकाला जाता है, या (iii) विलय/समामेलन: जब सक्षम प्राधिकारी द्वारा समामेलन की योजना तैयार की जाती है और ऐसी योजना के लिए डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 16 के अनुसार जमाकर्ताओं को भुगतान की आवश्यकता होती है।

अधिदेश के निर्वहन में, डीआईसीजीसी बीमाकृत बैंकों या बीमाकृत बैंकों के परिसमापकों द्वारा प्रस्तुत दावों को सत्यापित करने के लिए एक चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म की सेवाएं लेता है। चार्टर्ड अकाउंटेंट फर्म द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और अपने स्वयं के आंतरिक सत्यापन के आधार पर, डीआईसीजीसी प्रत्येक पात्र जमाकर्ता को भुगतान करता है। परिसमाप्त बैंकों और निदेशाधीन बैंकों, दोनों के जमाकर्ताओं को परिसमापक/बैंक से दावा प्राप्त होने और दावे का भुगतान जारी होने पर इलेक्ट्रॉनिक संदेशों के माध्यम से सूचित किया जाता है। दावा भुगतान की स्थिति के बारे में जानकारी डीआईसीजीसी वेबसाइट पर होस्ट किए गए दावा स्थिति ट्रैकर ऐप (दावा सूचक) पर भी उपलब्ध है। यह सेवा वर्तमान में निदेशों के तहत बैंक तथा परिसमाप्त बैंकों, दोनों के लिए उपलब्ध है।

इस अध्याय का शेष भाग निम्नानुसार तैयार किया गया है। खंड 2 वित्तीय वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) के दौरान बोर्ड स्तर पर प्रमुख गतिविधियों को प्रस्तुत करता है। खंड 3 से 11 में वर्ष के दौरान निगम के कार्यों और गतिविधियों पर चर्चा की गई है। खंड 12 में आगे की राह बताई गई है।

2. वर्ष के दौरान बोर्ड स्तर पर प्रमुख गतिविधियां

निगम के कार्यों और कारोबार का सामान्य अधीक्षण, निर्देशन और प्रबंधन निदेशक मंडल के पास है, जो निगम द्वारा प्रयोग की जा सकने वाली सभी शक्तियों और कार्यों का प्रयोग करता है। वर्ष के दौरान अपनाए गए कुछ नीतिगत उपायों पर नीचे चर्चा की गई है।

बोर्ड संवर्धित क्षमता

2001 में डीआईसीजीसी अधिनियम 1961 संशोधन के बाद निगम के बढ़े हुए अधिदेश के अनुरूप, उक्त अधिनियम की क्रमशः धारा 6 (1) (डी) और (ई) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा डीआईसीजीसी के बोर्ड में 10 जुलाई 2024 से प्रभावी दो अतिरिक्त सदस्यों अर्थात डॉ. तरुण अग्रवाल और प्रो. पार्थ रे, निदेशक, राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान, पुणे को नामित किया गया।

निदेशकों और समितियों के सदस्यों के पारिश्रमिक में वृद्धि

27 जनवरी 2025 को भारत सरकार के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 17 (निदेशकों और समितियों के सदस्यों का पारिश्रमिक) में संशोधन के साथ निदेशक मंडल और बोर्ड की समितियों के सदस्यों अर्थात बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी) और बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी) के पारिश्रमिक को बढ़ा दिया गया है और यह 01 फरवरी 2025 से प्रभावी है।

शहरी सहकारी बैंकों के परिसमापकों के लिए संशोधित दिशानिर्देश

निगम ने शहरी सहकारी बैंकों के परिसमापकों के लिए अपने दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ, स्पष्टता में सुधार लाना, अनुपालन को बढ़ावा देना और डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के अनुसार बैंकों के परिसमापकों के बीच वसूली आवश्यकताओं की बेहतर समझ को सुगम बनाना है।

2024-25 के दौरान निगम की परिचालन संबंधी मुख्य विशेषताएं

3. बैंकों का पंजीकरण/विपंजीकरण

वर्ष 2024-25 के दौरान, जमा बीमा योजना के लिए 2 बैंक (1 विदेशी बैंक और 1 राज्य सहकारी बैंक) डीआईसीजीसी के साथ पंजीकृत हुए और 17 बैंकों (1 विदेशी बैंक, 1 एसएफबी और 15 यूसीबी) का पंजीकरण रद्द कर दिया गया (तालिका 1)।

चार्ट 1: पंजीकृत बैंकों की संख्या



परिणामस्वरूप, जमा बीमा के लिए डीआईसीजीसी के साथ पंजीकृत बैंकों की संख्या पिछले वर्ष के 1,997 से घटकर 31 मार्च 2025 तक 1,982 रह गई (चार्ट 1)। 2001 से, जब यह संख्या 2,728 के उच्चतम स्तर पर थी, पंजीकृत बैंकों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है।

बैंक समूहवार पंजीकृत बैंकों की संख्या मुख्य रूप से शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) की संख्या में गिरावट दर्शाती है (तालिका 2)।

तालिका 1: वर्ष के दौरान पंजीकरण/विपंजीकरण

	पंजीकृत बैंक	विपंजीकृत बैंक
वाणिज्यिक बैंक	यूबीएस एजी	• फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक • क्रेडिट सुइस एजी
सहकारी बैंक	**दमन और दीव:** दमन और दीव राज्य सहकारी बैंक	• **आंध्र प्रदेश:** (i) उरावकोंडा को-ऑपरेटिव टाउन बैंक लिमिटेड, (ii) दुर्गा को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड • **असम:** महाभैरब को-ऑप अर्बन बैंक लिमिटेड • **बिहार**: द वैशाली शहरी विकास को-ऑप बैंक लिमिटेड • **गोवा:** सिटीजन को-ऑप. बैंक लिमिटेड • **कर्नाटक:** नैशनल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बैंगलोर • **महाराष्ट्र:** (i) सिटी को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, (ii) राजापुर सहकारी बैंक लिमिटेड, (iii) अंजनगांव सुरजी नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड, (iv) पुणे कमर्शियल को-ऑप बैंक लिमिटेड, (v) जवाहर सहकारी बैंक लिमिटेड • **तमिलनाडु:** कुड्डालोर और विल्लिपुरम डी. सी. को-ऑप. बैंक • **तेलंगाना:** यादगिरी लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड • **उत्तर प्रदेश:** (i) पूर्वांचल को-ऑपरेटिव बैंक, (ii) बनारस मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक

स्रोत: डीआईसीजीसी

तालिका 2: बीमाकृत बैंकों की संख्या (मार्च के अंत तक)

	2023	2024	2025
पंजीकृत बैंकों की संख्या (1+2)	**2026**	**1997**	**1982**
1. वाणिज्यिक बैंक	**139**	**140**	**139**
1.1 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी)	12	12	12
1.2 निजी क्षेत्र के बैंक (पीवीबी)	21	21	21
1.3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)	43	43	43
1.4 लघु वित्त बैंक (एसएफबी)	12	12	11
1.5 विदेशी बैंक (एफबी)	43	44	44
1.6 भुगतान बैंक (पीबी)	6	6	6
1.7 स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी)	2	2	2
2. सहकारी बैंक	**1887**	**1857**	**1843**
2.1 शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी)	1502	1472	1457
2.2 जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी)	352	352	352
2.3 राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी)	33	33	34

स्रोत: डीआईसीजीसी

4. कवरेज

विश्व भर में बढ़ाए जा रहे जमा बीमा कवरेज का दायरा

जमा बीमा का दायरा, संरक्षण के लिए पात्र संस्थाओं और जमा उत्पादों के प्रकारों को संदर्भित करता है। भारत में, डीआईसीजीसी वर्तमान में वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित), लघु वित्त बैंकों, स्थानीय क्षेत्र के बैंकों, भुगतान बैंकों और सहकारी बैंकों (शहरी सहकारी बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों) में रखी गई जमाराशियों का बीमा करता है। निगम (i) केंद्र/राज्य सरकारों की जमाराशियों; (ii) विदेशी सरकारों की जमाराशियों; (iii) अंतर-बैंक जमाराशियों; (iv) भारत के बाहर प्राप्त जमाराशियों, तथा (v) भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से निगम द्वारा विशेष रूप से छूट प्राप्त जमाराशियों को छोड़कर सभी बैंक जमाराशियों का बीमा करता है।

वैश्विक साक्ष्य वित्तीय नवाचार और उभरते जोखिमों की प्रतिक्रिया में विभिन्न क्षेत्राधिकारों में कवरेज के दायरे का विस्तार करने की प्रवृत्ति की ओर संकेत देते हैं (आईएडीआई, 2021)। प्रमुख गतिविधियों में शामिल हैं: (i) चीनी ताइपे और नाइजीरिया जैसे क्षेत्राधिकारों में ई-मनी और डिजिटल पेमेंट वॉलेट का समावेशन; (ii) टेम्पररी हाई बैलेंस (टीएचबी) के लिए संरक्षण की शुरुआत, विशेष रूप से यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों में; और (iii) इस्लामी जमा और विदेशी मुद्रा खातों के लिए विभेदित प्रबंध।

जबकि वैश्विक स्तर पर 92 प्रतिशत क्षेत्राधिकार कुछ श्रेणियों जैसे अंतरबैंक, सरकारी या संपार्श्विक जमा को छोड़ देते हैं, लगभग 21 प्रतिशत क्षेत्राधिकार कवरेज के दायरे में शीघ्र ही परिवर्तन की आशा करते हैं, जिसमें पूर्वदत्त भुगतान लिखतों (पीपीआई) सहित नए वित्तीय उत्पादों और भुगतान लिखतों को शामिल करने की ओर रुझान बढ़ रहा है। डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड सहित पूर्वदत्त भुगतान लिखत (पीपीआई) हाल के वर्षों में उल्लेखनीय गति से बढ़ रहे हैं। निगम ने इस पहलू की जाँच करने और अपनी सिफ़ारिशें देने के लिए एक आंतरिक कार्य समूह का गठन किया था। वर्तमान में इसकी जांच चल रही है (बॉक्स 2.1)।

बॉक्स 2.1: पूर्वदत्त लिखतों के लिए जमा बीमा

डिजिटल वॉलेट और प्रीपेड कार्ड सहित पूर्वदत्त भुगतान लिखतों (पीपीआई) ने लाखों लोगों के लिए डिजिटल भुगतान तक एक्सेस को लोकतांत्रिक बनाकर भारत के वित्तीय परिदृश्य में क्रांति ला दी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, पीपीआई द्वारा ₹2.2 लाख करोड़ (₹2.2 ट्रिलियन) मूल्य के लगभग 702.54 करोड़ (7.02 बिलियन) लेन-देन को सुगम बनाया गया, जो वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। ऐतिहासिक रूप से वंचित आबादी तक औपचारिक वित्तीय सेवाएँ पहुँचाकर, पीपीआई पारंपरिक बैंकिंग और डिजिटल भुगतान के बीच की खाई को पाट रहे हैं, जिससे भारत एक अधिक समावेशी और नकदी रहित अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर हो रहा है।

भारतीय परिदृश्य

इस तीव्र विस्तार के बीच, पीपीआई खातों में संग्रहीत धनराशि की सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण हो गया है। भारत में, इन प्रणालियों का विनियमन और पर्यवेक्षण भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 (पीएसएस अधिनियम, 2007) के तहत किया जाता है। भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) इस संविधि के तहत विभिन्न भुगतान प्रणालियों के संचालन के लिए प्राधिकरण प्रदान करता है। इस उद्देश्य से, आरबीआई ने पूर्वदत्त भुगतान लिखतों के निर्गमन एवं परिचालन से संबंधित मास्टर निदेश (एमडी-पीपीआई) जारी किया है, जिसमें पीपीआई जारीकर्ताओं के प्राधिकरण, विनियमन और पर्यवेक्षण के लिए एक रूपरेखा स्थापित की गई है।

पीपीआई को ऐसे उपकरण के रूप में परिभाषित किया गया है जो प्री-लोडेड मूल्य का उपयोग करके वस्तुओं और सेवाओं, धन प्रेषणों और वित्तीय सेवाओं की खरीद को सक्षम बनाता है। पीपीआई पारिस्थितिकी तंत्र में विविध लिखत शामिल हैं, एमडी-पीपीआई के तहत भारत में चार प्राथमिक श्रेणियों की अनुमति है: छोटे पीपीआई (न्यूनतम-विवरण पीपीआई), पूर्ण-केवाईसी पीपीआई, उपहार लिखत, और मास ट्रांजिट सिस्टम (पीपीआई-एमटीएस) के लिए पीपीआई। मास्टर निदेश जारीकर्ताओं के लिए दिशा-निर्देशों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं, जिनमें एस्क्रो खाता आवश्यकताएं, पीएसएस अधिनियम की धारा 23ए की प्रयोज्यता, इन एस्क्रो व्यवस्थाओं के अंतर्गत स्वीकार्य क्रेडिट और डेबिट लेन-देन, तथा वैधता और मोचन के लिए प्रोटोकॉल शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय अनुभव

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, पीपीआई के लिए ग्राहक सुरक्षा दो प्रमुख स्तंभों द्वारा सुदृढ़ की जाती है: (क) केंद्रीय बैंकों द्वारा कड़े विवेकपूर्ण विनियमन और (ख) जमा बीमा योजनाओं द्वारा प्रदान किया गया सुरक्षा कवच । केंद्रीय बैंक के नियम अक्सर प्रथम बचाव के रूप में कार्य करते हैं, जिनमें जोखिम प्रबंधन ढाँचे, पारदर्शिता मानक, लाइसेंसिंग मानदंड (जैसे न्यूनतम पूँजी सीमा और प्रमुख कार्मिकों के लिए उपयुक्त मानक), और क्रेडिट/डेबिट लेन-देन पर प्रतिबंध शामिल होते हैं। इन ढाँचों की आधारशिला मज़बूत निधि-सुरक्षा उपायों का कार्यान्वयन है:

(क) पृथक्करण आवश्यकताएं, जो यह अनिवार्य करती हैं कि एकत्रित ग्राहक निधियों को अलग-अलग फ्लोट खातों में रखा जाए, जो जारीकर्ता की परिचालन निधियों और अन्य वित्तीय आस्तियों से अलग हों; और

(ख) रिंग-फेंसिंग आवश्यकताएं, जो निर्धारित करती हैं कि पृथक फ्लोट खातों को विशेष प्रयोजन साधनों (जैसे, ट्रस्ट या कस्टोडियल खाते) के रूप में संरचित किया जाना चाहिए ताकि जारीकर्ता के लेनदारों के दावों से पूल की गई निधि को कानूनी रूप से अलग किया जा सके और अन्य प्रबंधित आस्तियों के साथ मिश्रण को रोका जा सके।

वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों द्वारा अपनाए गए ये नियामक सुरक्षा उपाय, पीपीआई जारीकर्ताओं की विफलता के विरुद्ध प्राथमिक सुरक्षा प्रदान करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि ग्राहकों का धन सुरक्षित और सुलभ बना रहे। हालाँकि, इन पृथक फ्लोट खातों को रखने वाले बैंकों की संभावित विफलताओं के कारण अवशिष्ट जोखिम बने रहते हैं, जिससे ग्राहकों के धन की और अधिक सुरक्षा के लिए जमा बीमा तंत्र पर विचार करना आवश्यक हो जाता है।

पीपीआई के लिए वैश्विक स्तर पर अपनाई गई जमा बीमा संरचना

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, पीपीआई के लिए जमा बीमा के दो प्राथमिक दृष्टिकोण[2] सामने आए हैं:

(क) प्रत्यक्ष दृष्टिकोण: इसमें, जमा बीमा कवरेज पीपीआई प्रदाता द्वारा जारी किए गए पीपीआई खातों तक सीधे विस्तारित होता है। इस मॉडल के तहत, जमा बीमाकर्ता पीपीआई खातों में रखी गई धनराशि की स्पष्ट गारंटी देता है, और उन्हें पारंपरिक बैंक जमाराशियों के समान ही मानता है। कोलंबिया और मेक्सिको जैसे देशों ने इस दृष्टिकोण को अपनाया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि ग्राहकों को निर्दिष्ट कवरेज सीमा तक प्रत्यक्ष सुरक्षा प्राप्त हो।

(ख) पास-थ्रू दृष्टिकोण: इसके विपरीत, पास-थ्रू मॉडल में पीपीआई जारीकर्ताओं को जमा बीमा प्रणाली का प्रत्यक्ष सदस्य बनने की आवश्यकता नहीं होती है। इसके बजाय, यह व्यक्तिगत ग्राहकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए फ्लोट खाते - जिसे बीमाकृत बैंक में जमा देयता के रूप में रखा जाता है (जो पहले से ही जमा बीमा योजना का हिस्सा है)- पर निर्भर करता है। जमा बीमाकर्ता फ्लोट खाते के भीतर प्रत्येक पीपीआई ग्राहक की पात्रता की पहचान करता है, तथा सम्पूर्ण फ्लोट खाते को एकल जमा के

(जारी...)

रूप में मानने के बजाय प्रत्येक लाभार्थी के बैलेंस पर कवरेज सीमा लागू करता है। इस दृष्टिकोण का उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका, केन्या और नाइजीरिया में किया जाता है, जो पीपीआई जारीकर्ताओं के लिए परिचालन सरलता बनाए रखते हुए अप्रत्यक्ष बीमा कवरेज को सक्षम बनाता है।

दोनों दृष्टिकोणों का उद्देश्य जारीकर्ता की विफलता या बैंक दिवालियापन से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करना है, हालांकि उनका कार्यान्वयन प्रत्येक क्षेत्राधिकार में नियामक ढांचे, बीमाकर्ता क्षमताओं और पीपीआई पारिस्थितिकी तंत्र की संरचना पर निर्भर करता है।

चूंकि भारत का डिजिटल भुगतान परिदृश्य लगातार बढ़ रहा है, तथा प्रतिदिन लाखों लेन-देन पीपीआई के माध्यम से हो रहे हैं, इसलिए उपयोगकर्ताओं के धन की सुरक्षा का महत्व पहले से कहीं अधिक बढ़ गया है। परंतु, कवरेज के संदर्भ में एक संतुलित दृष्टिकोण आवश्यक हो सकता है।

संदर्भ:

1. आरबीआई (2025), वार्षिक रिपोर्ट 2024-25, भुगतान प्रणाली संकेतक - वार्षिक कारोबार (अप्रैल-मार्च)।
2. सीजीएपी (2019)। तकनीकी नोट: जुआन कार्लोस इज़ागुइरे, डेनिस डायस, मेहमत केर्से द्वारा ई-मनी का जमा बीमा प्रतिपादन।

निर्धारणीय और बीमाकृत जमाराशि

कुल पात्र/निर्धारणीय जमा राशि (वर्ष-दर-वर्ष) 10.3 प्रतिशत बढ़कर मार्च 2025 के अंत तक ₹240.96 ट्रिलियन हो गई। बैंक में प्रति जमाकर्ता ₹500,000 (लगभग यूएस $ 5,842) की वर्तमान कवरेज सीमा पर, जो 4 फरवरी 2020 से प्रभावी है, कुल बीमाकृत जमा राशि में वर्ष-दर-वर्ष 6.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो मार्च 2025 के अंत तक ₹100.05 ट्रिलियन हो गई (चार्ट 2)

कवरेज अनुपात

मौजूदा कवरेज सीमा पर, पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात (एफपीएआर) (अर्थात, खातों की संख्या के संदर्भ में कवरेज अनुपात), मार्च 2025 के अंत तक 97.6 प्रतिशत (मार्च 2024 के अंत में 97.8 प्रतिशत) है (चार्ट 3)। यह दर्शाता है कि कुल पात्र/ निर्धारणीय खातों में से 97.6 प्रतिशत खातों में बैलेंस राशि ₹500,000 से कम थी। शेष 2.5 प्रतिशत खाते आंशिक रूप से ₹500,000 की कवरेज सीमा तक कवर किए गए थे; इन खातों के 'संपन्न वर्ग की ओर अधिक उन्मुख होने की आशा है। यह अनुपात 2020 से लगातार 98 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। वैश्विक स्तर पर, बाय-अकाउंट/बाय-डिपॉज़िटर्स आधार पर कवरेज अनुपात पिछले दशक में लगभग 98 प्रतिशत पर लगातार बहुत अधिक रहा है।[3]

बीमाकृत जमा अनुपात (आईडीआर), अर्थात कुल निर्धारणीय जमाराशि के लिए बीमाकृत जमाराशि का अनुपात (जमाराशियों के मूल्य के संदर्भ में कवरेज अनुपात भी कहा जाता है), मार्च 2025 के अंत में 41.5 प्रतिशत (मार्च 2024 के अंत में 43.1 प्रतिशत) था (चार्ट 3)। यह अनुपात 2020 में लगभग 50.9 प्रतिशत से कम हो गया था, जो यह दर्शाता है कि निर्धारणीय

चार्ट 2: निर्धारणीय और बीमाकृत जमाराशि



चार्ट 3: पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात (एफपीएआर) और बीमाकृत जमा अनुपात (आईडीआर)



3 आईएडीआई (2025). 2025 में जमा बीमा: वैश्विक रुझान और प्रमुख मुद्दे, पृष्ठ 17.

जमा राशि बीमाकृत जमा की तुलना में तेज गति से बढ़ रही हैं। वैश्विक स्तर पर, पिछले कुछ वर्षों में गिरावट के बाद, हालिया रुझान से पता चलता है कि मूल्य के आधार पर वैश्विक जमा बीमा कवरेज अनुपात 2024 में लगभग 48 प्रतिशत (2014 में 52 प्रतिशत) पर स्थिर हो गया है, जो संभवतः जमाकर्ता व्यवहार से प्रभावित है क्योंकि 5 प्रतिशत से भी कम क्षेत्राधिकारों ने वर्ष के दौरान अपने नाममात्र कवरेज स्तर में वृद्धि की है।[4]

बैंक समूहवार कवरेज अनुपात

सहकारी बैंकों में पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात 98.1 प्रतिशत था, जबकि वाणिज्यिक बैंकों में यह अनुपात 97.5 प्रतिशत था (चार्ट 4)।

चार्ट 4: बैंक समूहवार पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात



चार्ट 5: बैंक समूहवार बीमाकृत जमा अनुपात



सहकारी बैंकों का बीमाकृत जमा अनुपात 61.9 प्रतिशत था, जबकि वाणिज्यिक बैंकों का बीमाकृत जमा अनुपात 40.4 प्रतिशत था (चार्ट 5)।

कुल बीमाकृत जमाराशियों में बैंक समूहवार हिस्सेदारी

बैंकिंग प्रणाली में कुल बीमाकृत जमाराशियों के बैंक-समूहवार वितरण की जांच से पता चला कि वाणिज्यिक बैंकों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 92.3 प्रतिशत है । पिछले दो वर्षों में वाणिज्यिक बैंकों की हिस्सेदारी मुख्यतः निजी क्षेत्र के बैंकों के कारण धीरे-धीरे बढ़ रही है (तालिका 3)।

तालिका 3: सिस्टम-वार बीमाकृत जमाराशियों में हिस्सेदारी (प्रतिशत) (मार्च के अंत तक)

	2023	2024	2025
1. वाणिज्यिक बैंक	**91.8**	**92.1**	**92.3**
1.1 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (पीएसबी)	60.5	60.0	59.5
1.2 निजी क्षेत्र के बैंक (पीवीबी)	24.6	25.1	25.7
1.3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी)	5.2	5.3	5.2
1.4 लघु वित्त बैंक (एसएफबी)	0.8	1.0	1.1
1.5 विदेशी बैंक	0.6	0.5	0.5
1.6 भुगतान बैंक	0.1	0.2	0.3
1.7 स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी)	0.01	0.01	0.01
2. सहकारी बैंक	**8.2**	**7.9**	**7.7**
2.1 शहरी सहकारी बैंक (यूसीबी)	4.2	4.0	3.8
2.2 जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (डीसीसीबी)	3.3	3.3	0.7
2.3 राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी)	0.7	0.7	3.3
सभी बैंक (1+2)	**100.0**	**100.0**	**100.0**

स्रोत: बैंकों के जमा बीमा (डीआई) रिटर्न और डीआईसीजीसी स्टाफ आकलन

4 *पूर्वोक्त*, पृ. 18.

5. निधियों के स्रोत और उपयोग

निगम के पास निक्षेप बीमा निधि के अंतर्गत राजस्व के तीन प्राथमिक स्रोत हैं, अर्थात् बैंकों से प्राप्त जमा बीमा प्रीमियम, सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से आय तथा निपटाए गए जमा बीमा दावों/भुगतान किए गए गारंटी दावों के संबंध में वसूली। वर्ष 2024-25 के दौरान इन तीनों स्रोतों से राजस्व 13.3 प्रतिशत बढ़कर ₹43,892 करोड़ (पिछले वर्ष ₹38,727 करोड़) हो गया। पिछले तीन वर्षों में निवेश आय की तुलना में डीआई प्रीमियम में वृद्धि कम होने के कारण, कुल राजस्व में इसकी हिस्सेदारी 2024-25 में घटकर 61 प्रतिशत रह गई (चार्ट 6)।

चार्ट 6: निधियों के स्रोत



प्रीमियम राजस्व

वर्ष के दौरान निगम द्वारा प्राप्त कुल प्रीमियम 12.1 प्रतिशत बढ़कर ₹26,769 करोड़ हो गया। वाणिज्यिक बैंकों ने प्रीमियम प्राप्ति में 94.7 प्रतिशत और सहकारी बैंकों ने शेष 5.3 प्रतिशत का योगदान दिया (चार्ट 7)। प्रीमियम प्राप्ति में वाणिज्यिक बैंकों का हिस्सा धीरे-धीरे बढ़ रहा है, जो उनकी निर्धारणीय जमाराशियों में उच्च वृद्धि को दर्शाता है।

चार्ट 7: प्रीमियम आय



निवेश से आय

निगम प्रीमियम और ब्याज आय को भारत सरकार की प्रतिभूतियों (जीसेक) में निवेश करता है और रेपो/ट्रेप बाजार में उधार देता है। परिणामस्वरूप, निवेश से आय मुख्यतः तीन स्रोतों से प्राप्त होती है: 'निवेश पर ब्याज' (अर्थात, जीसेक पोर्टफोलियो से कूपन भुगतान), 'रिवर्स रेपो ब्याज आय' (अर्थात, रेपो/ट्रेप बाज़ार में उधार से ब्याज प्राप्तियाँ), और 'प्रतिभूतियों की बिक्री/मोचन पर शुद्ध लाभ (हानि)। वर्ष के दौरान निवेश आय 13.3 प्रतिशत बढ़कर ₹15,922 करोड़ हो गई, जो मुख्य रूप से डीआईएफ (99.3 प्रतिशत) में इन्फ्लो को दर्शाती है (चार्ट 8)।

चार्ट 8: निधि-वार निवेश आय



	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
जीएफ	46	45	55	55	54
सीजीएफ	43	45	48	50	53
डीआईएफ	9,650	10,496	11,908	13,947	15,814
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि (आरएचएस)	13.0	8.7	13.5	17.0	13.3

जमा बीमा निधि और आरक्षित निधि अनुपात

निगम का डीआई फंड 31 मार्च 2025 तक 15.2 प्रतिशत बढ़कर ₹2,28,933 करोड़ रुपये हो गया (31 मार्च 2024 तक ₹1,98,753 करोड़) (चार्ट 9)।

चार्ट 9: निक्षेप बीमा निधि



31 मार्च 2025 तक डीआईएफ से बीमाकृत जमा अनुपात (अर्थात आरक्षित निधि अनुपात) 2.29 प्रतिशत था (30 सितंबर 2024 को 2.21 प्रतिशत और 31 मार्च 2024 को 2.11 प्रतिशत)। फरवरी 2020 से कवरेज सीमा ₹100,000 से बढ़ाकर ₹500,000 करने के कारण मार्च 2020 में आई गिरावट के बाद, आरक्षित निधि अनुपात में सुधार हुआ है (चार्ट 10)। पिछले एक दशक में दुनिया भर में औसत निधि आकार कवर किए गए जमा का लगभग 2 प्रतिशत रहा है और मार्च 2024 के अंत तक 2.16 प्रतिशत दर्ज किया गया।[5]



6. दावा भुगतान

वर्ष के दौरान, निगम ने बीमाकृत जमाकर्ताओं के ₹476 करोड़ के दावों का निपटान किया। पूरा दावा सहकारी बैंकों से था: ₹331 करोड़ एआईडी के तहत आने वाले बैंकों से संबंधित थे और ₹145 करोड़ परिसमाप्त और विलयित बैंकों के दावों से संबंधित थे (चार्ट 11)।



स्थापना के बाद से डीआईसीजीसी द्वारा निपटाए गए कुल दावे ₹16,940.7 करोड़ थे। मार्च के अंत तक, डीआईएफ की तुलना में स्थापना के बाद से निपटाए गए कुल संचयी दावों का अनुपात पिछले 3 वर्षों में घटकर मार्च 2025 के अंत तक 7.4 प्रतिशत तक हो गया और यह फंड के आकार की तर्कसंगतता को दर्शाता है (चार्ट 12)।

चार्ट 12: स्थापना के बाद से निपटाए गए दावे



	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
एआईडी बैंक	3,457	4,103	5,359	5,690
विलयित/परिसमाप्त - सहकारी बैंक	10,524	10,632	10,670	10,955
विलयित/परिसमाप्त - वाणिज्यिक बैंक	296	296	296	296
स्थापना के बाद से अब तक के दावे और डीआईएफ अनुपात (आरएचएस)	9.72	8.86	8.21	7.40

दावा भुगतान के लिए दिनों की औसत संख्या

जहां तक डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 16 के तहत दावों के निपटान का संबंध है, निगम ने परिसमापक से दावे की प्राप्ति की तारीख से मंजूरी के लिए 2024-25 में औसतन 7 दिन (पिछले वर्ष 14 दिन) का समय लिया है। इसके अतिरिक्त, जहां तक एआईडी के अंतर्गत बैंकों का संबंध है, निगम ने ऐसे बैंकों को एआईडी जारी करने की तारीख से निक्षेप बीमा दावों के निपटान के लिए 90 दिनों की वैधानिक समय-सीमा का पालन किया है। आमतौर पर तेजी से अदायगी में बाधा डालने वाले कारकों में डेटा गुणवत्ता संबंधी मुद्दे, बीमित जमाकर्ताओं की पहचान, जमाकर्ताओं के पास वैकल्पिक बैंक खाता न होना और कुछ मामलों में राज्य सरकारों द्वारा परिसमापकों की नियुक्ति में देरी शामिल हैं।

सिंगल कस्टमर व्यू एप्लीकेशन - वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ बेंचमार्किंग

प्रौद्योगिकी विकास और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने की अपनी कार्यनीति के एक भाग के रूप में, डीआईसीजीसी ने दावा निपटान हेतु दावा डेटा की तत्परता सुनिश्चित करने के लिए सिंगल कस्टमर व्यू (एससीवी) एप्लिकेशन विकसित किया है।

5 स्रोत: आईएडीआई 2024 वार्षिक सर्वेक्षण डेटा।

यह एप्लिकेशन बैंकों को जमाकर्ता स्तर तक खाता स्तर की जानकारी एकत्र करने और जमाकर्ता सूची तैयार करने में सक्षम बनाएगा। यह एप्लिकेशन 'समान अधिकार और समान क्षमता' वाले खातों को एकत्रित करेगा और यदि कोई ऋण राशि हो तो उसे समायोजित कर बीमाकृत राशि निर्धारित करेगा। एससीवी एप्लीकेशन से प्राप्त डेटा से जमाकर्ताओं को शीघ्र भुगतान संभव हो सकेगा। कार्यान्वयन के लिए यह एप्लिकेशन बैंकों में चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। देश भर के कई केंद्रों में एससीवी एप्लिकेशन पर परिचयात्मक सत्र आयोजित किए गए।

7. वसूली

जमाकर्ताओं को किए गए दावों के भुगतान की वसूली करने के लिए जमा बीमाकर्ताओं को कानून द्वारा आदेश दिया गया है। यह प्रभावी जमा बीमा प्रणाली के लिए आईएडीआई के मूल सिद्धांत, 2014 का भी हिस्सा है। वसूली संबंधी मूल सिद्धांत 16 में कहा गया है कि 'जमा बीमाकर्ता को, विधि अनुसार, सांविधिक ऋणदाता पदानुक्रम के अनुसार अपने दावों की वसूली का अधिकार होना चाहिए।' इस मूल सिद्धांत के अंतर्गत दो आवश्यक मानदंड हैं कि 'वसूली प्रक्रिया में जमा बीमाकर्ता की भूमिका कानून में स्पष्ट रूप से परिभाषित की गई है और डीआई को प्रत्यायोजन द्वारा विफल बैंक के ऋणदाता के रूप में स्पष्ट रूप से मान्यता दी गई है और 'डीआई का असफल बैंक की संपत्ति के कानूनी उपचार में जमाकर्ता के समान कम से कम समान ऋणदाता अधिकार या दर्जा है।

वर्ष के दौरान, निगम को परिसमाप्त/अंतरिती और एआईडी सहकारी बैंकों से ₹1,309.08 करोड़ (वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ₹900.73 करोड़) का पुनर्भुगतान प्राप्त हुआ (चार्ट 13)। इसमें (i) परिसमाप्त सहकारी बैंकों/परिसमापनाधीन सहकारी बैंकों से ₹1,069.73 करोड़, (ii) एआईडी बैंकों से ₹236.18 करोड़ और (iii) एक परिसमाप्त वाणिज्यिक बैंक से ₹3.17 करोड़ प्राप्त पुनर्भुगतान शामिल हैं।

चार्ट 13: वसूली



8. जन जागरूकता अभियान को मजबूत करना

निगम के जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य हितधारकों, विशेष रूप से जमाकर्ताओं के साथ निरंतर और वास्तविक समय में जुड़ाव स्थापित करना है। इस संबंध में सभी बीमाकृत बैंकों को सूचित किया गया था कि वे 1 सितंबर 2023 से अपनी वेबसाइट और इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल पर डीआईसीजीसी वेबसाइट से जुड़े डीआईसीजीसी लोगो और क्यूआर कोड को प्रदर्शित करें। इस पहल का उद्देश्य जमाकर्ताओं को यह पता लगाने में सक्षम बनाना है कि क्या उनकी जमा राशि डीआईसीजीसी द्वारा सुरक्षित है या नहीं और जमा बीमा से संबंधित गतिविधियों की अन्य वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करना भी है। आज की स्थिति के अनुसार, 1,119 बैंक जिनकी अपनी वेबसाइट है, में से 1008 बैंकों ने डीआईसीजीसी लोगो और क्यूआर कोड प्रदर्शित किया है। इसके परिणामस्वरूप डीआईसीजीसी वेब पेज पर नए आगंतुकों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। प्रयागराज में महाकुंभ महोत्सव सहित रिज़र्व बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविरों में द्विभाषी जन जागरूकता सामग्री प्रदर्शित की गई।

नई वेबसाइट और मैस्कॉट

नई आधिकारिक वेबसाइट का उद्घाटन 05 नवंबर 2024 को भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्कालीन उप गवर्नर और डीआईसीजीसी के अध्यक्ष डॉ. माइकल डी. पात्र द्वारा किया गया। यह उपलब्धि जनता तक संचार और पहुंच को बेहतर बनाने के निगम के प्रयासों में एक उल्लेखनीय वृद्धि का प्रतीक है। वेबसाइट को जीवंत डिजाइन और सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाना है। वेबसाइट सरल नेविगेशन, एआई आधारित वर्चुअल सहायक द्वारा संचालित बेहतर सर्च और डीआईसीजीसी तथा इसकी गतिविधियों पर सूचनात्मक वीडियो के साथ एक सहज इंटरफ़ेस प्रदान करती है। अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आंकड़े अमेरिकी डॉलर में भी उपलब्ध हैं। यह साइट मोबाइल अनुकूल है और इसमें विशेष आवश्यकताओं वाले उपयोगकर्ताओं की सहायता के लिए एक्सेस योग्यता

सुविधाएं शामिल हैं। बीमित बैंकों की वेबसाइट पर डीआईसीजीसी के क्यूआर कोड और लोगो के प्रदर्शन के परिणामस्वरूप, डीआईसीजीसी वेबसाइट पर आवागमन कई गुना बढ़ गया है। वेबसाइट लॉन्च के साथ ही, डीआईसीजीसी ने अपने नए मैस्कॉट, डीआईए, बुद्धिमान उल्लू का अनावरण किया। डीआईए में 'डीआई' का अर्थ डीआईसीजीसी है, जबकि 'ए' का अर्थ असिस्टेंट है, जो अपने हितधारकों का मार्गदर्शन करने की डीआईए की प्राथमिक भूमिका को उजागर करता है।

दावा स्थिति ट्रैकर

जमाकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं में सुधार हेतु डीआईसीजीसी की निरंतर प्रतिबद्धता के एक भाग के रूप में, एक उपयोगकर्ता-अनुकूल दावा स्थिति ट्रैकर (दावा सूचक) लॉन्च किया गया है। 01 अप्रैल 2024 के बाद 'सर्व समावेशी निदेशों' (एआईडी) के तहत रखे गए बैंकों और परिसमाप्त बैंकों के जमाकर्ता अब डीआईसीजीसी वेबसाइट पर अपना मोबाइल नंबर (अपने बैंक में पंजीकृत) दर्ज करके अपने दावों की स्थिति पता लगा सकते हैं।

न्यूज़लेटर- सुरक्षा कवच

डीआईसीजीसी न्यूज़लेटर- सेफ्टी नेट के दो अंक, जिनमें निगम की गतिविधियों का अवलोकन, आईएडीआई शोध पत्रों से प्राप्त इनपुट आदि शामिल हैं, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पाठकों दोनों के लिए जारी किए गए।

सोशल मीडिया उपस्थिति

डीआईसीजीसी ने 'dicgc.india' यूज़रनेम के अंतर्गत एक इंस्टाग्राम अकाउंट और @dicgcindia हैंडल के साथ एक यूट्यूब चैनल बनाकर अपनी डिजिटल उपस्थिति का विस्तार किया है। इंस्टाग्राम, पब्लिक ऐप और यूट्यूब चैनल पर द्विभाषी जन जागरूकता वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं।

9. जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली

किसी भी अन्य संगठन की तरह, जमा बीमाकर्ता को भी अपने अनिवार्य कार्यों के निष्पादन के दौरान विभिन्न प्रकार के जोखिमों का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर, एक जमा बीमाकर्ता को बाजार जोखिम (ब्याज दर जोखिम, पुनर्निवेश जोखिम, संकेन्द्रण जोखिम और विदेशी मुद्रा/मुद्रा जोखिम), चलनिधि जोखिम (आस्ति-देयता प्रबंधन जोखिम और वित्तपोषण जोखिम), परिचालन जोखिम (आईटी और सूचना सुरक्षा जोखिम, कानूनी जोखिम आदि सहित) और प्रतिष्ठा जोखिम जैसे जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जमा बीमाकर्ताओं को आमतौर पर ऋण जोखिम का सामना नहीं करना पड़ता क्योंकि वे ज्यादातर सॉवरेन बॉण्ड में निवेश करते हैं। बैंक विफलता का जोखिम जमा बीमाकर्ताओं द्वारा सामना किया जाने वाला एक बाहरी जोखिम है।

जोखिम निगरानी ढाँचा

अमेरिका और यूरोप में 2023 की बैंकिंग विफलताओं ने जमा बीमाकर्ताओं में जोखिम निगरानी संरचना की पुनः जाँच करने की आवश्यकता पर बल दिया (बॉक्स 2.2)।

बॉक्स 2.2: जोखिम निगरानी ढांचा

वैश्विक बैंकिंग उथल-पुथल

मार्च 2023 में, सिलिकॉन वैली बैंक एक ही दिन में 42 बिलियन डॉलर के जमा बहिर्वाह के बाद ध्वस्त हो गया, जो मुख्य रूप से इसके तकनीक-केंद्रित जमाकर्ता आधार और दीर्घकालिक प्रतिभूतियों पर महत्वपूर्ण अवास्तविक घाटे के कारण हुआ। इसके तुरंत बाद, सिग्नेचर बैंक भी इसी तरह के दबाव में विफल हो गया। इसके जवाब में, फेडेरल डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (एफडीआईसी) ने जनता का विश्वास बनाए रखने और संक्रमण को रोकने के लिए सभी जमाराशियों की गारंटी दी, जिनमें $250,000 की मानक बीमा सीमा से अधिक की जमाराशि भी शामिल थीं। एसवीबी और सिग्नेचर बैंक के सभी जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए एफडीआईसी की त्वरित कार्रवाई ने प्रणालीगत जोखिमों से निपटने के लिए जमा बीमा प्रणालियों में लचीलेपन के महत्व को उजागर किया।

विश्वास के संकट का सामना कर रहे क्रेडिट सुइस को व्यापक वित्तीय संकट से बचने के लिए सरकारी मध्यस्थता वाले सौदे में यूबीएस द्वारा अधिग्रहित कर लिया गया। स्विस प्राधिकारियों ने पूर्ण रेज़ोल्यूशन प्रक्रिया शुरू किए बिना ही इस विलय को सुगम बना दिया, जिससे मौजूदा रेज़ोल्यूशन ढाँचों की प्रभावशीलता और तैयारी के बारे में चर्चा हुई। यूरोप में, भविष्य में बैंक विफलताओं के बेहतर प्रबंधन के लिए जमा बीमा सीमा बढ़ाने और रेज़ोल्यूशन योजना को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई।

वैश्विक बैंकिंग उथल-पुथल इस बात पर प्रकाश डालती है कि विश्व के एक हिस्से में अचानक आने वाले वित्तीय झटके कैसे पूरे बाज़ार में हलचल मचा सकते हैं। ये घटनाएँ समय रहते पता लगाने और तैयारी करने के महत्व को रेखांकित करती हैं। दुनिया भर के डीआई के लिए, ये घटनाएँ अपनी आंतरिक निगरानी क्षमताओं को मज़बूत करने के लिए एक समयोचित अनुस्मारक के रूप में कार्य करती हैं।

डीआईसीजीसी का जोखिम निगरानी ढांचा

किसी भी अन्य जमा बीमाकर्ता की तरह, डीआईसीजीसी भी बाह्य और अंतर्जात दोनों प्रकार के जोखिमों के संपर्क में है। इन जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए, डीआईसीजीसी को रिज़र्व बैंक के उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन (ईडब्ल्यूआरएम) ढांचे द्वारा निर्देशित किया जाता है। डीआईसीजीसी, रिज़र्व बैंक की संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी कंपनी है। ईडब्ल्यूआरएम फ्रेमवर्क का उद्देश्य निगम के उद्देश्यों की प्राप्ति के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए, स्पष्ट जोखिम सहनशीलता सीमाओं के भीतर जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन करना है। अपने जोखिम प्रबंधन कार्य को सुदृढ़ करने के लिए, डीआईसीजीसी ने 2023-24 में अपना स्वयं का जोखिम प्रबंधन फ्रेमवर्क अपनाया। इस ढांचे के तहत, जोखिम शासन संरचना में डीआईसीजीसी का निदेशक मंडल, 2023-24 में स्थापित बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति (आरएमसीबी), कार्यकारी स्तर की निवेश और जोखिम प्रबंधन समिति (आईआरएमसी) और जोखिम प्रबंधन कक्ष (आरआईएमसी) शामिल हैं।

आईआरएमसी की स्थापना निदेशक मंडल के निर्देशानुसार 21 मार्च 2003 को की गई थी, जिसका एक अधिदेश सामान्यतः जोखिम प्रबंधन कार्यों की देखरेख करना और निगम के बोर्ड द्वारा सौंपे गए अन्य संबंधित कार्यों का निष्पादन करना है। समिति के कार्यों में निगम के सामने आने वाले जोखिमों की समय-समय पर निगरानी करना; प्रभावी जोखिम प्रबंधन के लिए विभागों को निदेश जारी करना; डीआईसीजीसी के पोर्टफोलियो के लिए चलनिधि पर्याप्तता अनुपात (पूर्व में एलसीआर) की सीमा निर्धारित करना और उसकी समीक्षा करना; दबाव परीक्षण के मानदंड और आवृत्ति निर्धारित करना; और बैक टेस्टिंग और दबाव परीक्षण के परिणामों की समीक्षा करना शामिल है।

जोखिम प्रबंधन कक्ष (आरएमसी) की स्थापना 2023-24 में आरएमसीबी को विश्लेषणात्मक सहायता प्रदान करने के अधिदेश के साथ की गई थी। इस कक्ष का कार्य निगरानी, मापन, शमन और ईडब्ल्यूआरएम के अंतर्गत आरबीआई के जोखिम निगरानी विभाग (आरएमडी) और आरएमसीबी को रिपोर्ट करना है।

डीआईसीजीसी के जोखिम निगरानी ढाँचे में मानक बचाव पंक्तियां शामिल हैं। फ्रंटलाइन या व्यावसायिक क्षेत्र (बीए), जो अपने कार्यात्मक क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले जोखिमों की पहचान, मूल्यांकन और प्रबंधन के लिए मुख्य रूप से ज़िम्मेदार है, पहली बचाव पंक्ति है। अनुपालन दूसरी बचाव पंक्ति और आंतरिक लेखा परीक्षा तीसरी बचाव पंक्ति है।

परिचालनगत जोखिम रिज़र्व

परिचालन जोखिम से तात्पर्य अपर्याप्त या विफल आंतरिक प्रक्रियाओं, लोगों, प्रणालियों या बाहरी घटनाओं के परिणामस्वरूप होने वाली हानि के जोखिम से है। किसी संगठन का परिचालन जोखिम उसके परिचालन और व्यक्तियों, प्रणालियों और प्रक्रियाओं पर उसके भरोसे पर निर्भर करता है। किसी भी अन्य संगठन की तरह, डीआई भी परिचालन जोखिम से ग्रस्त है। प्रमुख क्षेत्राधिकारों में जमा बीमाकर्ताओं के परिचालन जोखिम ढाँचों के एक अध्ययन से पता चला है कि परिचालन जोखिमों के आकलन और प्रबंधन के लिए उपाय तो किए गए हैं, लेकिन कोई विशिष्ट परिचालन जोखिम रिज़र्व नहीं रखा गया है (बॉक्स 2.3)।

बॉक्स 2.3: जमा बीमा के लिए परिचालन जोखिम रिज़र्व

परिचालन जोखिम के प्रमुख स्रोतों में शामिल हैं: (क) आंतरिक प्रक्रियाएँ: कार्यप्रवाह में अक्षमताएँ, जैसे दावा प्रसंस्करण, निधि संवितरण, या जोखिम निर्धारण । नियंत्रण संरचनाओं या नीतियों और प्रक्रियाओं के डिज़ाइन में कमियाँ; (ख) मानवीय त्रुटियाँ: अपर्याप्त प्रशिक्षण के कारण डेटा प्रविष्टि, रिपोर्टिंग, या निर्णय लेने में गलतियाँ, कौशल की कमी, गलत निर्णय, अनधिकृत कार्य, या धोखाधड़ीपूर्ण आचरण; (ग) सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) जोखिम: सिस्टम में रुकावटें, साइबर हमले, या आईटी अवसंरचना में कमज़ोरियाँ, अपर्याप्त डेटा सुरक्षा उपाय जिसके कारण संवेदनशील जानकारी का उल्लंघन या हानि होती है, जमा गारंटी गणना या निधि प्रबंधन के लिए उपयोग की जाने वाली स्वचालित प्रणालियों में खराबी; और (घ) बाह्य व्यवधान: प्राकृतिक आपदाएं, महामारी या भू-राजनीतिक घटनाएं जो परिचालन को प्रभावित करती हैं, तीसरे पक्ष की विफलताएं, जैसे विक्रेता व्यवधान या सेवा प्रदाता समस्याएँ, कानूनी परिवर्तन जिनके लिए प्रणालियों या प्रक्रियाओं में तेजी से समायोजन की आवश्यकता होती है।

(जारी...)

रिज़र्व की आवश्यकता

- **परिचालन लचीलापन और वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करना:** परिचालन जोखिम अप्रत्याशित होते हैं और इनसे भारी वित्तीय नुकसान हो सकता है। समर्पित रिज़र्व, संगठन के मुख्य कार्यों को बाधित किए बिना इन झटकों को झेलने के लिए एक सुरक्षा कवच प्रदान करते हैं, जिससे परिचालन लचीलापन और स्थिरता सुनिश्चित होती है।
- **सामान्य जन के विश्वास की रक्षा:**: भुगतान में देरी करने वाली परिचालन विफलताएँ जमा बीमा प्रणाली में सामान्य जन के विश्वास को कमज़ोर कर सकती हैं। समर्पित आरक्षित निधियाँ जमाकर्ता संरक्षण की निरंतरता सुनिश्चित करने में मदद करती है, तथा वित्तीय सुरक्षा कवच में विश्वास को मजबूत करती है।
- **विनियामक और जोखिम प्रबंधन मानकों के साथ संरेखण:** बेसल III दिशानिर्देश जैसे अंतर्राष्ट्रीय नियामक ढाँचे, परिचालन जोखिमों को कवर करने के लिए बफर्स की आवश्यकता पर ज़ोर देते हैं। समर्पित रिज़र्व, जोखिम प्रबंधन में सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ डीआई को संरेखित करते हैं।
- **कारोबार निरंतरता योजना का समर्थन:** समर्पित रिज़र्व, जमा बीमाकर्ताओं को सुदृढ़ कारोबार निरंतरता और आपदा बहाली योजनाओं को लागू करने में सक्षम बना सकते हैं।

परिचालन जोखिम रिज़र्व का परिमाण निर्धारण

बैंकों के लिए परिचालन जोखिम रिज़र्व (ओआरआर) आवश्यकताओं का अनुमान लगाने के लिए उपलब्ध एक पद्धति, जिस पर आगे चलकर डीआई के लिए विचार किया जा सकता है, बेसल III मानकीकृत दृष्टिकोण (एसए) है। एसए कार्यप्रणाली निम्नलिखित घटकों पर आधारित है: (i) व्यवसाय संकेतक (बीआई) परिचालन जोखिम के लिए एक वित्तीय विवरण-आधारित प्रॉक्सी है, जिसमें तीन घटक शामिल हैं, अर्थात् ब्याज, पट्टे और लाभांश घटक (आईएलडीसी), सेवा घटक (एससी), और वित्तीय घटक (एफसी);(ii) व्यवसाय संकेतक घटक (बीआईसी) बीआई को सीमांत गुणांकों से गुणा करके प्राप्त किया जाता है जो बीआई के आकार के साथ बढ़ता है, जिससे आय का एक प्रगतिशील माप बनता है; और (iii) आंतरिक हानि गुणक (आईएलएम) पिछले 10 वर्षों में बैंक की औसत ऐतिहासिक हानि और बीआईसी के आधार पर आधारभूत पूंजी आवश्यकता को समायोजित करता है। जब तक व्यापक, उच्च-गुणवत्ता वाले परिचालन जोखिम हानि डेटा एकत्र नहीं किए जाते, तब तक ओआरआर का अनुमान व्यवसाय संकेतक घटक (बीआईसी) के आधार पर लगाया जाता है। एक बार जब पर्याप्त उच्च गुणवत्ता वाले हानि डेटा उपलब्ध हो जाते हैं, तो रिज़र्व अनुमान में आंतरिक हानि गुणक (आईएलएम) मॉडल पर विचार किया जा सकता है। डीआई के लिए ओआर रिज़र्व का परिमाण निर्धारण अभी जमा बीमाकर्ता का ध्यान आकर्षित नहीं कर पाया है, परंतु भविष्य में यह विचारणीय क्षेत्र है।

संदर्भ:

1. बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति (बीसीबीएस). (2017). *संकटोत्तर सुधारों को अंतिम रूप देना* (https://www.bis.org/bcbs/publ/d424.pdf)
2. इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) (2014)। *प्रभावी जमा बीमा प्रणालियों के मूल सिद्धांत* (https://www.iadi.org/en/assets/File/Core%20Principles/cprevised2014nov.pdf)
3. --- (2021), "डीआई का जोखिम प्रबंधन और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली", आईएडीआई का मार्गदर्शन पत्र, नवंबर 2020।
4. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई). (2023). *परिचालन जोखिम के लिए न्यूनतम पूँजीगत अपेक्षाओं पर मास्टर निदेश* (https://www.rbi.org.in/Scripts/NotificationUser.aspx?Id=12520&Mode=0)
5. भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई). (2024). *मास्टर परिपत्र - बासल III पूंजी विनियमावली* (https://rbidocs.rbi.org.in/rdocs/content/pdfs/08MC01042024_A.pdf)

डीआईसीजीसी में परिचालन जोखिम निगरानी

वर्तमान में, डीआईसीजीसी अपने जोखिम प्रबंधन ढांचे और भारतीय रिज़र्व बैंक के उद्यम-व्यापी जोखिम प्रबंधन (ईआरएम) ढांचे के मार्गदर्शन में अपने परिचालन जोखिमों का आकलन और प्रबंधन करता है। ईआरएम ढांचे के तहत, प्रत्येक परिचालन वर्टिकल के अंतर्गत परिचालन जोखिम क्षेत्रों की पहचान की जाती है (वार्षिक रूप से अद्यतन किया जाता है) और परिचालन जोखिम स्कोर तक पहुंचने के लिए नियंत्रण प्रभावशीलता को मान्य किया जाता है। जोखिम डैशबोर्ड को सूचना और मार्गदर्शन के लिए बोर्ड की जोखिम समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। बाजार जोखिम के विपरीत, डीआईसीजीसी वर्तमान में परिचालन जोखिम रिज़र्व को विशेष रूप से निर्धारित नहीं करता है। मानकीकृत अवधि विधि रिज़र्व द्वारा गणना किए गए बाजार जोखिम को तुलन-पत्र में निवेश उच्चावचन रिज़र्व के रूप में दर्शाया जाता है।

10. व्यावसायिक प्रक्रिया रीइंजीनियरिंग- कार्य प्रक्रिया का स्वचालन

निगम के सभी परिचालनों की प्रक्रिया स्वचालन का कार्य प्रगति पर है, जिसमें डेटा प्रबंधन, प्रक्रिया अनुकूलन, व्यापार विश्लेषण और साइबर सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, साथ ही बाजार की सर्वश्रेष्ठ प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जा रहा है। बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के सीधे प्रसंस्करण और विभिन्न मॉड्यूलों (बैंक पंजीकरण, प्रीमियम संग्रह, दावा निपटान, वसूली प्रबंधन, विधि और लेखा परीक्षा आदि) का निर्बाध एकीकरण कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में है। बैंक पंजीकरण और प्रीमियम संग्रह मॉड्यूल को लागू किया जा चुका है। भुगतान गेटवे के माध्यम से वास्तविक समय प्रीमियम संग्रह को सक्षम करने से डीआईसीजीसी में मिलान संबंधी मुद्दों का निवारण होने की आशा है। निगम अपनी गतिविधियों में डेटा एनालिटिक्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता का भी लाभ उठाएगा। एआईडी/परिसमाप्त बैंकों से भुगतानों को ट्रैक करने के लिए एक इन-हाउस रिकवरी डैशबोर्ड विकसित किया गया है। 1 अप्रैल 2025 से बैंक सर्वर पर स्थित एक स्टैंडअलोन सिंगल कस्टमर व्यू एप्लिकेशन, दावा प्रसंस्करण में लगने वाले समय को कम करेगा और इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। बोर्ड बैठक प्रबंधन सोल्यूशन एप्लीकेशन को पेपरलेस बैठक के लिए सक्षम किया गया है।

11. आईएडीआई और अन्य जमा बीमाकर्ताओं के साथ जुड़ाव

निगम 2005 से इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) का सदस्य है। आईएडीआई की स्थापना 2002 में जमा बीमा से संबंधित प्रथाओं और तकनीकों पर सूचना और विभिन्न देशों के अनुभवों के आदान-प्रदान हेतु एक अंतर्राष्ट्रीय मंच के रूप में हुई थी। यह जमा बीमा प्रणालियों के लिए एक वैश्विक मानक-निर्धारक रहा है। 2024 में, निगम ने आईएडीआई द्वारा आयोजित बैठकों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं के माध्यम से अन्य जमा बीमाकर्ताओं और आईएडीआई के साथ सक्रिय रूप से भागीदारी की और साथ ही आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण 2024 सहित विभिन्न सर्वेक्षणों में भाग लिया।

निगम ने 12-14 अगस्त 2024 को जयपुर, भारत में आईएडीआई-एपीआरसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की, जिसका विषय था "विकसित होते वित्तीय परिदृश्य को समझना: जमा बीमाकर्ताओं के लिए उभरती चुनौतियाँ और संकट की तैयारी का महत्व" (बॉक्स 2.4)।

बॉक्स 2.4: जयपुर, भारत में आईएडीआई-एपीआरसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, 12-14 अगस्त, 2024
"विकसित होते वित्तीय परिदृश्य को समझना: जमा बीमाकर्ताओं के लिए उभरती चुनौतियाँ और संकट की तैयारी का महत्व"

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डीआईसीजीसी), भारत ने 12-14 अगस्त 2024 को जयपुर, भारत में इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) - एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समिति (एपीआरसी) अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी की। "विकसित होते वित्तीय परिदृश्य को समझना: जमा बीमाकर्ताओं के लिए उभरती चुनौतियाँ और संकट की तैयारी का महत्व" विषय पर आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उभरते वित्तीय परिदृश्य और जलवायु परिवर्तन से संबंधित वित्तीय जोखिमों के संदर्भ में जमा बीमा और वित्तीय सुरक्षा कवच ढांचे के लिए चुनौतियों, निहितार्थों और दृष्टिकोण तथा संकट की तैयारी और प्रबंधन नीति के व्यापक महत्व पर विचार-विमर्श करना था।

इस सम्मेलन में आईएडीआई और एपीआरसी सचिवालय के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों, जमा बीमा एजेंसियों/12 देशों के केंद्रीय बैंकों में जमा बीमा विभाग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और पदाधिकारियों, भारत और विदेशी प्रख्यात वक्ताओं, पैनलिस्ट और पैनल मॉडरेटर, भारत के चुनिंदा प्रमुख बैंकों के वरिष्ठ आमंत्रितगणों, भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और डीआईसीजीसी के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

भारतीय रिज़र्व बैंक के तत्कालीन उप गवर्नर और डीआईसीजीसी के अध्यक्ष, डॉ. माइकल डी. पात्र ने 'जमा बीमाकर्ताओं के लिए उभरती चुनौतियों का समाधान और संकटकालीन तैयारी की मजबूती" विषय पर अपना मुख्य भाषण दिया। भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर, श्री स्वामीनाथन जे ने 'उभरते वित्तीय प्रौद्योगिकी

(जारी...)

परिदृश्य में वित्तीय स्थिरता' विषय पर पर प्रतिभागियों को संबोधित किया। उप गवर्नर, श्री एम राजेश्वर राव ने 'जमा बीमा: बदलते समय के साथ तालमेल' विषय पर समापन भाषण दिया। आईएडीआई, कार्यकारी परिषद के सभापति और अध्यक्ष, श्री अलेजांद्रो लोपेज़, आईएडीआई एपीआरसी के अध्यक्ष और डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ जापान के गवर्नर, श्री हिडनोरी मित्सुई और आईएडीआई की महासचिव, सुश्री ईवा हुपकेस ने 'डिजिटल परिवर्तन - टोकनयुक्त विश्व में जमा का भविष्य' विषय पर प्रतिनिधियों को संबोधित किया।

सम्मेलन में चार पैनल चर्चाएं हुईं। 'डिजिटल करेंसी युग में जमा बीमा' पर पहले पैनल ने जमा बीमा और वित्तीय स्थिरता के संदर्भ में डिजिटल नवाचार, विशेष रूप से सीबीडीसी के लाभों और चुनौतियों का विश्लेषण किया। 'टोकनयुक्त जमाराशि' पर दूसरे पैनल ने इस बात की जांच की कि टोकनयुक्त जमाराशियों की अनूठी विशेषताओं के लिए मौजूदा जमा बीमा ढांचों में अनुकूलन की आवश्यकता कैसे हो सकती है। 'जमा बीमाकर्ता और जलवायु परिवर्तन-संबंधित वित्तीय जोखिम' पर तीसरे पैनल ने वित्तीय स्थिरता और जमा बीमा पर जलवायु परिवर्तन से संबंधित वित्तीय जोखिमों के प्रभाव को समझने के लिए जारी प्रयासों पर विचार-विमर्श किया। 'जमा बीमा के लिए संकटकालीन तैयारी और प्रबंधन नीतियों में सुधार: जमा बीमाकर्ताओं से केस स्टडीज़' पर पैनल 4 ने जमा बीमाकर्ताओं और आरबीआई के केस स्टडीज़ प्रस्तुत कीं। दो प्रख्यात वक्ताओं ने 'फिनटेक में भविष्य के विकास और जमा बीमा पर इसका प्रभाव' और 'भविष्य की वित्तीय प्रणाली के रूप में 'फिनटरनेट' - कई परस्पर जुड़े वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्रों की एक व्यवस्था' विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के दौरान कार्यनीतिक प्राथमिकताओं और कार्य योजनाओं संबंधी एपीआरसी संयुक्त टास्कफोर्स (जेटीएफ) की 21वीं बैठक भी आयोजित की गई।

12. निष्कर्ष और आगे की राह

डीआईसीजीसी ने वर्ष के दौरान निक्षेप बीमा योजना का प्रभावी ढंग से संचालन किया। मार्च 2025 के अंत तक, मौजूदा कवरेज सीमा के अंतर्गत बीमाकृत जमा अनुपात और पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात मामूली रूप से घटकर क्रमशः 41.5 प्रतिशत (पिछले वर्ष 43.1 प्रतिशत) और 97.6 प्रतिशत (पिछले वर्ष 97.8 प्रतिशत) रह गया। बीमाकृत जमा के अनुपात के रूप में निक्षेप बीमा निधि का आकार (अर्थात आरक्षित निधि अनुपात) बढ़कर 2.29 प्रतिशत (2.11 प्रतिशत) हो गया। ये अनुपात दिसंबर 2024 के अंत तक क्रमशः 48 प्रतिशत, 98 प्रतिशत और 2.38 प्रतिशत के वैश्विक माध्य से कम थे। हालाँकि, ये एशिया प्रशांत औसत अनुपात से ऊपर हैं। कवरेज में देखी गई गिरावट एशियाई और लैटिन अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं में देखी गई गिरावट के अनुरूप है। हालाँकि, यह उच्च मध्यम-आय वाले क्षेत्राधिकारों के बराबर और निम्न-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं से ऊपर है।

भविष्य में, उभरते वित्तीय परिदृश्य को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए, डीआईसीजीसी विभिन्न पहलों के माध्यम से अपनी क्षमताओं को बढ़ाने में सक्रिय रूप से लगा हुआ है। डीआईसीजीसी दावा निपटान (सिंगल कस्टमर व्यू

एप्लिकेशन का उपयोग), रियल टाइम प्रीमियम संग्रहण और बिज़नेस एनालिटिक्स के माध्यम से जमा डेटा निगरानी जैसे क्षेत्रों में परिचालन दक्षता में सुधार हेतु उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का निरंतर पता लगा रहा है। इसके अतिरिक्त, निगम लक्षित संचार अभियानों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपस्थिति बनाए रखने, सूचनात्मक वीडियो के प्रदर्शन और ग्राहक-अनुकूल वेबसाइट के माध्यम से जन जागरूकता बढ़ा रहा है। डीआईसीजीसी घरेलू स्तर पर सभी हितधारकों के साथ जुड़ा रहेगा और समझौता ज्ञापनों और अन्य अंतर्राष्ट्रीय मंचों के माध्यम से आपसी हितों के महत्वपूर्ण विषयों/ गतिविधियों पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जमा बीमाकर्ताओं के साथ सहयोग करना जारी रखेगा। अपनी व्यावसायिक प्रक्रियाओं में नवाचार को अपनाकर, जोखिम प्रबंधन ढांचे को मजबूत करके, जन जागरूकता अभियानों पर ध्यान केंद्रित करके और वैश्विक रुझानों के अनुरूप रहकर, डीआईसीजीसी जमाकर्ताओं का विश्वास बनाए रखने और भारत की बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

3. जमा बीमा में वैश्विक गतिविधियां

परिचय

जमा बीमा वित्तीय स्थिरता की आधारशिला के रूप में कार्य करता है, जमाकर्ताओं की सुरक्षा करता है तथा बैंकिंग प्रणाली में विश्वास बनाए रखता है। वैश्विक वित्तीय परिदृश्य महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजर रहा है, जिससे जमा बीमा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। जैसे-जैसे अर्थव्यवस्थाएं विकसित हो रही हैं और नई चुनौतियां सामने आ रही हैं, दुनिया भर में जमा बीमा प्रणालियां जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए अनुकूलित हो रही हैं। यह अध्याय वैश्विक जमा बीमा में नवीनतम रुझानों और उभरती चुनौतियों का विहंगावलोकन प्रस्तुत करता है, तथा जमा बीमाकर्ताओं के विकसित हो रहे अधिदेशों, प्रौद्योगिक उन्नति और कार्यनीतिक विकल्पों पर प्रकाश डालता है।[1]

अधिदेश

पिछले एक दशक में, जमा बीमाकर्ताओं (डीआई) में महत्वपूर्ण बदलाव आया है, जो पारंपरिक "पेबॉक्स" अधिदेशों[2], जो कि पूरी तरह से बैंक विफलताओं के मामले में जमाराशि की प्रतिपूर्ति पर केंद्रित था, से आगे बढ़कर बैंक *रेज़ोल्यूशन* और वित्तीय स्थिरता उपायों को शामिल करने वाली अतिरिक्त भूमिकाओं की ओर अग्रसर हुए हैं। पिछले दशक में जमा बीमाकर्ताओं का अधिदेश लगातार विकसित हो रहा है तथा जमा बीमाकर्ताओं की *रेज़ोल्यूशन* कार्यों में भागीदारी बढ़ रही है। प्रतिपूर्ति से परे *रेज़ोल्यूशन* में अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ निभाने वाले जमा बीमाकर्ताओं की हिस्सेदारी 2014 के 75 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 89 प्रतिशत हो गई है, जिसका मुख्य कारण पेबॉक्स प्लस अधिदेश में 36 प्रतिशत से 51 प्रतिशत और रिस्क मिनिमाइज़र में 14 प्रतिशत से 17 प्रतिशत की वृद्धि है। पेबॉक्स अधिदेश वाले जमा बीमाकर्ताओं की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत से घटकर 11 प्रतिशत हो गई है, जो अपने निम्नतम स्तर पर है (आईएडीआई, 2025)।

विभिन्न क्षेत्रों और आर्थिक विकास की स्थिति के अनुसार, जमा बीमाकर्ताओं के अधिदेशों में काफी भिन्नता पाई जाती हैं। एशिया और अफ्रीका में शुद्ध पेबॉक्स अधिदेश वाले जमा बीमाकर्ताओं की हिस्सेदारी क्रमशः 24 प्रतिशत और 33 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका और यूरोप में यह क्रमशः 5 प्रतिशत और 3 प्रतिशत है। आंकड़े दर्शाते हैं कि जमा बीमाकर्ताओं के अधिदेश सामान्यतः उनके क्षेत्राधिकार में आर्थिक विकास की स्थिति से संबंधित हैं; उन्नत अर्थव्यवस्थाओं ने जमा बीमाकर्ताओं को व्यापक अधिदेश प्रदान किया है।[3] उच्च आय वाले क्षेत्राधिकारों (45 प्रतिशत) में लॉस और रिस्क न्यूनीकरण अधिदेश वाले जमा बीमाकर्ताओं की हिस्सेदारी निम्न मध्यम आय वाले क्षेत्राधिकारों (22 प्रतिशत) की हिस्सेदारी से दोगुनी से भी अधिक है। डीआईसीजीसी के पास पेबॉक्स प्लस अधिदेश है।

जमा बीमा का कवरेज

जमा बीमा कवरेज की पर्याप्तता, स्तर और कार्य क्षेत्र दोनों ही दृष्टि से, जमाकर्ता के विश्वास की रक्षा करने, वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने और प्रणालीगत जोखिम को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जबकि अत्यधिक कवरेज से नैतिक जोखिम उत्पन्न हो सकता है, अपर्याप्त संरक्षण से जमाकर्ता में घबराहट पैदा हो सकती है, विशेष रूप से तनाव की अवधि में।

वैश्विक स्तर पर, बाय-अकाउंट या बाय-डिपॉज़िटर आधार पर कवरेज अनुपात पिछले दशक में लगभग 98 प्रतिशत के साथ लगातार बहुत अधिक रहा है। दूसरी ओर, मूल्य के आधार पर कवरेज अनुपात में पिछले कुछ वर्षों में गिरावट के

1 यह विहंगावलोकन आईएडीआई के वार्षिक सर्वेक्षण, 2024 के आंकड़ों और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) की रिपोर्ट "2025 में जमा बीमा: वैश्विक रुझान और प्रमुख मुद्दे" से प्राप्त अंतर्दृष्टि के आधार पर तैयार किया गया है।"

2 जमा बीमाकर्ता का "अधिदेश" उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का वर्णन करने वाले आधिकारिक अनुदेशों के समूह को संदर्भित करता है। इन्हें मोटे तौर पर चार श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है: (i) "पे बॉक्स" अधिदेश, जहां जमा बीमाकर्ता केवल बीमाकृत जमा की प्रतिपूर्ति के लिए जिम्मेदार होता है; (ii) "पे बॉक्स प्लस" अधिदेश, जहाँ जमा बीमाकर्ता की अतिरिक्त ज़िम्मेदारियाँ होती हैं। इसमें वह मामला शामिल है जहाँ जमा बीमाकर्ता (एकमात्र) *रेज़ोल्यूशन* प्राधिकरण नहीं है, परंतु जब वह *रेज़ोल्यूशन* निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेता है, *रेज़ोल्यूशन* प्राधिकरण को उसके कार्यों के निष्पादन में सहायता करता है, या *रेज़ोल्यूशन* उपायों के समर्थन के लिए अपनी निधियों के उपयोग को प्राधिकृत करता है; (iii) "लॉस मिनिमाइज़र" अधिदेश, जहां बीमाकर्ता बीमित जमाकर्ताओं के लाभ के लिए और लागत या हानि को न्यूनतम करने वाले तरीके से *रेज़ोल्यूशन* कार्यनीतियों की एक श्रृंखला के चयन और कार्यान्वयन में सक्रिय रूप से संलग्न होता है; और (iv) " रिस्क मिनिमाइज़र" अधिदेश, जहाँ बीमाकर्ता के पास व्यापक जोखिम न्यूनीकरण कार्य होते हैं जिनमें जोखिम आकलन/प्रबंधन, शीघ्र हस्तक्षेप और *रेज़ोल्यूशन* शक्तियों का एक पूर्ण समूह, और कुछ मामलों में विवेकपूर्ण निगरानी संबंधी ज़िम्मेदारियाँ शामिल होती हैं। स्रोत: प्रभावी जमा बीमा प्रणालियों के लिए आईएडीआई मूल सिद्धांत, 2014 ।

3 विश्व बैंक के अनुसार आय के आधार पर देशीय वर्गीकरण।

बाद हाल के वर्षों में स्थिरता आई है, जो 2024 में लगभग 48 प्रतिशत है, जो संभवतः नाममात्र कवरेज स्तरों में परिवर्तन (2014 में 52 प्रतिशत) के बजाय जमाकर्ता के व्यवहार से प्रभावित है। आय श्रेणी के अनुसार उच्च आय वाले क्षेत्राधिकार 56 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक कवरेज प्रदान करते हैं, इसके बाद उच्च मध्यम आय वाले क्षेत्राधिकार 42.3 प्रतिशत और निम्न मध्यम आय वाले क्षेत्राधिकार 30.4 प्रतिशत पर हैं। हाल ही में प्रवृत्ति प्रत्यावर्तन सभी क्षेत्रों में एक समान नहीं है। जबकि एशिया और लैटिन अमेरिका में मूल्य के आधार पर कवरेज अनुपात में गिरावट जारी है (क्रमशः 43 प्रतिशत और 41 प्रतिशत), उत्तरी अमेरिका और यूरोप में स्थिर या मामूली रूप से वृद्धि अनुपात (क्रमशः 56 प्रतिशत और 59 प्रतिशत) देखा गया है।

जमा बीमा कवरेज स्तर का आकलन आमतौर पर तीन मुख्य संकेतकों का उपयोग करके किया जाता है, अर्थात्: (i) बीमाकृत जमा अनुपात (आईडीआर) - कुल जमा में बीमाकृत जमा का अनुपात; (ii) पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात (एफपीएआर) - कवरेज सीमा के तहत पूर्णतः संरक्षित जमाकर्ता खातों का अनुपात; और (iii) आरक्षित निधि अनुपात (आरआर) - बीमित जमा के लिए निक्षेप बीमा निधि का अनुपात । इन संकेतकों के संबंध में तुलनात्मक स्थिति का सार तालिका 1 में प्रस्तुत है।

भारत के लिए आईडीआर 41.5 प्रतिशत है, जो वैश्विक माध्यिका के नज़दीक है और अफ्रीका, एशिया-प्रशांत और कैरिबियाई क्षेत्रों के माध्यिका से अधिक है (तालिका 2)। इसका तात्पर्य यह है कि क्षेत्रीय एपीआरसी सदस्यों की तुलना में भारत में कुल जमाराशियों का एक बड़ा हिस्सा डीआईसीजीसी योजना के अंतर्गत आता है।

पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात (एफपीएआर) के संदर्भ में, भारत वैश्विक समकक्षों के बराबर है और एशिया प्रशांत क्षेत्र के जमा बीमाकर्ताओं से अपेक्षाकृत बेहतर है। भारत का 97.5 प्रतिशत का एफपीएआर वैश्विक औसत 97.9 प्रतिशत के

तालिका 1: जमा बीमा कवरेज के तुलनात्मक संकेतक (दिसंबर 2023 की स्थिति के अनुसार)

संकेतक	भारत (मार्च 2025)	एशिया-प्रशांत क्षेत्र (माध्यिका)	वैश्विक (माध्यिका)
बीमाकृत जमा अनुपात (आईडीआर)	41.5%	28.8%	43.1%
पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात (एफपीएआर)	97.6%	95.3%	97.9%
आरक्षित निधि अनुपात (आरआर)	2.29%	1.64%	2.38%

स्रोत: आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण 2024 और डीआईसीजीसी स्टाफ आकलन ।

तालिका 2: आईएडीआई क्षेत्रवार बीमाकृत जमा अनुपात (आईडीआर)

(प्रतिशत)

आईएडीआई क्षेत्र	न्यूनतम आईडीआर	आईडीआर माध्यिका	आईडीआर की अधिकतम सीमा
अफ्रीका क्षेत्रीय समिति (एआरसी)	6.4	8.9	100.0
एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय समिति (एपीआरसी)	7.5	28.8	68.2
कैरिबियन क्षेत्रीय समिति (सीआरसी)	14.0	30.1	31.3
यूरेशिया क्षेत्रीय समिति (ईएआरसी)	16.3	53.1	100.0
यूरोप क्षेत्रीय समिति (ईआरसी)	0.5	58.9	100.0
लैटिन अमेरिका क्षेत्रीय समिति (एलएआरसी)	16.4	35.7	55.2
मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्रीय समिति (एमईएनए)	10.8	20.4	100.0
उत्तरी अमेरिका की क्षेत्रीय समिति (आरसीएनए)	36.0	100.0	100.0
वैश्विक मूल्य	**0.5**	**43.1**	**100.0**
भारत		**41.5** (43.1)	

स्रोत: 2024 आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण और डीआईसीजीसी स्टाफ आकलन ।

टिप्पणी:

1) आईएडीआई डेटा 31 दिसंबर 2023 तक के हैं। भारत के लिए, डेटा 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2024 (कोष्ठक में) तक के हैं ।

2) आईडीआर - बीमाकृत जमा अनुपात ।

तालिका 3: आईएडीआई क्षेत्रवार पूर्णतः संरक्षित खाता अनुपात (एफपीएआर)

(प्रतिशत)

आईएडीआई क्षेत्र	न्यूनतम एफपीडीआर	एफपीडीआर माध्यिका	एफपीडीआर की अधिकतम सीमा
अफ्रीका क्षेत्रीय समिति (एआरसी)	6.6	90.7	99.7
एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय समिति (एपीआरसी)	88.7	95.3	99.9
कैरिबियन क्षेत्रीय समिति (सीआरसी)	23.2	87.0	96.8
यूरेशिया क्षेत्रीय समिति (ईएआरसी)	98.4	99.0	100.0
यूरोप क्षेत्रीय समिति (ईआरसी)	0.0	92.8	100.0
लैटिन अमेरिका क्षेत्रीय समिति (एलएआरसी)	70.0	98.5	99.9
मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्रीय समिति (एमईएनए)	90.0	95.2	100.0
उत्तरी अमेरिका की क्षेत्रीय समिति (आरसीएनए)	95.9	100.0	100.0
वैश्विक मूल्य	**0.0**	**97.9**	**100.0**
भारत		**97.6** (97.8)	

स्रोत: 2024 आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण और डीआईसीजीसी स्टाफ आकलन।

टिप्पणी:

1) आईएडीआई डेटा 31 दिसंबर 2023 तक के हैं। भारत के लिए, डेटा 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2024 (कोष्ठक में) तक के हैं।

लगभग समान है, जो दर्शाता है कि अधिकांश जमा खाते पूरी तरह से ₹5 लाख की निर्धारित कवरेज सीमा के अंतर्गत आते हैं (तालिका 3)। सुरक्षा का यह स्तर आईएडीआई के मूल सिद्धांत 8 के अनुरूप है, जो सीमित परंतु विश्वसनीय कवरेज की अनुशंसा करता है जो कि अधिकांश जमाकर्ताओं की सुरक्षा करता है और शेष को बाजार अनुशासन पर छोड़ देता है।

निधियों के स्रोत

प्रीमियम

वैश्विक स्तर पर, जमा बीमाकर्ताओं का वित्तपोषण मुख्यतः प्रत्याशित (जमा बीमाकर्ताओं का 98 प्रतिशत) होता है। डीआईसीजीसी के पास एक प्रत्याशित निक्षेप बीमा निधि है जो मुख्यतः एक समान दर प्रीमियम प्रणाली द्वारा वित्तपोषित है।

सार्वजनिक बैकस्टॉप फंडिंग

जमा बीमाकर्ताओं (डीआई) के बैकअप फंडिंग स्रोत विविध हैं। आईएडीआई मूल सिद्धांत 9 सरकार, केंद्रीय बैंक, सदस्य बैंकों और/या बाजार से बैकस्टॉप चलनिधि सहायता का समर्थन करता है। आईएडीआई के 2024 के वार्षिक सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर, 2024 में जमा बीमाकर्ताओं की बैकअप फंडिंग व्यवस्था में निजी और सार्वजनिक, दोनों तरह के बैकअप फंडिंग विकल्प शामिल रहेंगे। लगभग 76 प्रतिशत जमा बीमाकर्ता सदस्य संस्थानों से बैकअप फंडिंग प्राप्त कर सकते हैं, लगभग 75 प्रतिशत जमा बीमाकर्ता सरकार या केंद्रीय बैंक से सार्वजनिक बैकअप फंडिंग प्राप्त कर सकते हैं, 33 प्रतिशत की निजी बाजारों (जैसे, उधार के माध्यम से) तक पहुँच है, और 27 प्रतिशत की डेवल्पमेंट बैंकों या अंतर्राष्ट्रीय संगठनों तक पहुँच है।

निधियों का उपयोग

निक्षेप बीमा निधि

बीमाकृत जमा के अनुपात के रूप में निक्षेप बीमा निधि का आकार, जिसे कुछ क्षेत्राधिकारों में आरक्षित निधि अनुपात (आरआर) भी कहा जाता है, जमा बीमाकर्ताओं की तुलना करने के लिए एक अन्य मानक है। वैश्विक स्तर पर, औसत निधि का आकार कवर की गई जमाराशि का लगभग 2 प्रतिशत बना हुआ है, जो 2024 आईएडीआई सर्वेक्षण डेटा के अनुसार 2.38 प्रतिशत है। हालाँकि, इसमें क्षेत्रीय भिन्नताएं भी हैं: अफ्रीका (10 प्रतिशत से अधिक), एशियाई फंड (लगभग 2.5 प्रतिशत) और यूरोप (0.8 प्रतिशत)। वैश्विक औसत के रूप में, जमा बीमाकर्ता अपने लक्षित निधि स्तर के लगभग 80 प्रतिशत के बराबर निधियाँ रखते हैं।

मार्च 2025 के अंत तक भारत का आरक्षित निधि अनुपात 2.29 प्रतिशत है, जो एशिया-प्रशांत के औसत 1.64 प्रतिशत की तुलना में बेहतर है, यद्यपि यह वैश्विक औसत 2.38 प्रतिशत से थोड़ा कम है (तालिका 4)।

तालिका 4: आईएडीआई क्षेत्रवार आरक्षित निधि अनुपात (आरआर)

(प्रतिशत)

आईएडीआई क्षेत्र	न्यूनतम आरआर	आरआर माध्यिका	अधिकतम आरआर
अफ्रीका क्षेत्रीय समिति (एआरसी)	0.34	18.50	100.00
एशिया-प्रशांत क्षेत्रीय समिति (एपीआरसी)	0.23	1.64	14.91
कैरिबियन क्षेत्रीय समिति (सीआरसी)	3.30	6.40	16.04
यूरेशिया क्षेत्रीय समिति (ईएआरसी)	2.80	4.86	8.30
यूरोप क्षेत्रीय समिति (ईआरसी)	0.00	1.00	8.08
लैटिन अमेरिका क्षेत्रीय समिति (एलएआरसी)	1.61	12.87	32.08
मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्रीय समिति (एमईएनए)	1.21	9.73	27.71
उत्तरी अमेरिका की क्षेत्रीय समिति (आरसीएनए)	0.86	1.26	75.00
वैश्विक मूल्य	**0.00**	**2.38**	**100.00**
भारत		**2.29** (2.11)	

स्रोत: 2024 आईएडीआई वार्षिक सर्वेक्षण और डीआईसीजीसी स्टाफ आकलन।

टिप्पणी:

1) आईएडीआई डेटा 31 दिसंबर 2023 तक के हैं। भारत के लिए, डेटा 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2024 (कोष्ठक में) तक के हैं।

प्रतिपूर्ति

बैंक की विफलता के बाद जमाकर्ताओं को शीघ्र धनराशि की प्रतिपूर्ति करना बैंकिंग प्रणाली में विश्वास बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतिपूर्ति शुरू करने में लगने वाले समय को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। प्रौद्योगिक उन्नति ने जमा बीमाकर्ताओं को अधिक तेजी से भुगतान शुरू करने में सक्षम बनाया है, जिससे जमाकर्ताओं का विश्वास बढ़ा है और वित्तीय स्थिरता में योगदान मिला है।

प्रभावी जमा बीमा प्रणालियों के लिए आईएडीआई के मूल सिद्धांतों में निर्धारित 7 दिनों के भीतर जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति करने के मानक को पूरा करने की निरंतर चुनौती के बावजूद, पिछले दशक में वैश्विक स्तर पर प्रतिपूर्ति में जमा बीमाकर्ताओं की दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जमाकर्ताओं को प्रतिपूर्ति की वैश्विक औसत अवधि 27 दिनों से घटाकर 12 दिन कर दी गई है तथा सात दिनों के भीतर प्रतिपूर्ति शुरू करने वाले जमा बीमाकर्ताओं का अनुपात दोगुना से भी अधिक बढ़कर लगभग 70 प्रतिशत हो गया है (2013 में यह 30 प्रतिशत से कुछ अधिक था)। हालाँकि, यह दक्षता क्षेत्र के अनुसार भिन्न होती है, जहाँ 82 प्रतिशत अमेरिकी जमा बीमाकर्ता सात दिनों के भीतर भुगतान शुरू कर देते हैं, वहीं एशियाई जमा बीमाकर्ताओं में यह दर 46 प्रतिशत है।

जमा बीमाकर्ताओं की प्रतिपूर्ति की गति कई कारकों से प्रभावित हो सकती है, जिनमें डेटा की गुणवत्ता/पहुँच, प्रतिपूर्ति कार्यों का नियमित परीक्षण, परिसमापकों की नियुक्ति और प्रौद्योगिक उन्नति का लाभ उठाना शामिल है। 32 वास्तविक मामलों (2016-2021) पर किए गए 2023 आईएडीआई अध्ययन से आशाजनक प्रतिपूर्ति समय-सीमाएँ सामने आईं: 41 प्रतिशत मामलों में, 75 प्रतिशत से अधिक बीमाकृत जमाकर्ताओं को 7 कार्यदिवसों के भीतर प्रतिपूर्ति की गई, और 51 प्रतिशत मामलों में, 75 प्रतिशत से अधिक बीमाकृत जमा राशि उसी समय-सीमा के भीतर उपलब्ध थी। भारत में प्रतिपूर्ति वैधानिक समय-सीमाओं द्वारा निर्देशित होती है। हालाँकि, सिंगल कस्टमर व्यू एप्लिकेशन के माध्यम से डेटा की गुणवत्ता में सुधार करने की वर्तमान पहल से, यह आशा की जाती है कि दावा प्रसंस्करण समय-सीमा में उल्लेखनीय कमी आएगी।

चुनिंदा जमा बीमाकर्ताओं द्वारा वित्तीय स्थिति का प्रतिनिधित्व - तुलना

निगम ने कुछ प्रमुख जमा बीमाकर्ताओं के वित्तीय विवरणों को किस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है, ऐसे विवरणों को तैयार करने के लिए अपनाई जाने वाली लेखांकन पद्धति, अनुमत उधार, प्रकटीकरण मानक आदि की तुलना करने के लिए एक अध्ययन किया। कुछ प्रमुख निष्कर्ष बॉक्स 3.1 में प्रस्तुत किए गए हैं।

बॉक्स 3.1: वित्तीय विवरणों का प्रतिनिधित्व

निगम ने चयनित जमा बीमाकर्ताओं (डीआई), अर्थात् कनाडा डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (सीडीआईसी), पेरबदानन इंश्योरेंस डिपॉज़िट मलेशिया (पीडीआईएम), नाइजीरिया डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (एनडीआईसी) और संयुक्त राज्य अमेरिका के फेडरल डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन (एफडीआईसी) की वार्षिक रिपोर्टों का अध्ययन किया, ताकि उनके द्वारा अपनाए गए लेखांकन और प्रकटीकरण मानकों को समझा जा सके तथा यह भी समझा जा सके कि यह उनके वित्तीय विवरणों में किस प्रकार परिलक्षित होता है।

भारत, मलेशिया, नाइजीरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में जमा बीमा प्रणाली सरकारी कानून द्वारा संचालित और प्रशासित है, जबकि कनाडा में यह सरकारी कानून द्वारा संचालित और निजी रूप से प्रशासित है। हालाँकि, ये एजेंसियाँ स्वतंत्र कानूनी संस्थाएँ हैं। जमा बीमाकर्ताओं का अधिदेश कनाडा में लॉस मिनिमाइज़र, भारत में पेबॉक्स प्लस, तथा मलेशिया, नाइजीरिया और संयुक्त राज्य अमेरिका में रिस्क मिनिमाइज़र है। भारत को छोड़कर, अन्य जमा बीमाकर्ताओं के पास *रेज़ोल्यूशन* प्राधिकरण के रूप में अतिरिक्त प्रमुख अधिकार है।

भारत एक समान दर वाला प्रीमियम लगाता है, जबकि अन्य देश जोखिम आधारित प्रीमियम लगाते हैं। प्रणालीगत जोखिम निर्धारण के परिणामस्वरूप डीआईएफ को होने वाले नुकसान की वसूली के लिए एफडीआईसी को किसी भी विशेष मूल्यांकन का विवेकाधिकार प्राप्त है। सभी पाँचों जमा बीमाकर्ताओं ने प्रत्याशित जमा बीमा निधि बनाने के लिए अग्रिम प्रीमियम लगाया। इसके अतिरिक्त, एफडीआईसी ने एक फेडरल रिज़र्व फंड और एनडीआईसी ने एक जनरल रिज़र्व फंड (वित्तीय क्षेत्र में प्रतिधारित आय) बनाए रखा। जहाँ सभी पाँचों जमा बीमाकर्ताओं के डीआईएफ में मुख्यतः सरकारी प्रतिभूतियाँ शामिल थीं, वहीं अन्य आस्तियों में नकदी, कॉर्पोरेट ऋण और केंद्रीय बैंक में जमा राशि शामिल थीं। सभी जमा बीमाकर्ताओं के पास दावा भुगतान की वसूली का अधिकार था। सभी पाँचों जमा बीमाकर्ताओं के पास किसी न किसी रूप में बैकस्टॉप फंडिंग सुविधा हैं।

चयनित जमा बीमाकर्ताओं ने अपने वित्तीय विवरण संबंधित प्रचलित कानून के अनुसार तैयार किए। भारत और अमेरिका ने अपने देशीय आमतौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांत (जीएएपी) को अपनाया, जबकि अन्य ने अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (आईएफआरएस लेखांकन मानक) को अपनाया। भारत और कनाडा में लेखांकन अवधि अप्रैल से मार्च थी, जबकि अन्य में जनवरी से दिसंबर थी। सभी जमा बीमाकर्ताओं ने अपने वित्तीय विवरण अपनी देशी मुद्रा में तैयार किए। अंत में, कराधान के संबंध में, सीडीआईसी - प्रीमियम कर योग्य नहीं है। निगम व्यय के बाद ब्याज आय पर संघीय आयकर के अधीन है; डीआईसीजीसी - सभी कर लागू; पीडीआईएम - आयकर अधिनियम, 1967 की धारा 127(3ए) के अनुसार आयकर से छूट प्राप्त है; एनडीआईसी - एनडीआईसी अधिनियम 2023 की धारा 86 के अनुसार निगम आयकर के लिए उत्तरदायी नहीं है; और एफडीआईसी - मूल्यानुसार संपत्ति कर को छोड़कर, राज्य और स्थानीय करों से छूट प्राप्त।

निष्कर्ष

चयनित देशों का सर्वेक्षण ज्यादातर विश्व भर में देखे गए रुझानों को दर्शाता है। वैश्विक स्तर पर, जमा बीमा संस्थान (डीआई) विशिष्ट अधिनियमों के तहत कार्य करते हैं और बैंक की विफलता की स्थिति में जमाकर्ताओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन (जैसे उधार या आपातकालीन निधि) सुनिश्चित करने के लिए जमा बीमा के लिए अलग-अलग निधि या योजनाएं बनाए रखते हैं। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) के 2024 के सर्वेक्षण के अनुसार: (i) दुनिया भर में 98 प्रतिशत जमा बीमाकर्ता एक प्रत्याशित निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) बनाए रखते हैं, अर्थात, डीआईएफ को सदस्य संस्थानों पर प्रीमियम लगाकर वित्त पोषित किया जाता है; (ii) लगभग 54 प्रतिशत जोखिम आधारित प्रीमियम लगाते हैं; (iii) लगभग 65 प्रतिशत जमा बीमाकर्ताओं के पास सार्वजनिक बैकअप फंडिंग स्रोतों, सरकार और/या केंद्रीय बैंक तक पहुंच है; (iv) कुछ जमा बीमाकर्ताओं को अपने दावों के भुगतान की वसूली का अधिकार है, जिसमें जमा बीमाकर्ताओं को प्रत्यायोजन द्वारा विफल बैंक के ऋणदाता के रूप में मान्यता दी जाती है। जमा बीमाकर्ता सुरक्षा और चलनिधि को ध्यान में रखते हुए, डीआई फंड को ज़्यादातर ट्रेजरी प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। लेखांकन मानकों के संबंध में, जमा बीमाकर्ता या तो आईएफआरएस या घरेलू जीएएपी को अपनाते हैं। कराधान की दृष्टि से, भारत में डीआईसीजीसी के विपरीत, दुनिया भर में कुछ जमा बीमाकर्ताओं को कर छूट का लाभ मिलता है, जबकि अन्य पर केवल प्रीमियम को छोड़कर आय पर कर लगाया जाता है। निष्कर्षतः, अलग-अलग विनियामक परिवेशों और वित्तीय प्रणालियों के बावजूद, सभी जमा बीमाकर्ता, जमाकर्ताओं का विश्वास बढ़ाने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के समान लक्ष्य को साझा करते हैं।

जमा बीमा: उभरते रुझान

जैसे-जैसे वैश्विक वित्तीय परिदृश्य विकसित होता जा रहा है, जमा बीमाकर्ताओं को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनके लिए सक्रिय और कार्यनीतिक प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। आईएडीआई के उभरते रुझान सर्वेक्षण 2025 के अनुसार, जमा बीमा को प्रभावित करने वाले प्रमुख रुझानों में प्रौद्योगिकी (44 प्रतिशत) और *रेज़ोल्यूशन* (28 प्रतिशत) प्रमुख प्राथमिकताओं के रूप में उभरे हैं (आईएडीआई, 2025)। प्रौद्योगिकी के अंतर्गत, नवाचार (जैसे, फिनटेक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और सोशल मीडिया से जमा बीमा (85 प्रतिशत) पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ने की आशा है। एआई को जन जागरूकता बढ़ाने,

जोखिम मूल्यांकन और *रेज़ोल्यूशन* दक्षता के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, जबकि सोशल मीडिया को जमाकर्ता व्यवहार को प्रभावित करने वाली सूचना के स्रोत और सामान्य जन के विश्वास की निगरानी के लिए एक उपकरण के रूप में देखा जाता है। इसके अतिरिक्त, 75 प्रतिशत जमा बीमाकर्ता महत्वपूर्ण *रेज़ोल्यूशन* प्रवृत्तियों की आशा करते हैं, जिसमें वित्तीय सुरक्षा-कवच प्रतिभागियों के साथ बेहतर समन्वय, कम प्रतिपूर्ति अवधि, तथा गैर-भुगतान *रेज़ोल्यूशन* परिदृश्यों का विकास शामिल है।

जमाराशि डेटा निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी/एआई का उपयोग

जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी तेजी से आगे विकसित होती जा रही है, दुनिया भर के वित्तीय संस्थान और विनियामक अपने कार्यों में दक्षता और सटीकता में सुधार के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ब्लॉकचेन और क्लाउड कंप्यूटिंग की ओर रुख कर रहे हैं। जमा बीमाकर्ता (डीआई), जो जमाकर्ताओं की सुरक्षा, जनता का विश्वास बनाए रखने और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, उन्हें भी इन उपकरणों से काफी लाभ होगा। जमा बीमाकर्ताओं की मुख्य जिम्मेदारियों में से एक है - जमाराशि डेटा की बारीकी से निगरानी करना, जोखिम का आकलन करना और दावों का शीघ्र और निष्पक्ष निपटान सुनिश्चित करना।

किस प्रकार एआई और उन्नत प्रौद्योगिकियां जमा बीमाकर्ताओं द्वारा जमाराशि डेटा की निगरानी के तरीके को बदल सकती हैं, तथा किस प्रकार कोई भी जमा बीमाकर्ता ऐसी प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर सकता है, इसका विवरण बॉक्स 3.2 में दिया गया है।

बॉक्स 3.2: जमाराशि डेटा निगरानी और जोखिम मूल्यांकन के लिए प्रौद्योगिकी और एआई का लाभ उठाना

तीन प्रमुख प्रौद्योगिक उन्नति - *एआई-संचालित उपकरण, ब्लॉकचेन और क्लाउड-आधारित सोल्यूशन* - जमा बीमाकर्ताओं (डीआई) द्वारा बैंक जमाराशि डेटा की निगरानी और विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती हैं।

एआई-संचालित समाधान

एआई में यह क्षमता है कि वह जमा बीमाकर्ताओं द्वारा जमाराशि डेटा निगरानी ढांचे के प्रबंधन के तरीके को बदल सकता है। एआई-संचालित उपकरणों का उपयोग करके, जमा बीमाकर्ता विभिन्न बैंकों से जमा जानकारी के संग्रह और सत्यापन को स्वचालित कर सकते हैं, जिससे मैनुअल कार्य कम हो सकता है और त्रुटियाँ न्यूनतम हो सकती हैं। मशीन लर्निंग एल्गोरिदम डेटा में असामान्य पैटर्न का पता लगा सकते हैं जो किसी बैंक में धोखाधड़ी, गलत रिपोर्टिंग या वित्तीय संकट के शुरुआती संकेतों का इशारा दे सकते हैं। ये प्रणालियाँ पिछले वित्तीय रुझानों, आर्थिक स्थितियों और चलनिधि संकेतकों का विश्लेषण करके यह अनुमान लगा सकती हैं कि भविष्य में कौन सी संस्थाएं जोखिम में हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त, एआई का उपयोग गैर-अनुपालन के संकेतों के लिए वित्तीय विवरणों की समीक्षा करने और जमा प्रवृत्तियों, जोखिम एक्सपोजर और बैंक स्थिति का वास्तविक रूप प्रदान करने वाले डैशबोर्ड बनाने के लिए किया जा सकता है। ये डैशबोर्ड बैंकों के जोखिम स्कोर प्रदर्शित कर सकते हैं और कुछ असामान्य दिखने पर स्वचालित अलर्ट भेज सकते हैं - जिससे बैंक विनियामक/पर्यवेक्षक और जमा बीमाकर्ताओं को समस्या बढ़ने से पहले कार्रवाई करने में मदद मिलती है।

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी

ब्लॉकचेन जमाराशि डेटा निगरानी और दावा निपटान को बेहतर बनाने का एक सरल परंतु प्रभावी तरीका प्रदान करता है। यह डेटा को एक सुरक्षित, अपरिवर्तनीय प्रारूप में संग्रहीत करता है, जिससे किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या गलत रिपोर्टिंग को रोकने में मदद मिलती है। चूँकि यह सिस्टम विकेंद्रीकृत है, इसलिए सभी प्राधिकृत पक्ष, जैसे बैंक, विनियामक/पर्यवेक्षक और जमा बीमाकर्ता, वास्तविक समय में समान डेटा तक पहुँच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता और विश्वास में सुधार होता है। इससे मैन्युअल जाँच और मिलान की आवश्यकता भी कम हो जाती है। इसके अतिरिक्त, ब्लॉकचेन संबंधी स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट जमा बीमा दावों के स्वचालित सत्यापन और निपटान के लिए पूर्व-संग्रहीत जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। इससे पूरी प्रक्रिया में तेजी आ सकती है, कागजी कार्रवाई कम हो सकती है, और यह सुनिश्चित हो सकता है कि जमाकर्ताओं को बिना किसी देरी के समय पर भुगतान प्राप्त हो।

क्लाउड-आधारित समाधान

क्लाउड-आधारित सिस्टम, कार्य-निष्पादन को धीमा किए बिना, विभिन्न बैंकों से बड़ी मात्रा में जमाराशि डेटा को प्रबंधित करने का एक लचीला और मापनीय तरीका प्रदान करते हैं। विभिन्न बैंकिंग प्लेटफार्मों से डेटा को एक केंद्रीकृत प्रणाली में लाने से रिपोर्टिंग तीव्र और अधिक सटीक हो जाती है, तथा बैंकों के बीच समन्वय बेहतर होता है। ये प्रणालियाँ एआई-एज़-ए-सर्विस (AIaaS) का भी समर्थन करती हैं, जो संस्थानों को क्लाउड के माध्यम से उन्नत एआई उपकरणों तक आसान पहुँच प्रदान करती है। इसका अर्थ यह है कि बैंक और बीमाकर्ता महंगे हार्डवेयर या आंतरिक एआई अवसंरचना में निवेश किए बिना, डेटा की निरंतर निगरानी कर सकते हैं और समस्याओं का शीघ्र पता लगा सकते हैं।

निष्कर्ष और आगे की राह

आईएडीआई के सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर, पिछले दशक में जमा बीमाकर्ताओं का अधिदेश विकसित हो रहा है और जमा बीमाकर्ता तेजी से *रेज़ोल्यूशन* में शामिल हो रहे हैं। मूल्य के आधार पर कवरेज अनुपात में पिछले कुछ वर्षों में गिरावट के बाद हाल के वर्षों में स्थिरता आई है, जो 2024 में लगभग 48 प्रतिशत है, जो कि संभवतः नाममात्र कवरेज स्तरों में परिवर्तन के बजाय जमाकर्ताओं के व्यवहार से प्रभावित है। डीआईसीजीसी जमाकर्ताओं का विश्वास बनाए रखने और भारत की वित्तीय प्रणाली की स्थिरता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भविष्य में, डीआईसीजीसी अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों पर नज़र रखना, घरेलू जमाकर्ता संरक्षण मैट्रिक्स का आकलन करना तथा हितधारकों से परामर्श करना जारी रखेगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कवरेज स्तर और कार्य क्षेत्र उचित और विश्वसनीय बना रहे। डीआईसीजीसी वर्तमान समीक्षा के बाद आईएडीआई के मूल सिद्धांतों में परिकल्पित परिवर्तनों की सक्रिय निगरानी जारी रखेगा। डीआईसीजीसी नियमित रूप से भारत की जमा बीमा प्रणालियों का मूल्यांकन करेगा और आईएडीआई के मूल सिद्धांतों के अनुपालन की दिशा में आगे बढ़ेगा।

4. निदेशक मंडल की रिपोर्ट

31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष हेतु निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की कार्यपद्धति के संबंध में निदेशक मंडल की रिपोर्ट

(निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 32(1) के अधीन प्रस्तुत)

भाग I : परिचालन और कार्य पद्धति

31 मार्च 2025 तक निगम के साथ पंजीकृत बीमाकृत बैंकों की संख्या (31 मार्च 2024 तक 1,997 बैंकों की तुलना में) 1,982 थी, जिसमें 139 वाणिज्यिक बैंक [छह भुगतान बैंक (पीबी), 11 लघु वित्त बैंक (एसएफबी), 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) और 2 स्थानीय क्षेत्र के बैंक (एलएबी) सहित] और 1,843 सहकारी बैंक *(परिशिष्ट सारिणी 2ए)* शामिल थे। वर्ष के दौरान 17 बैंकों का पंजीकरण रद्द किया गया, जिनमें से 15 सहकारी बैंक थे और 2 (क्रेडिट सुइस एजी और फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक) वाणिज्यिक बैंक थे। *(परिशिष्ट सारिणी 3 बी)*। वर्ष के दौरान, 2 नए बैंकों, दमन और दीव राज्य सहकारी बैंक और यूबीएस एजी को बीमाकृत बैंकों के रूप में पंजीकृत किया गया *(परिशिष्ट सारिणी 3ए)*।

I.1 निक्षेप बीमा योजना

वर्तमान में, जमा बीमा देश के सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में सभी वाणिज्यिक बैंकों (भुगतान बैंकों, लघु वित्त बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और स्थानीय क्षेत्र के बैंकों सहित) और सहकारी बैंकों को कवर करता है।

I.1.1 बीमाकृत जमाराशियाँ

मार्च 2025 के अंत तक पूरी तरह से संरक्षित खातों की संख्या 286.5 करोड़ थी (अर्थात ₹ 5 लाख तक जमा शेष राशि वाले खाते) और यह बैंकिंग प्रणाली में खातों की कुल संख्या (अर्थात 293.7 करोड़) का 97.6 प्रतिशत थी। बीमित जमाराशि ₹1,00,04,919 करोड़ थी जो कि ₹2,40,95,727 करोड़ की निर्धारणीय जमाराशियों का 41.5 प्रतिशत थी (सारिणी 1, चार्ट 1 और परिशिष्ट सारिणी 4)। जमा बीमा सुरक्षा के अंतर्गत आने वाली जमाराशियों में भुगतान बैंकों की हिस्सेदारी सबसे अधिक 99.4 प्रतिशत है, जिसके बाद आरआरबी 79.4 प्रतिशत, एलएबी 72.3 प्रतिशत, सहकारी बैंक 61.9 प्रतिशत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक 47.2 प्रतिशत, एसएफबी 39.8 प्रतिशत, निजी क्षेत्र के बैंक 31.4 प्रतिशत और विदेशी बैंकों की हिस्सेदारी 4.8 प्रतिशत है। *(परिशिष्ट सारिणी* 5)। नीचे दी गई सारिणी 31 मार्च 2024 की तुलना में तुलनात्मक स्थिति प्रस्तुत करती है:

सारिणी 1: **बीमाकृत जमाराशियाँ**

	विवरण	निम्न तिथियों के अनुसार स्थिति	
		31 मार्च 2024	31 मार्च 2025 (पी)
1	पंजीकृत बैंकों की संख्या	1,997	1,982
2	खातों की कुल सं. (करोड़)	289.7	293.7
3	पूर्णतया संरक्षित खाते (करोड़)	283.3	286.5
4	कुल खातों की संख्या में पूर्णतः संरक्षित खातों का हिस्सा	97.8	97.6
5	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ करोड़)	2,18,52,160	2,40,95,727
6	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ करोड़)	94,12,705	1,00,04,919
7	निर्धारणीय जमाराशियों में बीमित जमाराशियों का हिस्सा	43.1	41.5

चार्ट 1: जमाकर्ताओं को दी गई सुरक्षा का विस्तार
(मार्च के अंत के अनुसार)



I.1.2 जमा बीमा प्रीमियम

2024-25 के दौरान निगम द्वारा प्राप्त कुल प्रीमियम ₹26,764 करोड़ (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ₹23,879 करोड़) था, जिसमें वाणिज्यिक बैंकों का योगदान 94.72 प्रतिशत और शेष 5.28 प्रतिशत का योगदान सहकारी बैंकों का था (सारणी 2)।

सारिणी 2 : प्राप्त प्रीमियम

(₹ करोड़)

वर्ष	आरआरबी और एलएबी सहित वाणिज्यिक बैंक	सहकारी बैंक	कुल
2024-25	25,352	1,412	26,764
2023-24	22,543	1,336	23,879
2022-23	20,104	1,277	21,381
2021-22	18,248	1,243	19,491
2020-21	16,341	1,176	17,517

I.1.3 चूककर्ता बैंकों द्वारा देय ब्याज दर

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 15 (3) के अनुसार, यदि कोई बीमाकृत बैंक प्रीमियम की किसी भी राशि का भुगतान करने में चूक करता है, तो उसे चूक की उस अवधि के लिए उस राशि पर बैंक दर के अतिरिक्त आठ प्रतिशत से अनधिक की दर, जैसा कि निर्धारित किया जाए, से निगम को

सारिणी 3 : बैंक दर और दंड स्वरूप ब्याज दर में उतार-चढ़ाव

(प्रतिशत)

से	तक	बैंक दर %	दंड स्वरूप ब्याज दर %	चूककर्ता बैंकों द्वारा देय ब्याज दर %
01.04.2024	06.02.2025	6.75	8	14.75
07.02.2025	31.03.2025	6.50	8	14.50

ब्याज देना होगा (सारिणी 3)। 2024-25 के लिए, निगम ने बैंकों से जुर्माने के रूप में ₹ 2.47 करोड़ की वसूली की है।

1.2 निक्षेप बीमा निधि

निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) बीमित बैंकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम और केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों[1] में निवेश पर प्राप्त कूपन आय से बनाया गया है। डीआईएफ को परिसमापकों / प्रशासकों / अंतरिती बैंकों से की गई वसूली से भी अंतर्वाह प्राप्त होता है। इस निधि का उपयोग परिसमापन / पुनर्निमाण / समामेलन के अधीन बैंकों के जमाकर्ताओं के दावों के निपटान करने के लिए किया जाता है। 31 मार्च 2025 तक यह निधि ₹2,28,933 करोड़ थी, जिसका आरक्षित निधि अनुपात 2.29 था, जबकि 31 मार्च 2024 तक यह ₹1,98,753 करोड़ थी, जिसका आरक्षित निधि अनुपात 2.11 था। (चार्ट 2)

चार्ट 2: मार्च के अंत के अनुसार निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) और आरक्षित निधि अनुपात (आरआर)



[1] निगम ने 1 अप्रैल 2020 से निर्धारणीय जमा राशि पर प्रीमियम दर को 10 पैसे से बढ़ाकर 12 पैसे प्रति ₹100 कर दिया है।

I.3 निक्षेप बीमा दावों का निपटान

2024-25 के दौरान, निगम ने परिसमाप्त बैंकों और विलय किए गए बैंकों (₹145.09 करोड़) और एआईडी के तहत बैंकों (₹330.82 करोड़) के बीमित जमाकर्ताओं को ₹475.91 करोड़ (वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ₹1,436.92 करोड़ की तुलना में) की राशि के दावों का निपटान किया (परिशिष्ट सारिणी 6 और चार्ट 3) (परिशिष्ट सारिणी 6ए और चार्ट 3ए)। वाणिज्यिक बैंकों से कोई दावा नहीं किया गया।

चार्ट 3: 2024-25 के दौरान राज्यवार निपटाए गए दावे और विफल/विलय किए गए बैंकों की संख्या



चार्ट 3ए: 2024-25 के दौरान राज्यवार भुगतान किए गए दावे और एआईडी के तहत बैंकों की संख्या



निगम के पास (एआईडी और परिसमापन के तहत बैंकों के लिए) ₹45.44 करोड़ का प्रावधान है, जो अप्राप्य जमाकर्ताओं (दावा स्वीकृत, लेकिन जमाकर्ता पता लगाने योग्य नहीं) के कारण परिसमापकों द्वारा वापस की गई राशि को दर्शाता है और भविष्य के दावों, यदि कोई हो, के निपटान के लिए अज्ञात जमाकर्ताओं के लिए ₹ 663.99 करोड़ का प्रावधान है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान सात शहरी सहकारी बैंकों और एक जिला केंद्रीय सहकारी बैंक के लाइसेंस रद्द किए गए। 10 बैंकों के लिए ₹174.05 करोड़ की आकस्मिक देयता सृजित की गई। (परिशिष्ट सारिणी 7 और परिशिष्ट सारिणी 7ए)।

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 16 के तहत दावों के निपटान के संबंध में, निगम ने परिसमापक से दावे की प्राप्ति की तारीख से मंजूरी के लिए औसतन 7 दिन का समय लिया है। इसके अतिरिक्त, एआईडी के तहत बैंकों के संबंध में, निगम ने ऐसे बैंकों को एआईडी जारी करने की तारीख से जमा बीमा दावे के निपटान के लिए 90 दिनों की वैधानिक समयसीमा का पालन किया है।

I.4 दावे और पुनर्भुगतान

I.4.1 निपटाए गए दावे

जमा बीमा की शुरुआत के बाद से 31 मार्च 2025 तक 27 वाणिज्यिक बैंकों के दावों के लिए ₹ 295.85 करोड़, 389 परिसमाप्त सहकारी बैंकों के दावों के लिए ₹10,954.75 करोड़[2] (वर्ष के दौरान निपटाए गए ₹145.09 करोड़ सहित) (*चार्ट 4, परिशिष्ट सारिणी 8 और 8बी*) और एआईडी के तहत रखे गए 64 सहकारी बैंकों के दावों के लिए ₹5,690.09 करोड़ (4,04,148 जमाकर्ताओं के संबंध में) (*परिशिष्ट* सारिणी 8ए) की संचयी राशि का भुगतान किया गया है। इस प्रकार, शुरुआत से अब तक कुल ₹16,940.70 करोड़ के दावों का निपटान किया जा चुका है।

चार्ट 4: भुगतान किए गए दावों तथा वसूली की संचयी राशि- 2024-25



[2] इसमें त्वरित नीति के तहत 11 शहरी सहकारी बैंकों के लिए ₹128.27 करोड़ का निपटान शामिल है।

I.4.2 प्राप्त चुकौतियाँ

वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान निगम द्वारा प्राप्त कुल चुकौतियां ₹1,309.08 करोड़ (वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ₹900.73 करोड़ की तुलना में) थी। इनमें से परिसमाप्त सहकारी बैंकों/परिसमापनाधीन सहकारी बैंकों से वर्ष 2024-25 के दौरान प्राप्त चुकौतियां ₹1,069.73 करोड़ थी। एआईडी बैंकों के मामले में, वर्ष 2024-25 के दौरान प्राप्त कुल पुनर्भुगतान ₹236.18 करोड़ रहा। एक परिसमाप्त वाणिज्यिक बैंक (बनारस स्टेट को-ऑप. बैंक लिमिटेड) से, संबंधित बैंक के परिसमापक द्वारा आस्तियों की प्राप्ति के बाद, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ₹3.17 करोड़ की वसूली प्राप्त हुई।

बैंकों के परिसमापकों/अंतरिती से, प्राप्त संचयी पुनर्भुगतान, शुरुआत से 31 मार्च 2025 तक ₹6,970.15 करोड़ है। इनमें से, परिसमापकों/ अंतरिती वाणिज्यिक बैंकों से संचयी पुनर्भुगतान, शुरुआत से अब तक, कुल मिलाकर ₹160.70 करोड़ है। सहकारी बैंकों के मामले में, जिसमें परिसमाप्त, विलयित और एआईडी बैंक भी शामिल हैं, परिसमापकों/ अंतरिती बैंकों से संचयी पुनर्भुगतान शुरुआत से 31 मार्च 2025 तक कुल मिलाकर ₹6,809.45 करोड़ है।





I.5 कोर्ट – मामले

31 मार्च 2025 तक जमा बीमा गतिविधि से संबंधित लंबित अदालती मामलों की संख्या 31 मार्च 2024 को 61 की तुलना में 58 थी। वर्ष के दौरान 16 मामले बंद कर दिए गए, जबकि 13 नए मामले दर्ज किए गए। निगम सभी 13 नए दायर मामलों में प्रत्यर्थी/विपरीत पक्ष/प्रतिवादी है।



I.6 ऋण गारंटी योजनाएं

वर्तमान में, निगम द्वारा कोई भी ऋण (क्रेडिट) गारंटी योजना नहीं चलाई जा रही है। 2003-04 के बाद किसी गारंटी दावे पर कोई गारंटी शुल्क प्राप्त नहीं हुआ है और न ही उसका भुगतान किया गया है। लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 (एसएलजीएस 1971) के अंतर्गत निगम के प्रत्यासन अधिकार के आधार पर, वर्ष 2024-25 के दौरान कोई वसूली और पुनर्भुगतान प्राप्त नहीं हुआ।

भाग II : अन्य महत्वपूर्ण पहलें / प्रगति

II.1 वसूली प्रबंधन से संबंधित उपाय:

परिसमाप्त बैंकों से पुनर्भुगतान, आस्तियों की वसूली (परिसमापन) के बाद प्राप्त होता है, जिसमें इन वसूलियों के लिए देय व्ययों की कटौती की जाती है। निगम आस्ति वसूली प्रक्रिया में तेजी लाने और समय पर पुनर्भुगतान को सुगम बनाने के लिए परिसमापकों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए, निगम टैफकब उप-समिति बैठकों, स्थायी सलाहकार समिति बैठकों, समन्वय समिति और

आरसीएस सम्मेलन, विभिन्न राज्यों के परिसमापकों और आरसीएस के साथ आमने-सामने बैठकों, वर्चुअल मोड और व्यक्तिगत रूप से लखनऊ और नागपुर क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने के माध्यम से विभिन्न हितधारकों के साथ लगातार संवाद करता है। कक्ष ने पूर्ववर्ती बैंकों के परिसमापन और समाधान की प्रगति की निगरानी करने, रियल टाइम जानकारी प्रदान करने, आउटलायर्स की पहचान करने और डेटा-संचालित निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए एक्सेल वीबीए-आधारित डैशबोर्ड भी विकसित किया है। सीआरसीएस/आरसीएस को किए गए सभी अनुरोधों, प्रासंगिक प्रावधानों और न्यायिक व्याख्याओं को एक ही दस्तावेज में समेकित करने के लिए, निगम ने शहरी सहकारी बैंकों के परिसमापकों के लिए अपने दिशानिर्देशों को संशोधित किया है। इन दिशानिर्देशों का उद्देश्य, अन्य बातों के साथ-साथ, परिसमापकों के बीच स्पष्टता में सुधार लाना, अनुपालन को बढ़ाना तथा वसूली आवश्यकताओं की बेहतर समझ को सुगम बनाना है।

II.2 जन जागरूकता / संचार नीति और कार्यनीति

नई डीआईसीजीसी वेबसाइट 05 नवंबर 2024 को लॉन्च की गई। डीआईसीजीसी न्यूज़लेटर- सेफ्टी नेट के दो अंक जारी किए गए, जिनमें निगम की गतिविधियों का विहंगावलोकन, आईएडीआई शोध पत्रों से प्राप्त इनपुट आदि शामिल हैं। डीआईसीजीसी का विहंगावलोकन और इसके कार्यों तथा वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़ों से युक्त लीफलेट वर्ष के दौरान वेबसाइट पर होस्ट किया गया। इंस्टाग्राम, पब्लिक ऐप और यूट्यूब चैनल पर द्विभाषी जन जागरूकता वीडियो अपलोड किए गए।

दावा सूचक - जमाकर्ताओं के लिए दावा स्थिति ट्रैकर: जमाकर्ताओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं में सुधार के लिए डीआईसीजीसी की निरंतर प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, एक उपयोगकर्ता-अनुकूल दावा स्थिति ट्रैकर लॉन्च किया गया। 01 अप्रैल 2024 के बाद 'सर्व समावेशी निदेश' (एआईडी) के तहत रखे गए बैंकों और परिसमाप्त बैंकों के जमाकर्ता अब डीआईसीजीसी वेबसाइट पर अपना मोबाइल नंबर (अपने बैंक के साथ पंजीकृत) दर्ज करके अपने दावों की स्थिति को ट्रैक कर सकते हैं।

भाग III: लेखा-विवरण

निगम के वित्तीय विवरण जिसमें 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के लिए तुलन पत्र, राजस्व खाता और नकदी प्रवाह और वर्ष के लिए मुख्य परिचालन संबंधी विवरण शामिल हैं, डीआईसीजीसी अधिनियम की धारा 28 में उल्लिखित प्रपत्र में, तीनों निधियों अर्थात निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ), ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) और सामान्य निधि (जीएफ) के लिए तैयार किए गए हैं। अधिनियम की धारा 29 के अनुसार निगम के मामलों की लेखा परीक्षा सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा की गई है तथा उन्हें बोर्ड द्वारा अनुमोदन हेतु अलग से संलग्न किया गया है।

III.1 बीमा देयताएं

(क) निगम ने 2024-25 के दौरान ₹1,987.90 करोड़ के दावों को संसाधित किया है। 2024-25 के दौरान बीमा दावों के लिए ₹475.43 करोड़ (₹1,431.54 करोड़)[3] की राशि का भुगतान किया गया, जबकि पिछले वर्ष में क्रिस्टलीकृत देयता से 2024-25 के दौरान ₹18.90 करोड़ का भुगतान किया गया था।

(ख) बीमांकिक द्वारा अनुमानित निगम के निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) के लिए बीमांकिक देयता वर्ष के अंत में ₹17,566.72 करोड़ (₹16,887.42 करोड़) थी, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 4.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करती है।

(ग) ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) के संबंध में कोई दावा देयता नहीं है।

III.2 वर्ष के दौरान राजस्व

(क) समीक्षाधीन अवधि के दौरान निक्षेप बीमा निधि (डीआईएफ) में अधिशेष ₹41,301.84 करोड़ (सीपीपीवाई ₹34,278.30 करोड़) था, जो ₹7,023.54 करोड़ (20.49 प्रतिशत) की वृद्धि दर्शाता है। इसका मुख्य कारण प्रीमियम आय में (₹2,884.42 करोड़) वृद्धि, निवेश से आय में (₹1,867.18 करोड़) वृद्धि, भुगतान किए गए दावों की वसूली में (₹408.35 करोड़) वृद्धि, अवधि के दौरान आयकर रिफंड पर प्राप्त ब्याज

[3] वर्तमान वर्ष के आंकड़ों के पास, कोष्ठक में दिए गए आंकड़े पिछले वर्ष की इसी स्थिति को दर्शाते हैं।

(₹82 करोड़) है। निवल दावों में ₹401.60 करोड़ की वृद्धि से आय में वृद्धि की आंशिक भरपाई हुई है।

(ख) समीक्षाधीन अवधि में ऋण गारंटी निधि (सीजीएफ) में अधिशेष ₹53.39 करोड़ था, जबकि सीपीपीवाई में यह ₹50.47 करोड़ था। अधिशेष में वृद्धि मुख्य रूप से निवेश से आय में वृद्धि (₹2.58 करोड़) के कारण हुई।

(ग) समीक्षाधीन अवधि के लिए सामान्य निधि (जीएफ) में घाटा (₹0.19 करोड़ की आस्थगित कर देयता को समायोजित करने से पहले) ₹0.32 करोड़ रहा, जबकि सीपीपीवाई में ₹11.53 करोड़ का अधिशेष था। यह घाटा निवेश पर आय (₹0.53) और स्टाफ लागत में वृद्धि (₹2.66 करोड़); सेवा संविदा/अनुरक्षण में वृद्धि (₹5.92 करोड़); अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/कार्यशालाओं से संबंधित व्यय में वृद्धि (₹2.15 करोड़) आदि के कारण है; और निवेश रिज़र्व के मूल्य में मूल्यह्रास के प्रावधान में कमी और लेखा परीक्षक की फीस (₹0.93 करोड़) से इसकी आंशिक भरपाई हुई है। आय की तुलना में व्यय अधिक होने के कारण, ₹0.51 करोड़ (आस्थगित कर देयता के लिए प्रावधान के रूप में ₹0.19 करोड़ समायोजित करने के बाद, जो सीपीपीवाई से ₹0.15 करोड़ बढ़ गया) वर्ष के लिए घाटे के रूप में दर्ज किया गया।

III.3 संचित अधिशेष

31 मार्च 2025 तक डीआईएफ, सीजीएफ और जीएफ में संचित अधिशेष/भंडार (कर के बाद) क्रमशः ₹2,11,366 करोड़ (₹1,81,866 करोड़), ₹690 करोड़ (₹650 करोड़) और ₹727 करोड़ (₹728 करोड़) था।

III.4 निवेश

2024-25 के अंत में तीन फंडों अर्थात डीआईएफ, सीजीएफ और जीएफ के निवेश का बुक (लागत पर) मूल्य क्रमशः ₹2,35,063 करोड़ (₹2,03,171 करोड़), ₹716 करोड़ (₹678 करोड़) और ₹783 करोड़ (₹774 करोड़) था। सभी फंडों में वृद्धि दर्ज की गई और इन तीनों फंडों में निवेश का बाजार मूल्य ₹2,41,859 करोड़ (डीआईएफ), ₹740 करोड़ (सीजीएफ) और ₹803 करोड़ (जीएफ) रहा।

III.5 कराधान

III.5.1 आयकर

31 मार्च 2025 तक, डीआईएफ, सीजीएफ और जीएफ के संबंध में अग्रिम आयकर (एआईटी) खाते में संचित शेष राशि (बकाया) क्रमशः ₹10,495 करोड़ (₹8,215 करोड़), ₹12 करोड़ (₹10 करोड़) और ₹3 करोड़ (₹10 करोड़) थी। कराधान के लिए प्रावधान में संचित शेष राशि क्रमशः ₹10,395 करोड़ (₹8,184 करोड़), ₹14 करोड़ (₹13 करोड़) और शून्य (₹3 करोड़) थी।

III.5.2 माल एवं सेवा कर

निगम बैंकों को प्रदान की गई जमा बीमा सेवाओं के लिए माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी है। निगम ने जीएसटी दायित्व का निर्वहन किया है और इसके अनुपालन में वर्ष के दौरान ₹4,817.69 करोड़ का भुगतान किया गया है। इसे बीमित बैंकों से एकत्रित किया गया था।

भाग IV : ट्रेजरी परिचालन

IV.I डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 25 के अनुसार निगम अपनी अधिशेष (सरप्लस) राशि को केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों में निवेश करता है। निगम के निवेश पोर्टफोलियो का कुल आकार 31 मार्च, 2025 को ₹2,36,561 करोड़ था, जबकि 31 मार्च, 2024 को ₹2,04,623 करोड़ था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 15.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पोर्टफोलियो का बाजार मूल्य 31 मार्च, 2024 को ₹2,05,523 करोड़ की तुलना में 31 मार्च, 2025 को ₹2,43,402 करोड़ था, जो 18.43 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है और 31 मार्च, 2024 को बुक वैल्यू का 1.00 गुना की तुलना में 1.03 गुना है। वर्ष के दौरान पोर्टफोलियो रिटर्न[4] 2023-24 में 9.00 की तुलना में 12.74 प्रतिशत था क्योंकि वर्ष के दौरान प्रतिफल में वृद्धि से पोर्टफोलियो का मूल्य बढ़ा। वर्ष के दौरान मौजूदा और नए निवेशों का बाजार मूल्य बढ़ा क्योंकि वर्ष के दौरान प्रतिफल में गिरावट आई।

[4] कुल भारित रिटर्न की गणना डाइट्ज़ विधि का उपयोग करके की जाती है, अर्थात् टीडब्ल्यूआर = [एमवीई-एमवीबी + आई -सी] / [एमवीबी + (0.5X सी)], जहां एमवीई / बी = अंत / शुरुआत में बाजार मूल्य, आई = प्राप्त आय, सी = ताजा प्रवाह / बहिर्वाह का योगदान।

IV.2 केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन फिक्स्ड इनकम मनी मार्केट एंड डेरिवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (फिमडा) द्वारा प्रकाशित मॉडल कीमतों पर किया जाता है। निवेश संबंधी लेखा नीति के संदर्भ में निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, को मान्यता दी जाती है जबकि निवल मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, को नजरअंदाज कर दिया जाता है। 31 मार्च 2025 तक, सामान्य निधि, निक्षेप बीमा निधि और ऋण गारंटी निधि ने शुद्ध वृद्धि दर्ज की। इसके अलावा, निगम बाजार जोखिम के विरूद्ध एक सहारे के रूप में निवेश उतार-चढ़ाव रिज़र्व (आईएफआर) रखता है। 31 मार्च 2025 को आईएफआर 31 मार्च 2024 के ₹8157.08 करोड़ *की तुलना* में ₹9,586.88 करोड़ का था, जिसकी गणना मानकीकृत अवधि पद्धति द्वारा की गई थी।

IV.3 वर्ष के दौरान प्रतिभूतियों पर प्रतिफल में कमी हुई (31 मार्च 2025[5] को 10-वर्षीय बेंच मार्क प्रतिभूति पर यील्ड 6.58 प्रतिशत था, जो 31 मार्च 2024 को 7.06 प्रतिशत था)। कई कारकों के कारण प्रतिफल में कमी आई, जैसे मुद्रास्फीति संबंधी दबाव में कमी के कारण मौद्रिक नीति में ढील, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लगातार चलनिधि प्रदान करने के उपाय, केंद्रीय बजट में राजकोषीय समेकन तथा वैश्विक सूचकांकों में भारतीय सरकारी बांडों के शामिल होने के कारण एफपीआई की ओर से मजबूत मांग। वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही के दौरान मुद्रास्फीति संबंधी दबाव कम होने के कारण, मौद्रिक नीति समिति ने अपनी अक्तूबर 2024 की बैठक में अपना रुख बदलकर तटस्थ कर लिया और फरवरी 2025 की बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की। आरबीआई ने खुले बाजार खरीद परिचालन, खरीद/बिक्री स्वैप, आरक्षित नकदी निधि अनुपात में कटौती, तथा दैनिक एवं दीर्घकालिक परिवर्तनीय दर रेपो परिचालन जैसे विभिन्न उपायों के माध्यम से सिस्टम में चलनिधि इन्फ्यूज़ की। वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में, सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत पर आंककर अपने राजकोषीय समेकन पथ पर जारी रखा, जो पिछले वर्ष के सकल घरेलू उत्पाद के 4.8 प्रतिशत से कम है, जिससे बाजार धारणाओं को बढ़ावा मिला। जेपी मॉर्गन और ब्लूमबर्ग के बांड सूचकांकों में शामिल किए जाने के कारण भारतीय सरकारी बांड बाजार में निरंतर विदेशी निवेश हुआ। वैश्विक विकास में मंदी की चिंताओं के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी प्रतिफल में नरमी आई। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल में अस्थिरता के साथ दोतरफा उतार-चढ़ाव देखा गया। नवंबर 2024 से, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों और ट्रम्प प्रशासन की नीतियों पर बाजार सहभागियों की गहरी नज़र है। यूएस फेडरल रिज़र्व ने सितंबर से दिसंबर 2024 के दौरान नीति दर में 100 बीपीएस की कटौती की, और जनवरी और मार्च 2025 की बैठकों में दरों को अपरिवर्तित रखा। बढ़ते व्यापार युद्ध से आर्थिक अनिश्चितता बढ़ गई तथा विकास में मंदी और मुद्रास्फीति के बिगड़ने की आशंकाएं बढ़ गईं। नीतिगत ढील को देखते हुए, निगम ने दीर्घकालिक प्रतिभूतियों में निवेश करके पोर्टफोलियो अवधि बढ़ाने की मांग की। आने वाले प्रीमियम और कूपन/मूलधन प्रवाह का निवेश मुख्य रूप से 10 और 15 वर्षों के लिए, लिक्विड प्रतिभूतियों में किया गया, जिससे ऑन द रन लिक्विड प्रतिभूतियों की होल्डिंग बनाने में भी मदद मिली। वर्ष के दौरान दावों का भुगतान समय पर नकदी प्रवाह का उपयोग करके सफलतापूर्वक किया गया। निगम ने नीलामी में भी चुनिंदा रूप से भाग लिया, जबकि टी-बिल सहित नकदी प्रवाह का उपयोग वर्ष के दौरान आयकर और जीएसटी जैसे कर भुगतान दायित्वों को पूरा करने के लिए किया गया था।

भाग V : संगठनात्मक मामले

V.1 निदेशक मंडल

निगम के मामलों और कारोबार का सामान्य, निर्देशन और प्रबंधन निदेशक मंडल के पास है, जो निगम द्वारा प्रयोग की जाने वाली सभी शक्तियों और कार्यों का प्रयोग करता है। डीआईसीजीसी सामान्य विनियमावली, 1961 के विनियम 6 के अनुसार, निगम के निदेशक बोर्ड से अपेक्षित है कि वह सामान्यतः प्रति तिमाही एक बैठक करे। 31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के दौरान चार तिमाहियों को कवर करने वाली बोर्ड बैठकें आयोजित की गईं।

[5] 31 मार्च 2024 को 7.18 प्रतिशत जीएस 2033 10-वर्षीय बेंचमार्क प्रतिभूति थी और 31 मार्च 2025 को 6.79 प्रतिशत जीएस 2034 बेंचमार्क प्रतिभूति थी।

V.1.1 निदेशकों का नामांकन/सेवानिवृत्ति

डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (ए) के तहत नियुक्त भारतीय रिज़र्व बैंक के उप गवर्नर, डॉ. एम.डी. पात्र, सेवानिवृत्ति के कारण 14 जनवरी 2025 से निगम के बोर्ड के अध्यक्ष नहीं रहे। परिणामस्वरूप, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक, श्री स्वामीनाथन जे को भारतीय रिज़र्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड समिति द्वारा 15 जनवरी 2025 से डीआईसीजीसी के निदेशक मंडल के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया।

श्री अर्णब कुमार चौधरी को भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (बी) के तहत 1 जुलाई 2024 से निगम के कार्यपालक निदेशक के रूप में नामित किया गया था। डॉ. तरुण अग्रवाल और श्री पार्थ रे, निदेशक राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान को भारत सरकार द्वारा डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 6 (1) (डी) और (ई) के तहत 10 जुलाई 2024 से निगम के बोर्ड में निदेशक के रूप में नामित किया गया है।

V.2 बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति

31 मार्च 2025 के अनुसार बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति निम्नानुसार है:

1. श्री शाजी के. वी.	अध्यक्ष
2. श्री पंकज शर्मा	भारत सरकार द्वारा नामिती निदेशक
3. डॉ. अर्णब कुमार चौधरी	निदेशक
4. डॉ. तरुण अग्रवाल	निदेशक

31 मार्च 2025 को समाप्त वर्ष के दौरान बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति की चार तिमाहियों की बैठकें आयोजित की गईं।

V.3 आंतरिक नियंत्रण

निगम ने तिमाही आवधिक समीक्षाओं के माध्यम से अपने राजस्व और व्यय पर नियंत्रण के लिए अपनी तीन निधियों, अर्थात् डीआईएफ, सीजीएफ और जीएफ के अंतर्गत नियंत्रण प्रणाली स्थापित की है। इन निधियों के अंतर्गत व्यय का वार्षिक बजट तैयार किया जाता है, जो विविध मानदंडों पर आधारित है जैसे बीमित बैंकों के दावों का भुगतान करने के लिए परिसमापन लागत, आईटी विक्रेता की प्रोजेक्ट अनुरक्षण लागत, विधिक व्यय, विज्ञापन व्यय और स्टाफ और स्थापना से संबंधित भुगतान। प्रत्येक लेखा वर्ष के पूर्व बजट को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया जाता है। तीनों निधियों के अंतर्गत होने वाली प्राप्तियाँ अर्थात् प्रीमियम प्राप्ति, वसूलियाँ और निवेश आय से संबंधी अनुमानों को भी बजट में सम्मिलित किया जाता है। प्रत्येक छमाही के अंत तक की स्थिति के आधार पर बजट किए गए व्यय और प्राप्तियों की तुलना में वास्तविक व्यय/ प्राप्ति की मध्यकालिक समीक्षा बोर्ड के समक्ष रखी जाती है।

V.3.1 समवर्ती लेखापरीक्षा

मैसर्स एम एस के ए एंड एसोसिएट्स को वर्ष 2024-25 के लिए निगम के समवर्ती लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया।

V.3.2 नियंत्रण और स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा

नियंत्रण और स्वमूल्यांकन लेखापरीक्षा (सीएसएए) के अंतर्गत एक प्रणाली प्रारंभ की है, जिसमें निगम के अधिकारी छमाही आधार पर ऐसे क्षेत्रों का जिनसे वे कार्यकारी तौर पर संबद्ध नहीं हैं, की लेखापरीक्षा करते हैं। सुधारात्मक कार्रवाइयों के लिए रिपोर्ट, यदि कोई हो, उनके द्वारा प्रस्तुत की जाती है।

V.3.3 जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा

डीआईसीजीसी की जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए) भारतीय रिज़र्व बैंक के निरीक्षण विभाग द्वारा 20 से 29 जनवरी 2025 तक आयोजित की गई थी। अनुपालन हेतु चिह्नित 75 पैरा में से अब तक 34 का अनुपालन किया जा चुका है तथा शेष 41 पैरा का अनुपालन प्रगति पर है।

V.4 प्रशिक्षण और कौशल विकास

निगम अपने कर्मचारियों को कौशल उन्नयन की दृष्टि से विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सम्मेलनों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं में नियुक्त करता है। ये कार्यक्रम भारतीय रिज़र्व बैंक के विभिन्न प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों, भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रतिष्ठित प्रशिक्षण संस्थानों, इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) और अन्य विदेशी जमा बीमा संस्थानों द्वारा आयोजित किए जाते हैं। 2024-25 के दौरान, 19 अधिकारियों (वित्त वर्ष 2023-24 में 25 अधिकारी) और 10 सहायकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों और बाहरी प्रशिक्षण संस्थानों में भाग लेने के लिए नामित किया गया, जिनमें ऑनलाइन मोड में 2 अधिकारी और 3 सहायक (वित्त वर्ष 2023-24 में 5 अधिकारी और 3 तृतीय श्रेणी स्टाफ) शामिल हैं। इसके अलावा, आईएडीआई द्वारा आयोजित

विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए 12 अधिकारियों (वित्त वर्ष 2023-24 में 15 अधिकारी) को नामित किया गया, जिनमें ऑनलाइन मोड में 3 अधिकारी (वित्त वर्ष 2023-24 में 4 अधिकारी) शामिल हैं।

V.5 स्टाफ संख्या

निगम में संपूर्ण स्टाफ भारतीय रिज़र्व बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है। 31 मार्च 2025 को निगम के कुल स्टाफ की संख्या 68 थी। 31 मार्च 2024 की तुलना में 31 मार्च 2025 तक कर्मचारियों की संख्या में कोई बदलाव नहीं हुआ है (तालिका 4)।

सारिणी 4 : 31 मार्च 2025 के अनुसार स्टाफ की श्रेणी-वार स्थिति

श्रेणी	संख्या	*जिसमें*		प्रतिशत	
		अजा	अजजा	अजा	अजजा
1	2	3	4	5	6
श्रेणी I	*40	8	3	20	7.50
श्रेणी III	24	2	2	8.33	8.33
श्रेणी IV	4	0	1	0	25
कुल	**68	10	6	14.71	8.82

अजा -अनसूचित जाति अजजा - अनुसूचित जनजाति

* कार्यपालक निदेशक शामिल नहीं

** इसमें आरबीआई के माध्यम से संविदा के आधार पर डीआईसीजीसी द्वारा लगाए गए 3 सलाहकार शामिल हैं।

V.6 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

एक सार्वजनिक प्राधिकरण के रूप में, निगम सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत जनता को जानकारी प्रदान करने के लिए बाध्य है। वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 78 आरटीआई अनुरोध (वित्त वर्ष 2023-24 में 55 आरटीआई) और तीन अपीलें (वित्त वर्ष 2023-24 में पांच अपीलें) प्राप्त हुईं और निगम द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर अपीलीय प्राधिकरण आदेश जारी किया गया। आरटीआई प्रश्न मुख्य रूप से जमाकर्ताओं की सुरक्षा में आरबीआई और डीआईसीजीसी की भूमिका, दावा निपटान पर जानकारी, जमा बीमा कवर को बढ़ाने के बारे में प्रश्न, विफल बैंकों और एआईडी के तहत बैंकों के बारे में जानकारी और वितरित राशि से संबंधित थे।

V.7 हिंदी का प्रयोग

राजभाषा कार्यान्वयन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में निगम ने हिंदी के प्रयोग पर तिमाही प्रगति रिपोर्ट तैयार की। निगम के दैनिक कामकाज में हिंदी के प्रयोग की निगरानी और उसे बढ़ावा देने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही आधार पर बैठक होती है। 31 मार्च 2025 की स्थिति के अनुसार हिंदी पत्राचार 98.68 प्रतिशत रहा, जबकि 31 मार्च 2024 तक यह 98.03 प्रतिशत था। निगम हर साल 'हिंदी पखवाड़ा' भी आयोजित करता है। 9 अक्टूबर 2024 को हिंदी दिवस मनाया गया।

V.8 निगम में शिकायत निवारण कक्ष

निगम ने जनता से प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए एक शिकायत निवारण कक्ष (सीआरसी) का गठन किया। 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 की अवधि के दौरान 36 सीपीग्राम्स शिकायतों (वित्त वर्ष 2023-24 में 52 सीपीग्राम्स शिकायतें) सहित कुल 1,417 शिकायतों (वित्त वर्ष 2023-24 में 1,410 शिकायतें) पर ध्यान दिया गया। शिकायतें मुख्य रूप से दावा निपटान, बीमा राशि न मिलने, संबंधित बैंक द्वारा दावा सम्मति फॉर्म को स्वीकार न करने, अधिकतम जमा बीमा कवरेज सीमा से अधिक राशि के लिए अनुरोध आदि से संबंधित थीं। शिकायतों का निपटान परिसमापक/ एआईडी बैंकों के नोडल अधिकारियों, आरबीआई के नियामक और पर्यवेक्षी विभागों के समन्वय से समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। शिकायतों से संबंधित विशिष्ट मुद्दों को निपटान के लिए शहरी सहकारी बैंकों पर कार्यबल (टीएएफसीयूबी) की उप-समिति के साथ भी उठाया जाता है।

V.9 अंतर्राष्ट्रीय संबंध

आईएडीआई बैठकें, सर्वे और अन्य मामले

निगम इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ डिपॉज़िट इंश्योरर्स (आईएडीआई) और इसकी विभिन्न समितियों का सदस्य है। आईएडीआई की स्थापना मार्गदर्शन और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देकर जमा बीमा प्रणालियों को बढ़ाने में योगदान देने के उद्देश्य से की गई थी। सदस्य के रूप में, निगम के अधिकारियों ने आईएडीआई द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में वक्ताओं और प्रतिभागियों के रूप में योगदान देते हुए सक्रिय रूप से भाग लिया। इन कार्यक्रमों में आठ व्यक्तिगत बैठकों (वित्त वर्ष 2023-24 में सात व्यक्तिगत बैठकें) के साथ-साथ कई वर्चुअल बैठकें, सम्मेलन और प्रशिक्षण सत्र शामिल थे, जिससे डीआईसीजीसी के अधिकारियों को जमा बीमा में उभरते वैश्विक रुझानों और चुनौतियों से अवगत रहने में मदद

मिली और साथ ही दुनिया भर के साथी जमा बीमाकर्ताओं के साथ निगम की विशेषज्ञता और अनुभव साझा करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया।

इन बैठकों के साथ-साथ अन्य सर्वेक्षणों और रिपोर्टों के लिए भी इनपुट उपलब्ध कराए गए। डीआईसीजीसी ने वित्तीय सहकारिता, संचार, उभरते रुझान, फिनटेक, प्रतिपूर्ति, रेज़ोल्यूशन, क्षमता निर्माण और मुख्य सिद्धांत समीक्षाओं से संबंधित आईएडीआई की विभिन्न समितियों और कार्य समूहों में अपने अधिकारियों को नामित करके अपने अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और ज्ञान साझाकरण को और मजबूत किया है।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

निगम ने 12-14 अगस्त 2024 को जयपुर में आईएडीआई-एपीआरसी अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन और मेज़बानी की, जिसका विषय था "विकसित होते वित्तीय परिदृश्य को समझना: जमा बीमाकर्ताओं के लिए उभरती चुनौतियाँ और संकट की तैयारी का महत्व।" इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य उभरते वित्तीय परिदृश्य और जलवायु-संबंधी वित्तीय जोखिमों के संदर्भ में जमा बीमा और वित्तीय सुरक्षा कवच ढांचे के लिए चुनौतियों, निहितार्थों और दृष्टिकोण तथा संकट की तैयारी और प्रबंधन नीति के व्यापक महत्व पर विचार-विमर्श करना था। इस कार्यक्रम में भारतीय रिज़र्व बैंक के शीर्ष प्रबंधन/वरिष्ठ अधिकारी, आईएडीआई के अध्यक्ष, महासचिव, केंद्रीय बैंकों, जमा बीमाकर्ताओं, वित्त मंत्रालय (डीएफएस), भारत सरकार और सहकारी बैंकों सहित अन्य बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान आईएडीआई की एशिया प्रशांत क्षेत्रीय समिति के संयुक्त कार्यबल की बैठक भी आयोजित की गई तथा निगम के अधिकारियों और फिलीपीन डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन के अधिकारियों के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई।

डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ जापान द्वारा दौरा

डिपॉज़िट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ जापान (डीआईसीजे) के वरिष्ठ अधिकारियों ने 16 अगस्त 2024 को एक संरचित द्विपक्षीय बैठक के लिए कॉरपोरेशन का दौरा किया। इस सहभागिता का प्राथमिक उद्देश्य दोनों संगठनों के परिचालन ढांचे, शासन संरचनाओं और कार्यनीतिक पहलों में अनुभवों, सर्वोत्तम प्रथाओं और अंतर्दृष्टि के व्यापक आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना था।

V.10 लेखापरीक्षक

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम अधिनियम, 1961 की धारा 29(1) के अनुसार, मैसर्स जैन चौधरी एंड कंपनी, सनदी लेखाकार (चार्टर्ड अकाउंटेंट), को वर्ष 2024-25 के लिए निगम के सांविधिक लेखापरीक्षक के रूप में पुनः नियुक्त किया गया।

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम

मुंबई
15 मई 2025

(स्वामीनाथन जे)
अध्यक्ष

परिशिष्ट सारिणी 1: निक्षेप बीमा योजना में शामिल बैंक– स्थापना के बाद से प्रगति

वर्ष/अवधि	अवधि के प्रारंभ में	अवधि के दौरान पंजीकृत	वर्ष/अवधि के दौरान ऐसे विपंजीकृत बैंक, जहाँ निगम की देयता			अवधि के अंत में (2+3-6)
			विद्यमान	विद्यमान नहीं	कुल (4+5)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
31-03-2025	1,997	2	8	9	17	1,982
31-03-2024	2,026	1	24	6	30	1,997
31-03-2023	2,040	0	9	5	14	2,026
31-03-2022	2,058	3	11	10	21	2,040
31-03-2021	2,067	2	6	5	11	2,058
31-03-2020	2,098	6	0	37	37	2,067
31-03-2019	2,109	8	4	15	19	2,098
31-03-2018	2,125	8	7	17	24	2,109
31-03-2017	2,127	13	5	10	15	2,125
31-03-2016	2,129	6	3	5	8	2,127
31-03-2015	2,145	5	14	7	21	2,129
31-03-2014	2,167	7	16	13	29	2,145
31-03-2013	2,199	12	12	32	44	2,167
31-03-2012	2,217	7	11	14	25	2,199
31-03-2011	2,249	3	22	13	35	2,217
31-03-2010	2,307	10	26	42	68	2,249
31-03-2009	2,356	13	33	29	62	2,307
31-03-2008	2,392	10	18	28	46	2,356
31-03-2007	2,531	46	24	161	185	2,392
31-03-2006	2,547	3	17	2	19	2,531
31-03-2005	2,595	3	47	4	51	2,547
31-03-2004	2,629	9	39	4	43	2,595
31-03-2003	2,715	10	29	7	36	*2,629
31-03-2002	2,728	15	18	10	28	2,715
31-03-2001	2,676	62	9	1	10	2,728
31-03-2000	2,583	103	8	2	10	2,676
31-03-1999	2,438	149	4	0	4	2,583
31-03-1998	2,296	145	1	2	3	2,438
31-03-1997	2,122	176	1	1	2	2,296
31-03-1996	2,025	99	1	1	2	2,122
31-03-1995	1,990	36	0	1	1	2,025
31-03-1994	1,931	63	1	3	4	1,990
31-03-1993	1,931	3	2	1	3	1,931
31-03-1992	1,922	14	2	3	5	1,931

परिशिष्ट सारिणी 1: *(जारी)*

वर्ष/अवधि	अवधि के प्रारंभ में	अवधि के दौरान पंजीकृत	वर्ष/अवधि के दौरान ऐसे विपंजीकृत बैंक, जहाँ निगम की देयता			अवधि के अंत में (2+3-6)
			विद्यमान	विद्यमान नहीं	कुल (4+5)	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
31-03-1991	1,921	8	5	2	7	1,922
31-03-1990	1,903	19	1	0	1	1,921
31-03-1989	1,898	14	2	7	9	1,903
31-12-1987	1,859	42	3	0	3	1,898
31-12-1986	1,837	27	2	3	5	1,859
31-12-1985	1,805	41	5	4	9	1,837
31-12-1984	1,736	71	1	1	2	1,805
31-12-1983	1,683	55	0	2	2	1,736
31-12-1982	1,647	44	1	7	8	1,683
31-12-1981	1,582	69	1	3	4	1,647
31-12-1980	1,392	191	0	1	1	1,582
31-12-1979	1,021	375	0	4	4	1,392
31-12-1978	975	51	4	1	5	1,021
31-12-1977	757	223	2	3	5	975
31-12-1976	611	155	3	6	9	757
31-12-1975	526	88	0	3	3	611
31-12-1974	492	37	0	3	3	526
31-12-1973	476	18	0	2	2	492
31-12-1972	465	16	0	5	5	476
31-12-1971	83	385	0	3	3	465
31-12-1970	85	0	1	1	2	83
31-12-1969	88	0	2	1	3	85
31-12-1968	91	0	0	3	3	88
31-12-1967	100	0	0	9	9	91
31-12-1966	109	1	2	8	10	100
31-12-1965	157	0	0	48	48	109
31-12-1964	250	1	6	88	94	157
31-12-1963	276	0	1	25	26	250
31-12-1962	287	0	2	9	11	276

* पिछले वर्षों में 60 बैंक विपंजीकृत किए गए परंतु उन्हें संबंधित वर्षों में नहीं गिना गया।

परिशिष्ट सारिणी 2-ए: बीमाकृत बैंक - बैंक समूहवार

वर्ष	बीमाकृत बैंकों की संख्या				
	वाणिज्यिक बैंक	आरआरबी	एलएबी	सहकारी बैंक	कुल
31-03-2025	94	43	2	1,843	1,982
31-03-2024	95	43	2	1,857	1,997
31-03-2023	94	43	2	1,887	2,026
31-03-2022	96	43	2	1,899	2,040
31-03-2021	94	43	2	1,919	2,058

आरआरबी: क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक एलएबी: स्थानीय क्षेत्रों के बैंक

परिशिष्ट सारिणी 2-बी: बीमाकृत सहकारी बैंक - राज्यवार
(मार्च 2025 के अंत की स्थिति के अनुसार)

क्रम सं.	राज्य / संघशासित क्षेत्र	शीर्ष	केंद्रीय	प्राथमिक	कुल
1.	आंध्र प्रदेश	1	22	44	67
2.	असम	1	-	7	8
3.	अरुणाचल प्रदेश	1	-	-	1
4.	बिहार	1	23	3	27
5.	छत्तीसगढ़	1	6	12	19
6.	गोवा	1	-	3	4
7.	गुजरात	1	18	210	229
8.	हरियाणा	1	19	7	27
9.	हिमाचल प्रदेश	1	2	5	8
10.	झारखंड	1	1	1	3
11.	कर्नाटक	1	21	250	272
12.	केरल	1	1	58	60
13.	मध्य प्रदेश	1	38	47	86
14.	महाराष्ट्र	1	31	459	491
15.	मणिपुर	1	-	3	4
16.	मेघालय	1	-	3	4
17.	मिजोरम	1	-	1	2
18.	नागालैंड	1	-	-	1
19.	उड़ीसा	1	17	9	27
20.	पंजाब	1	20	4	25
21.	राजस्थान	1	29	34	64
22.	सिक्किम	1	-	1	2
23.	तमिलनाडु	1	24	127	152
24.	तेलंगाना	1	-	48	49
25.	त्रिपुरा	1	-	1	2
26.	उत्तर प्रदेश	1	50	54	105
27.	उत्तराखंड	1	10	5	16
28.	पश्चिम बंगाल	1	17	42	60
सभी राज्य		**28**	**349**	**1,438**	**1,815**
	संघशासित क्षेत्र				
1.	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	1	-	-	1
2.	चंडीगढ़	1	-	-	1
3.	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	1	-	-	1
4.	दिल्ली (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र)	1	-	14	15
5.	जम्मू और कश्मीर	1	3	4	8
6.	लद्दाख	-	-	-	-
7.	लक्षद्वीप	-	-	-	-
8.	पुडुचेरी	1	-	1	2
सभी संघशासित क्षेत्र		**6**	**3**	**19**	**8**
अखिल भारत		**34**	**352**	**1,457**	**1,843**

परिशिष्ट सारिणी 3: वर्ष 2024-25 के दौरान पंजीकृत / विपंजीकृत बैंक

क. पंजीकृत (2)

बैंक प्रकार	श्रेणी/राज्य	क्रम सं.	बैंक का नाम
वाणिज्यिक बैंक (1)	विदेशी बैंक (1)	1	यूबीएस एजी
सहकारी बैंक (1)	राज्य सहकारी बैंक (1)	1	दमन और दीव राज्य सहकारी बैंक

ख. विपंजीकृत (17)

बैंक प्रकार	राज्य/श्रेणी	क्रम सं.	बैंक का नाम
वाणिज्यिक बैंक (2)	कर्नाटक (1)	1	फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (विलयित)
	महाराष्ट्र (1)	2	क्रेडिट सुइस एजी (विलयित)
सहकारी बैंक (15)	आंध्र प्रदेश (2)	1	उरावकोंडा कोऑपरेटिव टाउन बैंक लिमिटेड
		2	दुर्गा को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड
	असम (1)	3	महाभैरब को-ऑप अर्बन बैंक लिमिटेड
	बिहार (1)	4	द वैशाली शहरी विकास को-ऑप बैंक लिमिटेड
	गोवा (1)	5	सिटीजन को-ऑप. बैंक लिमिटेड (विलयित)
	कर्नाटक (1)	6	नैशनल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बैंगलोर (विलयित)
	महाराष्ट्र (5)	7	सिटी को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
		8	राजापुर सहकारी बैंक लिमिटेड (विलयित)
		9	अंजनगांव सुर्जी नागरी सहकारी बैंक लिमिटेड (विलयित)
		10	पुणे कमर्शियल को-ऑप बैंक लिमिटेड (विलयित)
		11	जवाहर सहकारी बैंक लिमिटेड (विलयित)
	तमिलनाडु (1)	12	कुड्डालोर और विल्लुपुरम डी.सी. को-ऑप. बैंक
	तेलंगाना (1)	13	यादगिरी लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी को-ऑपरेटिव अर्बन बैंक लिमिटेड (विलयित)
	उत्तर प्रदेश (2)	14	पूर्वांचल कोऑपरेटिव बैंक
		15	बनारस मर्केंटाइल कोऑपरेटिव बैंक

परिशिष्ट सारिणी 4: जमाराशि की सुरक्षा की सीमा : स्थापना के बाद से

दिनांक की स्थिति	पूर्णतः संरक्षित खाते (लाख में)*	कुल खाते (लाख में)	कुल खातों की तुलना में पूर्णत: संरक्षित खाते (%)	बीमित जमाराशियाँ* (₹ करोड़ में)	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ करोड़ में)	निर्धारणीय जमाराशियों की तुलना में बीमाकृत जमाराशि (%)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
(पी) 31-03-2025	28,650	29,366	97.6	1,00,04,919	2,40,95,727	41.5
30-09-2024	28,690	29,370	97.7	96,74,623	2,27,26,914	42.6
31-03-2024	28,331	28,975	97.8	94,12,705	2,18,52,160	43.1
30-09-2023	28,179	28,794	97.9	90,32,340	2,04,18,707	44.2
31-03-2023	27,050	27,630	97.9	86,31,259	1,94,58,915	44.4
30-09-2022	26,746	27,311	97.9	83,89,470	1,81,14,550	46.3
30-09-2021	25,667	26,219	97.9	81,10,431	1,65,49,630	49.0
30-09-2020	24,780	25,260	98.1	76,21,251	1,49,67,770	50.9
30-09-2019	21,610	23,500	92.0	36,96,100	1,34,88,910	27.4
30-09-2018	20,000	21,740	92.0	33,70,000	1,20,05,100	28.1
30-09-2017	17,750	19,410	91.4	32,75,300	1,12,02,000	29.2
30-09-2016	17,370	18,850	92.1	30,50,900	1,03,53,100	29.5
30-09-2015	15,530	16,810	92.4	28,26,400	94,05,300	30.1
30-09-2014	13,450	14,560	92.4	26,06,794	84,75,154	30.8
30-09-2013	12,670	13,700	92.5	23,79,152	76,16,640	31.2
30-09-2012	13,930	14,820	94.0	21,58,365	66,21,060	32.6
30-09-2011	9,960	10,730	92.8	19,04,300	57,67,400	33.0
30-09-2010	9,769	10,516	92.9	17,35,800	49,52,427	35.0
30-09-2009	12,669	14,239	89.0	16,82,397	45,87,967	36.7
30-09-2008	12,040	13,489	89.3	19,08,951	33,98,565	56.2
30-09-2007	9,617	10,389	92.6	18,05,081	29,84,800	60.5
30-09-2006	6,829	7,169	95.3	13,72,597	23,44,351	58.5
30-09-2005	5,055	5,374	94.1	10,52,988	17,90,919	58.8
30-09-2004	6,195	6,495	95.4	9,91,365	16,19,815	61.2
27-06-2003	5,189	5,440	95.4	8,70,940	13,18,268	66.1
28-06-2002	5,782	6,002	96.3	8,28,885	12,13,163	68.3
29-06-2001	4,645	4,817	96.4	6,74,051	9,68,752	69.6
30-06-2000	4,324	4,462	96.9	5,72,434	8,06,260	71.0
25-06-1999	4,302	4,417	97.4	4,98,558	7,04,068	70.8
26-06-1998	4,544	4,642	97.9	4,39,609	6,09,962	72.1
27-06-1997	3,713	4,109	90.4	3,70,531	4,92,380	75.3
28-06-1996	4,273	4,351	98.2	3,37,671	4,50,674	74.9
30-06-1995	4,819	4,868	99.0	2,95,575	3,92,072	75.4
24-06-1994	4,956	4,993	99.3	2,66,747	3,64,058	73.3
25-06-1993	3,497	3,529	99.1	1,68,405	2,49,034	67.6
26-06-1992	3,395	3,543	95.8	1,64,527	2,44,375	67.3

परिशिष्ट सारिणी 4: *(जारी)*

दिनांक की स्थिति	पूर्णतः संरक्षित खाते (लाख में)*	कुल खाते (लाख में)	कुल खातों की तुलना में पूर्णतः संरक्षित खाते (%)	बीमित जमाराशियाँ* (₹ करोड़ में)	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ करोड़ में)	निर्धारणीय जमाराशियों की तुलना में बीमाकृत जमाराशि (%)
28-06-1991	3,169	3,287	96.4	1,27,925	1,86,307	68.7
29-06-1990	2,983	3,089	96.6	1,09,316	1,56,892	69.7
30-06-1989	3,059	3,142	97.4	1,01,682	1,40,746	72.2
24-06-1988	2,705	2,781	97.3	90,192	1,26,864	71.1
26-06-1987	2,518	2,569	98.0	75,511	1,03,044	73.3
27-06-1986	2,320	2,360	98.3	62,878	86,214	72.9
28-06-1985	2,145	2,238	95.8	56,211	76,517	73.5
29-06-1984	2,001	2,026	98.8	46,340	61,880	74.9
24-06-1983	1,785	1,816	98.3	37,746	50,797	74.3
25-06-1982	1,581	1,598	98.9	31,774	42,360	75.0
26-06-1981	1,365	1,377	99.1	25,859	35,004	73.9
01-07-1980	1,274	1,285	99.1	24,234	32,570	74.4
29-06-1979	1,067	1,085	98.3	18,582	26,743	69.5
22-09-1978	915	931	98.3	15,369	21,659	71.0
23-09-1977	840	855	98.2	14,155	19,892	71.2
24-09-1976	718	730	98.4	11,827	16,588	71.3
26-09-1975	576	603	95.5	8,832	13,494	65.5
27-09-1974	457	476	96.0	6,801	10,624	64.0
28-09-1973	399	415	96.1	5,852	9,152	63.9
22-09-1972	328	340	96.5	4,655	7,458	62.4
24-09-1971	299	310	96.5	4,224	6,801	62.1
25-09-1970	230	240	95.8	3,411	5,448	62.6
26-09-1969	186	205	90.7	2,374	4,670	50.8
27-09-1968	160	175	91.4	2,023	4,012	50.4
22-09-1967	119	155	76.8	943	3,603	26.2
23-09-1966	103	136	75.7	824	3,236	25.5
24-09-1965	89	116	76.7	691	2,744	25.2
25-09-1964	76	98	77.6	574	2,437	23.6
27-09-1963	66	86	76.7	500	2,107	23.7
28-09-1962	60	77	77.9	448	1,895	23.6
29-12-1961	55	71	77.5	392	1,694	23.1

* खातों की संख्या, जिनमें शेषराशियाँ 1 जनवरी 1962 के बाद से ₹1,500, 1 जनवरी 1968 के बाद से ₹5,000, 1 अप्रैल 1970 के बाद से ₹10,000, 1 जनवरी 1976 के बाद से ₹20,000, 1 जुलाई 1980 के बाद से ₹ 30,000, 1 मई 1993 के बाद से ₹1,00,000 और 4 फरवरी 2020 के बाद से ₹5 से अधिक नहीं थीं।

टिप्पणी: 1. 2009-10 से प्रदर्शित आँकड़े नए फार्मेट के अनुसार हैं।

परिशिष्ट सारिणी 5: बैंक समूह-वार बीमाकृत जमाराशियाँ *(जारी)*
(वित्तीय वर्ष 2024-25)

बैंक समूह	बीमाकृत बैंकों की संख्या	बीमाकृत जमाराशियाँ (₹ करोड़ में)	निर्धारणीय जमाराशियाँ (₹ करोड़ में)	निर्धारणीय जमाराशियों की तुलना में बीमाकृत जमाराशि (%)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
31 मार्च 2025 के अनुसार (पी)				
I. वाणिज्यिक बैंक (i से vii)	**139**	**92,32,113**	**2,28,46,847**	**40.4**
i) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	12	59,53,830	1,26,11,152	47.2
ii) निजी क्षेत्र के बैंक	21	25,70,617	81,89,779	31.4
iii) विदेशी बैंक	44	52,084	10,91,743	4.8
iv) लघु वित्त बैंक	11	1,07,719	2,70,601	39.8
v) भुगतान बैंक	6	26,142	26,294	99.4
vi) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	43	5,20,703	6,55,870	79.4
vii) स्थानीय क्षेत्र के बैंक	2	1,018	1,409	72.3
II. सहकारी बैंक (i से iii)	**1,843**	**7,72,806**	**12,48,879**	**61.9**
i) शहरी सहकारी बैंक	1,457	3,80,261	5,84,539	65.1
ii) राज्य सहकारी बैंक	34	66,285	1,57,076	42.2
iii) जिला केंद्रीय सहकारी बैंक	352	3,26,260	5,07,264	64.3
कुल (I+II)	**1,982**	**1,00,04,919**	**2,40,95,727**	**41.5**
30 सितंबर 2024 के अनुसार				
I. वाणिज्यिक बैंक (i से vii)	**139**	**89,34,151**	**2,15,53,399**	**41.5**
i) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	12	57,93,657	1,19,84,450	48.3
ii) निजी क्षेत्र के बैंक	21	24,76,339	75,95,372	32.6
iii) विदेशी बैंक	44	49,158	10,86,877	4.5
iv) लघु वित्त बैंक	11	98,498	2,41,745	40.7
v) भुगतान बैंक	6	18,375	18,470	99.5
vi) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक	43	4,97,161	6,25,151	79.5
vii) स्थानीय क्षेत्र के बैंक	2	962	1,334	72.1
II. सहकारी बैंक (i से iii)	**1,850**	**7,40,472**	**11,73,515**	**63.1**
i) शहरी सहकारी बैंक	1,465	3,73,715	5,56,862	67.1
ii) राज्य सहकारी बैंक	33	63,262	1,47,586	42.9
iii) जिला केंद्रीय सहकारी बैंक	352	3,03,496	4,69,067	64.7
कुल (I+II)	**1,989**	**96,74,623**	**2,27,26,914**	**42.6**

